CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 12°C

मेरठ, शनिवार 22 नवम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 172 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 30 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बनेः योगी पेज 2



पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित खेल टाइम्स



बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम सम्पादकीय



बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, छह की मौत, 200 घायल पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाने का फैसला किया, ताकि श्रमिकों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने चार श्रम संहिताएं - वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, 2020, 21 नवम्बर-2025 से प्रभावी हो गई। इसके प्रभावी होने से 29 मौजूदा श्रम कानूनों में बदलाव होगा, जिससे श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता-पूर्व और स्वतंत्रता के तुरंत बाद के हैं जबकि उस समय अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया मौलिक रूप से अलग थी।

### राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई

**वाराणसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भगवान श्रीराम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में दायर पुनरीक्षण याचिका पर शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने बताया कि यह याचिका पहले जिला जज ने विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) की अदालत में स्थानांतरित कर दी थी। सोमवार को अदालत द्वारा राहुल गांधी के दिल्ली स्थित पते पर सम्मन जारी किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय हज सम्मेलन मुंबई में आज

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने शनिवार को मुंबई में राष्ट्रीय हज सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें हज-2026 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय हज सम्मेलन की अध्यक्षता मंत्रालय के सचिव डा. चंद्रशेखर कुमार करेंगे और इसमें सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की हज समितियों के कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। भारत हर साल एक लाख 75 हजार से जयादा हज यात्रियों को भेजता है और सरकार सभी भारतीय हज यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुचारू और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। टिकट वितरण में महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में केवल आठ प्रतिशत भागीदारी मिलने से नाराज सुश्री फातिमा ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि राजनीति करने के कई पैमाने हैं लेकिन अपने 25 वर्ष के राजनीतिक सफर में, मैंने केवल नैतिकता और निडरता को अपना पैमाना बनाया है।

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 506 पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- दिल्ली सरकार ने सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगाई ,
- एमपी के 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। दुनियाभर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'एक्यूआई एयर' की लाइव रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दर्ज किया गया।

दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवम्बर-दिसम्बर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगा दी है। इससे पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों। इधर मध्य प्रदेश में बीते 15 दिन से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर समेत 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़ में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में घना कोहरा छाया रहा। इंदौर, भोपाल, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में शुक्रवार को शीतलहर का अलर्ट है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। मैदानी इलाकों में सुबह के समय कोहरा छा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। फिर बर्फबारी का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी ने मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। जबलपुर के भेड़ाघाट में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं का प्रभाव राजस्थान में अब थोड़ा कम हो रहा है। इसके चलते सीकर, चूरू, झुंझुनूं, माउंट आबू समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। हिल स्टेशन माउंट आबू में गुरुवार को तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश में नवम्बर माह में अब तक सामान्य से 89 प्रतिशत कम बारिश हुई है।



### तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**नई दिल्ली।** दुबई में प्रतिष्ठित एयर शो के दौरान शुक्रवार को भारतीय वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त हो गया और दुर्भाग्य से इसमें पायलट की मौत हो गई। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने यहां बताया कि दुबई एयर शो के दौरान वायुसेना का एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में विमान के पायलट की मौत हो गई। वायुसेना को पायलट की मृत्यु पर खेद है और वह दुख की इस घड़ी में पूरी तरह शोक संतप्त परिवार के साथ है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया जा रहा है।

## दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा खुलासा

# हमास जैसे हमलों की साजिश रच रहा था जैश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई
- कश्मीरी अस्पतालों में हथियारों का ठिकाना बनाने की तैयारी थी, पाकिस्तान से भेजे गए बम बनाने के 40 वीडियो

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को हथियारों का ठिकाना बनाने की कोशिश कर रहा था। यह तरीका हमास की रणनीति से मिलता-जुलता है, जो नागरिक इलाकों और अस्पतालों को हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करता है।

ऐसा माना जा रहा है कि इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए शुक्रवार को भी गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के कई सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई। यह तलाशी अभियान बुधवार से ही जारी है। आतंकी 1990 में अस्पतालों का हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। जिसके बाद आर्मी और पुलिस ने इसे पूरा क्लीन किया था। अब फिर अस्पतालों को ठिकाना बनाया जा रहा था। जांच एजेंसियां अब यह पता लगा रही हैं कि इस मॉड्यूल ने कितने अस्पतालों को ठिकाना बनाने की कोशिश की और हथियारों की सप्लाई चेन कहां तक फैली हुई थी। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही एनआईए और स्थानीय पुलिस इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने में लगी है। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद और ब्लास्ट में मारा जा चुका आतंकी डा. उमर नबी टेरर मॉड्यूल की अहम कड़ी थे। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान से जैश के हैंडलर हंजुल्ला ने दिल्ली धमाके के आरोपी डा. मुजम्मिल शकील गनई को बम बनाने के 40 वीडियो भेजे थे। दोनों को जम्मू के शोपियां का रहने वाले मौलवी इरफान अहमद ने मिलवाया था। इसके बाद व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल तैयार किया था और कई डाक्टर्स को इससे जोड़ा गया। दिल्ली धमाका भी इसी मॉड्यूल का हिस्सा था। जांच में यह भी सामने आया है कि हंजुल्ला जैश हैंडलर का कोर्ड नेम हो सकता है। 18 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के नौगाम में लगे जैश पोस्टरों में भी कमांडर हंजुल्ला भैया का नाम था। इसी से जांच एजेंसियों को शक हुआ। एनआई ने फरीदाबाद के धौज गांव में रह रहे एक टैक्सी ड्राइवर के घर से आटा चक्की और कुछ इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद कीं। इसमें मेटल पिघलाने की मशीन भी है। जांच एजेंसी को जुड़े सूत्रों ने बताया कि इसी आटा चक्की में डा. मुजम्मिल यूरिया पीसता था, फिर मशीन से उसे रिफाइन करता था।

### आतंकी डाक्टर के ठिकाने से बरामद हुए चौंकाने वाले सबूत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लालकिले के पास हुए कार धमाके की जांच कर रही एजेंसियों को अब बड़ा ब्रेकथ्रू हासिल हुआ है। हरियाणा के फरीदाबाद में मुजम्मिल शकील गनी के ठिकाने से ऐसे सुराग मिले हैं, जो बताते हैं कि यहां एक संगठित व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल लंबे समय से सक्रिय था।

इस मॉड्यूल में सामान्य घरों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को विस्फोटक तैयार करने के लिए बदला जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला मुजम्मिल शकील गनी फरीदाबाद में रहने के दौरान एक आटा चक्की को केमिकल वर्कशॉप की तरह चला रहा था। वह दिल्ली ब्लास्ट केस में सह-आरोपी भी है। पुलिस ने यह चक्की और उससे जुड़ा इलेक्ट्रिकल सेटअप एक टैक्सी ड्राइवर के घर से बरामद किया, जहां मुजम्मिल किराये पर रहता था। आमतौर पर चक्की का इस्तेमाल अनाज पीसने के लिए होता है, लेकिन इसमें लगे स्टील रोलर और ब्लेड किसी भी सॉलिड मटेरियल को महीन पाउडर में बदल सकते हैं। जांच में सामने आया कि मुजम्मिल इसी मशीन से यूरिया -शेष पृष्ठ दो पर



# 2020 के दिल्ली दंगों में टेरर फंडिंग हुई थी: दिल्ली पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट में कहा: दंगे से पहले कई मीटिंग हुईं, पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की थी साजिश
- कोर्ट बोला- दिल्ली पुलिस दस्तावेज और रिकॉर्ड पेश करे, अब मामले की सुनवाई सोमवार को होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 2020 के दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दावा किया कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया।

एएसजी राजू के मुताबिक, ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, मीरन हैदर, इशरत जहां और खालिद सैफी ने दंगों के लिए बड़ी रकम जुटाई। दंगे से पहले कई मीटिंग की गईं। इनमें हिंसा बढ़ाने, चक्का जाम करने और जरूरी सेवाएं रोकने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि बैठकों में पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की भी साजिश रची गई थी। सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट में एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें भीड़ हाथों में डंडे लेकर चलते दिखाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अब अगली सुनवाई सोमवार दोपहर बाद के लिए तय की है। दिल्ली पुलिस ने कहा किचक्का जाम का मकसद सिर्फ सड़क रोकना नहीं था, बल्कि जरूरी सेवाएं रोककर दिल्ली को ठप करना था। 13 और 15 दिसम्बर 2019 की घटनाओं में 45 पुलिसकर्मी, 100 से ज्यादा नागरिक घायल हुए और कई बसें और सरकारी संपत्तियां जलाई गईं। ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, इशरत जहां, खालिद सैफी और मीरन हैदर ने दंगों के लिए कुल करोड़ों की फंडिंग की। ताहिर हुसैन ने 1.30 करोड़ रुपये, शिफा-उर-- शेष पृष्ठ दो पर

### एक-एक घुसपैठिए को चुन- चुन कर बाहर निकालेंगे: शाह

**भुज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 61वें स्थापना दिवस (रेजिंग डे) समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनके योगदान की तारीफ की। साथ ही नागरिकों को 12 राज्यों में मतदाता सूची में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी संदेश दिया।

# एसआईआर के खिलाफ याचिका, ईसी जवाब तलब

- सुप्रीम कोर्ट में केरल सरकार ने प्रक्रिया रोकने की मांग की, तमिलनाडु और बंगाल भी अर्जी लगा चुके

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग (ईसी) से जवाब मांगा है। केरल और अन्य की याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवम्बर तय की है।

केरल में दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के एसआईआर को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। जब संवैधानिक चुनाव चल रहे हों, तो बेकार में जल्दबाजी करके सत्यापन की गुणवत्ता को कम करना, मताधिकार के लोकतांत्रिक अधिकार के खिलाफ है। दरअसल केरल में लोकल बॉडी इलेक्शन 21 दिसम्बर तक पूरे किए जाने हैं। राज्य सरकार का कहना है कि इस लेवल पर एसआईआर को पूरा करने की कोई जरूरत नहीं, खासकर तब जब विधानसभा चुनाव मई 2026 तक होने हैं।

### गुजरात में बीएलओ ने किया सुसाइड, एक की हार्ट अटैक से मौत

**अहमदाबाद।** गिर सोमनाथ जिले के कोडिनार तालुका के छारा गांव में कार्यरत शिक्षक और बीएलओ अरविंद मूलजी वढेर ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने अपने पैतृक गांव देवली में तनाव और काम के दबाव के कारण यह कदम उठाया। अरविंद ने मरने से पहले अपनी पत्नी के नाम सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने बताया है कि काम के दबाव से थक गया है। वहीं, खेड़ा जिले में बीएलओ के तौर पर काम कर रहे एक स्कूल टीचर की हार्टअटैक से मौत हो गई। परिवार ने मौत का कारण वोटर रोल के चल रहे एसआईआर से जुड़े बहुत ज्यादा काम का दबाव बताया है। बीएलओ रमेशभाई परमार के भाई नरेंद्र परमार ने बताया कि सोते समय उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

# मेक्सिको की फातिमा बोश बनीं मिस यूनिवर्स

- बेवकूफ कहे जाने पर सेरेमनी छोड़ी थी, भारत की मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 तक ही पहुंच सकीं

**नई दिल्ली।** मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज ने मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब हासिल कर लिया है। फातिमा बोश 25 साल की हैं। भारत की तरफ से गईं मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 में पहुंचीं, लेकिन टॉप-12 में जगह नहीं बना सकीं।

4 राउंड के बाद टॉप-5 में थाइलैंड की प्रवीनार सिंह, फिलीपींस की आतिसा मनालो, वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली, मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे ने जगह बनाई थी। इसके बाद मेक्सिको की फातिमा बोश को विनर घोषित किया गया। फातिमा बोश को मिस यूनिवर्स 2024 विक्टोरिया थेलविंग ने क्राउन पहनाया। मिस यूनिवर्स 2025 में थाइलैंड की कंटेस्टेंट प्रवीनार सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली तीसरे नंबर पर रहीं। फिलीपींस की आतिसा मनालो चौथे और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे पांचवें स्थान पर रहीं। मिस यूनिवर्स की फर्स्ट रनर-अप थाइलैंड की प्रवीनार सिंह बनीं। वे भारतीय मूल की हैं। सेकेंड रनर-अप वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली रहीं। बचपन में डिस्लेक्सिया की वजह से स्कूल में बुली होती थीं। एक इंटरव्यू में फातिमा बोश फर्नांडीज ने बताया कि उनका बचपन बहुत मुश्किल में गुजरा। वह बचपन में डिस्लेक्सिया और एडीएचडी से जूझ रही थीं, जिसकी वजह से उन्हें पढ़ने-लिखने में परेशानी होती थी। उन्हें पढ़ाई के लिए स्पेशल अटेंशन की जरूरत थी, लेकिन उन्हें स्कूल में बुलिंग का सामना करना पड़ा। टॉप-5 कंटेस्टेंट्स के बीच क्वेश्चन-आंसर राउंड हुआ। इसमें मेक्सिको की फातिमा बोश से पूछा गया कि आपके नजरिए से साल 2025 में एक महिला होने की क्या चुनौतियां हैं और दुनियाभर की महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए आप मिस यूनिवर्स के खिताब का उपयोग कैसे करेंगी? जवाब में फातिमा बोश ने कहा एक महिला और मिस यूनिवर्स के रूप में, मैं अपनी आवाज और अपनी शक्ति को दूसरों की सेवा में लगाऊंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### नोटिसों पर आसान सत्यापन के लिए होगा क्यूआर कोड

**नई दिल्ली।** गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा जारी नोटिसों पर अब क्यूआर कोड का प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से आसानी से इनका सत्यापन किया जा सकेगा। कंपनीज एक्ट 2013 के तहत गठित एसएफआईओ इस कानून की धारा 212 के तहत सौंपे गए गंभीर और बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच करता है और उन पर केस चलाता है। जांच के दौरान नियमों के मुताबिक समन/नोटिस भी जारी किया जाता है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि एसएफआईओ ने समन/नोटिस के गलत इस्तेमाल या नकल को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया के स्तर पर सुरक्षात्मक उपाय किए हैं। एसएफआईओ द्वारा जारी किए गए समन/नोटिस डिजिटली जेनरेट होते हैं और उनमें एक क्यूआर कोड और एक विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (डीआईएन) होता है।

### पंचायत व विस चुनावों के लिए रालोद की तैयारियां तेज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल आगामी पंचायत चुनावों और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने और जनाधार को विस्तारित करने के व्यापक अभियान में जुट गया है। पार्टी का लक्ष्य उप्र के हर जिले, तहसील और ग्राम पंचायत तक अपनी सक्रिय राजनीतिक उपस्थिति सुनिश्चित करना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने शुक्रवार को बताया कि रालोद अब पश्चिमी उप्र तक सीमित पार्टी नहीं रह गई, बल्कि पूरे प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों का तेजी से विस्तार कर रही है।

# आदिवासियों के साथ भाजपा कर रही अन्याय: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आदिवासियों के साथ व्यवस्थित तरीके से न्याय नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर उन्हें सोच समझकर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा है।

आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार जानबूझकर आदिवासी युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश सिविल जज परीक्षा 2022 के ताजा परिणाम का हवाला दिया और कहा कि इस परीक्षा में किसी भी आदिवासी बच्चे को सफल घोषित नहीं किया गया है। इस परीक्षा के परिणाम वापस लेने की मांग करते हुए उन्होंने मप्र सिविल जज परीक्षा 2022 की जांच करने की भी मांग की।



**आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा: डा. भूरिया**

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के हक मार रही है और जानबूझकर उनकी युवा पीढ़ी को नकारा नकारा घोषित कर उनके लिए सरकारी नौकरी के अवसर खत्म किए जा रहे हैं। डा. भूरिया ने कहा कि सिविल जज परीक्षा में आदिवासियों के लिए 121 सीट आरक्षित थीं लेकिन किसी भी आदिवासी युवक को इसके योग्य नहीं समझा गया। कोई आदिवासी युवक सिविल जज की नौकरी आरक्षण होने के बावजूद नहीं पा सका। उनका कहना था कि मध्य प्रदेश में करीब दो करोड़ आदिवासी हैं, लेकिन सिविल जज परीक्षा का परिणाम दिखाता है कि भाजपा और उसके सिस्टम को इस परीक्षा में एक भी काबिल आदिवासी युवा नहीं मिला। साल 2021 से अब तक एक भी आदिवासी का चयन नहीं हुआ है। नियम यह है कि कई साल तक खाली सीटों को सामान्य श्रेणी में ले लिया जाता है। उन्होंने इसे आरक्षण को खत्म करने का एक व्यवस्थित तरीका करार दिया और कहा कि इस तरह आदिवासी युवकों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे।

### एसआईआईआईआर प्रक्रिया शुरू करने को बताया जल्दबाजी

मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने को उन्होंने जल्दबाजी बताया और कहा कि इससे आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। उनका कहना था कि ज्यादातर राज्यों में आदिवासी पलायन कर रहे हैं। हालात ये हैं कि 70 फीसद से ज्यादा गांव खाली हो गए हैं, क्योंकि सरकार आदिवासियों को रोजगार नहीं दे पा रही है। एसआईआर की प्रक्रिया जानबूझकर ऐसे समय में की गई, जब आदिवासी घरों में नहीं हैं। ये आदिवासियों को व्यवस्थित तरीके से मतदान के अधिकार से बाहर करने की साजिश है। कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश के सिगरौली को छावनी में तब्दील करने का सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की बड़े-बड़े कॉर्पोरेट घरानों के फायदे के लिए वहां लगातार पेड़ों को काटा जा रहा है। हजारों आदिवासियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और लोगों को जिला बदर किया जा रहा है। यह पेसा कानून और वन अधिकार एक्ट का खुला उल्लंघन है। इस तरह से भाजपा सरकार ने देश देश के आदिवासियों के लिए भारी संकट खड़ा कर दिया है। भाजपा के राज में आदिवासियों को तबाह किया जा रहा है।

# मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी पुरस्कार देना भारत का अपमान

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि कश्मीर और अनुच्छेद 370 पर भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाली और देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिचेल बैचेलेट को इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान करना भारत विरोधी तथा देश का अपमान है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की मौजूदगी में इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान किया जाना अत्यंत निदनीय है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी रग रग में भारत विरोधी खून बह रहा है। भाटिया ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस का डीएनए मुस्लिम-माओवादी हो गया है। इसमें अराजकता के प्रतीक माओवादी हैं और ये कानून की आधारशिला और हमारी संप्रभुता को नष्ट करने का कार्या करते हैं।

# न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बने: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि न्याय न केवल समता का, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए।

योगी ने लखनऊ में आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारतीय संस्कृति के अनुरूप 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव को फिर से पूरी दुनिया में मूर्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत हजारों वर्षो से दुनिया को एक परिवार मानता रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया की वास्तविक समस्या एक-दूसरे के साथ संवाद को बाधित करना है। यह सम्मेलन एक-दूसरे के साथ संवाद का साधन है। कुछ समय पहले



संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के सामने 16 लक्ष्य रखे थे। उसमें शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे बस्ते के बोझ से बोझिल न हों। दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है, जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य की बात अपने आप में एक बेमानी सी दिखती है। उन्होंने कहा कि इसके लेकर हम सभी को यह सोचना चाहिए कि किस स्तर तक की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है। हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया।

## वाराणसी के दालमंडी इलाके में जारी कार्रवाई को बनाया मुद्दा

# दुकान दे दोगे, पर ग्राहक कैसे दोगे: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वाराणसी के दालमंडी इलाके में चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का 'पोलिटिकल डिमोलेशन' करार दिया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जब लोग तैयार ही नहीं हैं, तो उनकी दुकानें कैसे छीन सकते हैं, दुकान दे दोगे, मगर ग्राहक कैसे दोगे, दालमंडी एक दिन में नहीं बनी। एक दुकान जमाने में जमाना लग जाता है।

अखिलेश ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि भाजपा की नीतियों ने प्रदेश में ऐसा माहौल बना दिया है कि लोग खुलकर कारोबार तक नहीं कर



**चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का पोलिटिकल डिमोलेशन करार दिया**

पा रहे। इनकी नीति है कि लोगों को इतना डरा दो कि वो अपनी बात न कह सकें। क्या कोई सरकार ऐसा करती है- हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है। उन्होंने वाराणसी के ऐतिहासिक बाजार दालमंडी में प्रस्तावित चौड़ीकरण को 'संकीर्ण सोच' और 'राजनीतिक साजिश' करार दिया। उन्होंने कहा कि दालमंडी सिर्फ मार्केट नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और विरासत मूल्य वाली जगह है, जहां पीढ़ियों से व्यापार चल रहा है। सपा नेता ने कहा कि भाजपा जिस योजना पर काम कर रही है वह हेरिटेज संरक्षण नहीं बल्कि राजनीतिक बदले की भावना का नतीजा है। भाजपा वहां से लगातार हारती आई है, इसलिए यह कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिकारियों के जरिए कारोबारियों पर दबाव बना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि महराजगंज में जिस तरह से डिमॉलिशन हुआ, समय आने पर उसकी वसूली अधिकारियों से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी दालमंडी के व्यापारियों के साथ खड़ी है और भाजपा का 'चौड़ीकरण' वास्तव में 'संकीर्ण राजनीति' है। उन्होंने कहा कि भाजपा दालमंडी वालों को दाल की तरह दले नहीं। ये सरकार जाने वाली है। मेरठ के व्यापारियों को भी भाजपा ने ध्वस्तीकरण का 'रिटर्न गिफ्ट' दिया था। भाजपा सरकार अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है और जिस तरह से लखनऊ में मॉल को बेचा गया था, उसी तरह दालमंडी के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

### मुलायम सिंह की जयंती पर जरुरतमंदों को कम्बल बांटे गए

**प्रयागराज।** उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती पर शनिवार को यहां जरुरत मंदो को कम्बल बांटे गए और उनको श्रद्धांजलि दी गई। सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप यादव ने फाफामऊ के शांतिपुरम मे 1001 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर अपने नेता के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की और आगामी 2027 मे प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। संदीप यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता, धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव ने डा. लोहिया, डा. अम्बेडकर के विचारों पर चलकर हमेशा आम आदमी की तरक्की और खुशहाली के लिए काम किया तथा वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके अधूरे सपनों को पूरा करते हुए प्रदेश एवं देश की खुशहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## अर्थ व्यापार


सेंसेक्स 84673.02
निफ्टी 25910.05
सोना रु. 123810 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 162000 प्रति किलो

# वैश्विक दबाव में 400 अंक टूटा सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400.76 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124 अंक यानी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, गुरुवार को दोनों सूचकांक बढ़त में रहे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच एनएसई में एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। धातु समूह का सूचकांक सबसे अधिक दो फीसदी से ज्यादा टूटा। रियलिटी, बैंकिग और वित्तीय सेवा समूहों में भी एक प्रतिशत के अधिक की गिरावट रही। रुपये में रही भारी गिरावट और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में



बिकवाली का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखा गया। भारतीय मुद्रा आज पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़की है। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 2.45 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 2.38 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.40 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.72 फीसदी नीचे था। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में जिन 3,175 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें 2,305 के शेयर लुढ़क गए, जबकि 784 हरे निशान में बंद हुए। वहीं 86 अन्य कंपनियों के सूचकांकों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 13 के हरे निशान में बंद हुए। टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.58 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.25 और बजाज फिनसर्व में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल और इटरनल दोनों के शेयर 1.61 फीसदी और एचडीएफसी बैंक का 1.06 फीसदी टूटा। आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 1.17 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 0.80 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.69, आईटीसी का 0.57, एशियन पेंट्स का 0.55 और इंफोसिस का 0.51 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 5.33 अरब डॉलर की जबरदस्त वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 7 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही थी, जब यह 2.699 अरब डॉलर घटा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5.327 अरब डॉलर बढ़कर 106.857 अरब डॉलर के दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई समेत दुनिया के सभी केंद्रीय बैंक मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं। आलोच्य सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 15.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह 562.29 अरब डॉलर रहा। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के साथ जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड शामिल हैं। इनकी संदर्भ दर के आधार पर डॉलर में इनका मूल्य तय किया जाता है। सप्ताह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.779 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 5.6 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.650 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रुपया पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़का

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को बीच कारोबार में रुपये में भारी गिरावट देखी गई और यह बीच कारोबार में पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। खबर लिखे जाते समय भारतीय मुद्रा 81.50 पैसे टूटकर 89.50 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक कमजोर हो चुकी थी। ये आंकड़े अनंतिम हैं। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 88.6850 रुपये प्रति डॉलर रहा था। आज यह एक पैसे की बढ़त के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में 89.50 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। हालांकि दोपहर बाद यह काफी तेजी से अचानक 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। रुपये की गिरावट में शेयर बाजार की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की तेजी का भी योगदान रहा।

# इजरायल के साथ एफटीए का रास्ता खुला

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही वार्ता शुरू होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इजरायल के उद्योग एवं आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के बीच हुई एक बैठक में एफटीए पर बातचीत की दिशा तय करने के लिए दोनों मंत्रियों ने गुरुवार को एक टर्म ऑफ रिफ्रेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए। इजरायल की आधिकारिक यात्रा पर गए श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि अंतिम मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत को आसान बनाने की दिशा में टीओआर पहला जरूरी कदम है। उन्होंने बताया कि देश की व्यापार, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और बढ़ाने के लिए एक संतुलित, विस्तृत और दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद एफटीए की तलाश है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोटे तौर पर सरकार का मकसद द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाना और उसे बढ़ाना है।इसके साथ ही अलग-अलग सहयोग के नए अवसरों की पहचान करके भारत एक बड़ा बाजार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले कुछ समय में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में वार्ता तेज कर दी है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकी डाक्टर...**

और अन्य केमिकल को पीसकर धमाका तैयार करने वाली सामग्री बना रहा था। बताया जा रहा है कि धमाके से ठीक एक दिन पहले, 9 नवम्बर को, जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद के कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री कब्जे में ली थी। इसके अलावा फरीदाबाद के धौज गांव और आसपास के ठिकानों से लगभग 3,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है। यह साफ संकेत देता है कि मॉड्यूल किसी बहुत बड़े ऑपरेशन की तैयारी में था। खुलासा यह भी हुआ कि विस्फोटक सामग्री का बड़ा हिस्सा एक मौलवी के गुप्त घर में छुपाया गया था, जहां मुजम्मिल ने सिर्फ 1,500 रुपये प्रति माह पर कमरा ले रखा था। एजेंसियों का मानना है कि यही ठिकाना पूरे नेटवर्क का केंद्रीय बिंदु था। मुजम्मिल शकील पेशे से डाक्टर था और फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से संबद्ध था। जांच एजेंसियों को यहां से उसके कटर नेटवर्क और भर्तियों की कहानी जुड़ती नजर आई। जानकारी के अनुसार, उसने कोविड-19 महामारी के बाद यहां जाइन किया था। इसी दौरान डा. उमर उन नबी नाम का एक और इंटर्न भी उसके साथ जुड़ा और वही बाद में प20 कार में विस्फोट करने वाला सुसाइड बॉम्बर बना। एजेंसियां मान रही हैं कि लालकिला कार ब्लास्ट कोई फौरी घटना नहीं, बल्कि कम से कम दो साल की तैयारी का नतीजा था। आटा चक्की से बम तैयार करना, सस्ते किराये के कमरे में हजारों किलो केमिकल स्टाक करना और यूनिवर्सिटी कैंपस से नेटवर्क तैयार करना, ये सभी एक सुविचारित प्लानिंग के संकेत हैं। सुरक्षा एजेंसियां इसे व्हाइट-कॉलर टेरर की एक खतरनाक नई शक्ल मान रही हैं, जहां डाक्टर जैसे उच्च-शिक्षित प्रोफेशनल अपने पेशेवर ज्ञान का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों में कर रहे हैं।

**2020 के...**

रहमान ने 8.90 लाख रुपये और मीरन हैदर ने 2.86 लाख रुपये खर्च किए, साथ ही 4.82 लाख जुटाए। कई प्रदर्शनकारी शुरू से ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन पुलिस के अनुसार मुख्य समूह के लोग हिंसा पर अड़े हुए थे। यह बात व्हाट्सएप चैट्स में भी साफ दिखाई देती है, जहां कुछ लोग शांति की बात कर रहे थे, लेकिन नेतृत्व करने वाले लोग लगातार हिंसक विरोध की मांग करते रहे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब मामले की सुनवाई सोमवार दोपहर बाद होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई में सबसे पहले प्रोटेक्टेड गवाहों की गवाही सुनी जाएगी। जजों ने कहा कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। बेंच ने कहा कि जमानत पर कोई फैसला लेने से पहले सभी आरोपियों की भूमिका, पुलिस की दलीलें और पेश किए गए दस्तावेजों को विस्तार से देखा जाएगा। कोर्ट ने 20,000 पेज की चार्जशीट और नए दाखिल दस्तावेजों पर भी स्पष्टता मांगी है।

# खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है: राकेश सचान

**लखनऊ।** उप्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग तथा हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है और आज प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही है।

प्रदेश के सभी 18 मंडलों में खादी प्रदर्शनियों का आयोजन कर ग्रामीण उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। सचान ने शुक्रवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमतीनगर में शुक्रवार को 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर आयोजन की

**खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही**

शुरुआत की। महोत्सव में प्रदेशभर से आए 160 से अधिक उद्यमियों द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्तमान में 3,90,000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025 में 66,640 युवाओं को टूलकिट देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। दोना-मेकिंग मशीन, पॉपकॉर्न मशीन, हनी बॉक्स और विद्युत चालित चाक जैसे उपकरण ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि आधुनिक डिजाइन, फैशन शो और निफ्ट जैसी संस्थाओं की सहभागिता से खादी युवाओं की पसंद बन रही है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खादी उत्पादों को राष्ट्रीय व वैश्विक बाजारों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे कारीगरों की आय में वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में चयनित उद्यमियों व लाभार्थियों को पुरस्कृत किया गया। राज्य स्तरीय उत्कृष्ट इकाइयों के रूप में मेरठ के दीपक कुमार को प्रथम पुरस्कार (40,000), गोण्डा की ममता को द्वितीय पुरस्कार (30,000) तथा हाथरस के संजय सिंह को तृतीय पुरस्कार (20,000) प्रदान किए गए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उल्टा तिरंगा लेकर पदयात्रा पर निकले संगीत सोम

## तिरंगा सीधा है या उल्टा यह भी नहीं पहचान पाए भाजपाई



### राष्ट्र की बात करने वाले भूले तिरंगे का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को भाजपा के पूर्व सरधना विधायक संगीत सोम द्वारा दौराला से लावड़ तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सिंह सोम, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व एमएलसी हरपाल सैनी, दौराला के पूर्व चेयरमैन नवीन शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिरकत की थी। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया गया कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा फहराया हुआ था।

इस दौरान कोई भी भाजपा नेता या कार्यकर्ता पहचान नहीं पाया कि तिरंगा सीधा है या उल्टा। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता तिरंगे को उल्टा फहराते हुए ही आगे बढ़ते रहे। जिसका वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसे देखकर लोगों में भाजपा नेताओं व यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं के प्रति रोष पनपने लगा है। लोगों का कहना है कि जिस समय कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा फहराकर ले जाया जा रहा था तो उसके साथ-साथ सरधना के पूर्व विधायक चलते हुए दिखाई दे रहे थे। अब इस घटना के बाद विवाद खड़ा हो गया और क्षेत्र के लोग पूर्व विधायक के विरोध में उतर आए हैं। इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और सोशल मीडिया पर ही आपत्ति जताते हुए बहस छिड़ी हुई है। कुछ लोगों का कहना है कि अगर भाजपा के अलावा ये किसी अन्य पार्टी का प्रोग्राम होता तो इस घटना के बाद अब तक मुकदमे दर्ज कर दिए जाते ओर कड़ा विरोध होता लेकिन भाजपा नेताओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होगी। इसी कड़ी में दौराला क्षेत्र के सामाजिक संगठन अनादि चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष लव भराला ने इस तरह राष्ट्रीय ध्वज के अपमान पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के अपमान को अस्वीकार्य बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए देशद्रोह का मुकदमा चलाने की भी मांग की है।

किसी की मंशा राष्ट्रीय ध्वज के अपमान की नहीं होती जो राष्ट्र भक्त है वह अपनी जिम्मेदारी जानते है गलती किसी से भी हो जाती है जाने अनजाने में किसी ने तिरंगा उल्टा हाथ में लिया हुआ था। मगर कोई भी उसका अपमान नहीं कर सकता यह अब विपक्ष का ड्रामा है।

**ब्लॉक प्रमुख**
**दौराला ब्लॉक**

# अनियंत्रित ट्रक ने शिक्षिका को कुचला, मौत

## प्राइमरी स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर फिरोजपुर चौकी के पीछे गन्ने के खाली ट्रक ने अनियंत्रित होकर पैदल जा रही हेड मास्टरनी को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ट्रक का अगला पहिया महिला के ऊपर चढ़ गया। जिससे उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। समाचार लिखे जाने तक घटना की तहरीर नहीं पहुंची थी। बताते चले कि शुक्रवार की शाम करीब 4:30 बजे हेड मास्टरनी राकेश कुमारी पत्नी नीटू सिंह थाना रामराज क्षेत्र के गांव हासिमपुर प्राइमरी पाठशाला से बच्चों को पढ़ाकर पैदल बस की इंतजार करने के लिए वापस अपने घर जा रही थी। जैसे ही रामराज चौकी के पीछे आई तो गन्ने का खाली ट्रक को चालक ने राकेश कुमारी के ऊपर चढ़ा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को एंबुलेंस की सहायता से मेरठ रेफर कर दिया। लेकिन प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी ओवैस खान ने बताया कि ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर आतें ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लावड़ बोर्ड बैठक में लगभग तीन करोड़ रुपए के प्रस्ताव पास



### जिस घर में टंकी का कनेक्शन नहीं है उन्हे नहीं देना पड़ेगा पानी का बिल: हज्जन आफताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को नगर पंचायत सभागार में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बोर्ड के सभी सदस्यों की सहमति से करोड़ों रुपए के प्रस्ताव पास किए गए। बैठक की अध्यक्षता चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने की। अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा व चेयरपर्सन ने बताया कि बोर्ड की सहमति से जो प्रस्ताव पास किए गए हैं उनमें मुख्य रूप से कस्बे में सड़क के दोनों साइड में पोल लगाकर तिरंगा लाईट लगाई जाएंगी।

कस्बे के शमशान व कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट, कस्बे में दोनों चौराहों को डैकोरेट करने, 35 नई गलियों के रास्ते बनवाने, नए हैंडपंप लगाने के साथ-साथ रीबोरिंग कराने सहित लगभग तीन करोड़ रुपए के प्रस्ताव पास किए गए। बैठक के दौरान चेयर पर्सन हज्जन आफताब ने कहा कि कस्बे में जिस घर में टंकी का कनेक्शन नहीं है उन घरों में पानी का बिल नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को पास कर शासन को भेजा जा रहा है। बैठक के दौरान चेयर पर्सन हज्जन आफताब, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा, हाजी शकील कुरैशी, मनोज गोयल, यादराम जाटव, पिंटू, मनोहर सैनी, राजेश देवी, अयाज गुड्डू, आसिफ अंसारी, सबिया अंसारी, शाहिद इस्लाम, आजाद अंसारी, आरिफ फैजी सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# रोहित की मौत से आक्रोशित परिजनों ने थाने में किया हंगामा

## राजमिस्त्री था मृतक, पेट्रोल पंप की दीवार के नीचे दबकर हुई थी मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज स्थित हरियाली पेट्रोल पंप के पीछे निर्माणाधीन एनएच 34 पर पेट्रोल पंप के लिए खरीदी गई जमीन की चार दिवारी पर प्लास्टर कर रहे राजमिस्त्री रोहित 28 वर्ष की दीवार के नीचे दबने से हुई मौत के मामले में शुक्रवार शाम को आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने प्लाट मालिक मवाना निवासी अधिवक्ता को थाने बुलाने की मांग की। गुस्साए परिजनों ने मुख्य मार्ग पर थाने के सामने जाम लगाने की भी कोशिश की। पुलिस ने जैसे तैसे मामले को शांत किया।

पुलिस के मुताबिक मवाना निवासी एक अधिवक्ता का रामराज स्थित हरियाली पेट्रोल पंप के पीछे निर्माणधीन एनएच 34 पर पेट्रोल पंप लगाने के लिए जमीन खरीदी है। उक्त भूमि की चारदीवारी के बाद उस प्लास्टर का कार्य चल रहा है। बीते बृहस्पतिवार को रामराज के मोहल्ला हादिपुरिया निवासी रोहित राजमिस्त्री व उसके साथ विनोद, सोंटी व अभिषेक मजदूरी का कार्य कर रहे थे। उक्त भूमि का 8 फीट का भराव हुआ है। राज मिस्त्री पीछे की दीवार पर प्लास्टर कर रहा था। चार दिवारी के भीतर हुए भराव की मिट्टी को ट्रैक्टर से समतल किया जा रहा था। इसी दौरान दीवार भरभरा कर उनके ऊपर गिर गई। दीवार के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायलों को मेरठ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजमिस्त्री रोहित की हालत गंभीर होने पर दिल्ली रेफर कर दिया। जहां पर उसकी शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। शुक्रवार शाम को मृतक रोहित के परिजनों व ग्रामीणों ने थाने में जमीन मालिक अधिवक्ता के खिलाफ कार्रवाई को लेकर हंगामा किया। गुस्साए परिजनों ने थाने के सामने जाम लगाने की भी कोशिश की। मृतक के परिजनों ने जमीन मालिक को थाने बुलाने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस से सख्त कार्रवाई व



रोहित का फाइल फोटो।

आर्थिक मदद की मांग कर रहे थे। काफी देर चले हंगामे के बाद पुलिस ने जैसे तैसे मामले को शांत किया। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में जमीन मालिक अधिवक्ता को थाने बुलाने की मांग को लेकर जमा थे। वहीं इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी ओवैस खान का कहना है कि प्लॉट मालिक को सूचना दे दी गई है।



थाने में प्रोपर्ट्री के मालिक पर कार्रवाई की मांग करते परिजन।

यदि वह थाने नहीं पहुंचता है तो उसके खिलाफ मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### परिवार वालो का रो-रोकर बुरा हाल

दीवार के नीचे गिरने से हुई रोहित की मौत के बाद पत्नी आशा, मां संतोष, भाई विपिन, तथा पिता वीर सिंह का रो-कार बुरा हाल है। वह रो रो कर कह रहे थे कि हमने किसी का क्या बिगाड़ा था जो भगवान ने इतनी बड़ी सजा दे दी।

आशा पांच माह की गर्भवती भी है। जिसके दो लड़की अवंतिका तथा छोटी बेटी दिया है। मासूम बच्चे अपने पिता को देखकर बिलख पड़े। ग्रामीण भी कह रहे थे कि छोटे-छोटे बच्चों का साया उठ चुका है अब किसके सहारे जिंदगी जीएंगे।

# रजपुरा में ब्राईट लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल पहुंचकर डीएम ने बीएलओ से की वार्ता, आमजन से भी ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दृष्टिगत शुक्रवार को जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा ब्लॉक संसाधन केन्द्र रजपुरा, ब्राईट लिटिल फ्लावर पब्लिक स्कूल में बीएलओ से वार्ता की गई। जिलाधिकारी द्वारा बीएलओ से गणना प्रपत्र फार्म वितरण, मतदाताओ से गणना प्रपत्र फार्म वापस प्राप्त करने इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी मतदाताओ को समय से गणना प्रपत्र फार्म का वितरण कर उनसे भरा हुआ फार्म वापस प्राप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कार्यों में तेजी लाई जाये। उन्होंने घर-घर जाकर आमजन से गणना प्रपत्र फार्म प्राप्त होने के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर बीएलओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमी को फंसाने के लिए खुद महिला ने किया था बच्चे के अपहरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** गुरूवार सुबह गांव दबथुवा से गायब हुए बच्चे को देर रात्रि पुलिस ने गाजियाबाद से सकुशल बरामद कर लिया है। महिला ने ही अपहरण के मामले में प्रेमी को फंसाने के लिए ही अपहरण का नाटक रचा था। पुलिस ने इस मामले में महिला व उसके साथी के खिलाफ मुकदमा कायम करते हुए दोनों को जेल भेजा दिया है।



### गुरुवार को गायब हुआ था लक्ष्य

थाना क्षेत्र के गांव दबथुवा निवासी सोनिया पुत्री जगमोहन अपने पति से अलग होकर करीब 10 साल से मायके में रह रही थी, गुरूवार सुबह सोनिया का 10 साल का पुत्र लक्ष्य घर के बाहर से खेलते हुए लापता हो गया, जिसका देर शाम तक कोई सुराग हाथ नही लग सका था, बच्चे के गायब होने के मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए देर रात्रि तक सकुशल नोएडा से बरामद कर लिया है।



### मित्र के साथ रची सोनिया ने साजिश

मायके में रह रही सोनिया का एक युवक मोहित के साथ प्रेम प्रसंग हो गया था, जिसमें दोनों के बीच नजदिकियां बढ़ गई थी, सोनिया मोहित के साथ शादी करने का दवाब बना रही थी। लेकिन मोहित ने शादी से इंकार कर दिया था, जिस पर सोनिया ने सरधना थाने में मोहित के खिलाफ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा कायम कराया था। इस मामले में मोहित कई महीनों तक जेल में बंद रहा था, सोनिया के कोर्ट में बदले बयान के बाद ही मोहित जेल से छूटकर बाहर आया था। बताया गया है कि करीब 10 दिन पूर्व गांव में दोनो के मामले को लेकर पंचायत आयोजित की गई, लेकिन दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी का बदला लेने के लिए सोनिया ने अपने मित्र संजय पुत्र ओम प्रकाश निवासी रामविहार छपरौला थाना बादलपुर जिला गौतमबुद्धनगर साजिश रचते हुए मोहित व उसके भाईयों के खिलाफ गुरूवार को अपहरण का मुकदमा कायम कराया था।

### सरधना पुलिस की तत्परता से बची लक्ष्य की जान

गांव दबथुवा से गायब हुए मासूम को उसकी मां ने ही अपने मित्र व किराएदार संजय को उसके साथ ही बैठाकर गांव से गायब किया था। इस मामले में पुलिस को जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो टीमों को गठन किया था, जिसमें टीमों ने मिलकर अलग अलग बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी थी, पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए देर रात्रि बच्चे को संजय के आवास से सकुशल बरामद कर लिया। ग्रामीणों का कहना था कि अगर पुलिस सक्रिय नही होती तो बच्चे के साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी।

### ग्रामीणों ने जताया पुलिस का आभार

लापता बच्चे को बरामद करने व केस का सही तरीके से राजफाश करने के बाद ग्रामीणों ने सरधना पुलिस व जिले के अधिकारियों का आभार जताया है, भाजपा नेता व वरिष्ठ समाजसेवी अनिल चौधरी ने इस मामले में कहा कि पुलिस ने इस प्रकरण में निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए सही दोषियों को जेल भेजा है, जिसके चलते कई बेगुनाह जेल जाने से बचें है।

### पुलिस ने सोनिया के खिलाफ किया रंगदारी का मुकदमा दर्ज



सरधना पुलिस ने इस प्रकरण में गुरूवार को सोनिया की तरफ से दर्ज किए गए मुकदमे के बाद शुक्रवार को सोनिया के खिलाफ उसके प्रेमी मोहित की मां इन्द्रेश की तहरीर पर सोनिया के खिलाफ ब्लैक करने व रंगदारी मांगने का मुकदमा कायम करते हुए सोनिया व उसके सहयोगी संजय को जेल भेज दिया है।

# लावड़ चौकी में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

## व्यापारी नेता व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने की बैठक में शिरकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** शुक्रवार को नवनियुक्त चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह ने चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा कस्बे के व्यापारी नेताओं ने भी शिरकत की। इस दौरान चौकी प्रभारी ने सभी से परिचय प्राप्त करने के बाद आगामी सर्दी के मौसम में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सुझाव मांगे ओर सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील भी की। बैठक के दौरान सभी ने अपने-अपने सुझाव भी दिए।

इस दौरान व्यापारियों ने कस्बे में हर रोज लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटवाने की बात कही। वहीं कुछ लोगों ने कस्बे में नगर पंचायत के बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराने की बात कही जिस पर चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने जल्द ही कैमरे ठीक कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह ने कहा कि क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए सख्ती से निपटा जाएगा। बैठक के दौरान हाजी शकील कुरैशी, संजय गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी, मोहित शर्मा, हाजी शमशाद रिजवी, मोहन सैनी, नायाब रिजवी, रहमान गांधी, आरिफ प्रमुख, मनीष अग्रवाल, मनोज गोयल, मास्टर फुरकान, हाजी जावेद, अजय, विशु प्रधान महल, दानिश अंसारी, शाहिद इस्लाम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# जानी में 170 हिंदू-मुस्लिम जोड़ों का हुआ सामुहिक विवाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री समूह की विवाह योजना के तहत शुक्रवार को मेरठ के जानी ब्लाक के गांव कुराली स्थित अवतार फार्म हाउस में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हिंदू मुस्लिम जोड़ो ने सात फेरे लिए और मुस्लिम रीति रिवाज में निकाह कराया गया। कार्यक्रम में विकासखंड जानी खुर्द के 31 और रोहटा के 19 मेरठ के 18 राजपुरा के 10 हस्तिनापुर के 6 नगर निगम के 50 नगर पंचायत सिवाल खास के 10 व अन्य विकास 26 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

इसमें मेरठ द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के गरीब व्यक्ति के लिए कल्याणकारी योजना बताते हुए वर वधु को आशीर्वाद के साथ उन्हें ग्रस्त जीवन के सुख में हेतु आशीर्वाद देना बताया गया। बतादें कि उत्तर प्रदेश में गरीब परिवार की बेटी अब विवाहित बंधन से वंचित नहीं रहेगी। जिसके लिए मुख्यमंत्री विवाह योजना संचालित है जिसका लाभ प्रदेश में हर समाज के लोगों को मिल रहा है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गौरव चौधरी, सुनील कुमार सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी, अनुपम यादव जिला प्रमोशन अधिकारी, वीरेंद्र सिंह खंड विकास अधिकारी, मुकेश कुमार आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। उसके बाद कन्याओं को सामग्री दी गई और 1लाख की राशि भी दी गई। जो उनके सीधे खाते में पहुंचेगी। वहीं ग्राम प्रधान वेदपाल फौजी आदि क्षेत्र के ग्राम प्रधान और सामाजिक लोग भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# चौ. हरचंद सिंह महाविद्यालय के छात्रें ने बाजी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खुर्जा।** चौ. हरचंद सिंह महाविद्यालय के दो छात्रों ने अंतर विश्वविद्यालय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बाजी मारी है। प्रतियोगिता में कॉलेज के दो छात्रों कुशल चौधरी और अनिकेत ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कॉलेज के निदेशक डॉ. एन. के. शर्मा ने बताया कि 19 नवंबर को दिगंबर जैन कॉलेज बड़ौत में अंतर विश्वविद्यालयी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में एलएलबी तृतीय वर्ष के छात्र कुशल चौधरी ने 120 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों को पछाड़कर कुशल ने 800 किलोग्राम वजन उठाकर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया। वहीं बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र अनिकेत चौधरी ने 59 किलोग्राम भार वर्ग में 585 किलोग्राम वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता। अनिकेत ने भी 25 प्रतिभागियों को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया। पावरलिफ्टिंग के दोनों प्रतिभागियों ने रेलवे कोच धर्मेंद्र सिसोदिया के निर्देशन में दिल्ली पावरलिफ्टिंग स्टूडियो से प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतियोगिता में बाजी मारी। दोनों छात्रों का चयन ऑल इंडिया विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 7 फरवरी 2026 को हिंदुस्तान विश्वविद्यालय चेन्नई में आयोजित होगी। कॉलेज पहुंचने पर दोनों छात्रों का कॉलेज के निदेशक और समस्त स्टाफ ने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। यह क्षेत्र और विश्वविद्यालय के इतिहास में में पहला अवसर है कि जब किसी एक महाविद्यालय के दो छात्रों ने पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। गोल्ड मेडल जीतने वाले दोनों प्रतिभागियों का ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

# शादी का झांसा देने वाला गैंग पकड़ा

**खुर्जा।** शादी का झांसा देकर धोखाघड़ी गैंग गिरफ्तार शादी के झांसे में लेकर धोखाधड़ी कर दुल्हन के माध्यम से घरों में नगदी और जेवरात चोरी करने वाला गैंग अरेस्ट। थाना खुर्जा नगर पुलिस ने महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया खुर्जा पुलिस ने बताया की मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर तीनो आरोपियों को पकड़ लिया पुलिस ने बताया की पूर्व में भी इन लोगों के खिलाफ हमें शिकायत बनती रही है और यह गैंग ऐसे घटना चार-पांच बार कर चुके हैं पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जोड़ी पाजेब 5490 रुपये की नगदी, एक फर्जी आधार कार्ड बरामद।पुलिस ने आरोपी सिमरन व धर्मेंद्र और मोहित को गिरफ्तार कर भेजा जेल।शादी के झांसे में लेकर घरों का माल चोरी करने वाली दुल्हन फरार तलाश जारी है

# भव्य भगवान श्री परशुराम चौक निर्माण पर चेयरमैन को किया सम्मानित

**पूरनपुर।** कलीनगर में स्थापित किए गए भव्य भगवान परशुराम चौक के लिए कलीनगर चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में महासभा के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पमालाएँ एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया तथा भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया। महासभा ने चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा कराए गए इस महत्वपूर्ण कार्य को समाजहित में सराहनीय बताते हुए इसकी प्रशंसा की। समारोह के पश्चात पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की स्थापित भव्य प्रतिमा के दर्शन किए। इस दौरान प्रमुख रूप से तहसील अध्यक्ष हरगोविंद बाजपेई, तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा, तहसील उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा, तहसील उपाध्यक्ष हरिओम पांडेय, नगर अध्यक्ष गौरव पांडेय, तहसील मंत्री रजनीश पांडेय, दीपक मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शादी का दबाव बनाने पर महिला ने की आत्महत्या

## पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में प्रेम संबंधों से जुड़ा विवाद एक दर्दनाक हादसे का कारण बन गया। यहां 25 वर्षीय विवाहिता रोशनी ने कथित तौर पर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों और ग्रामीणों में गम और गुस्से का वातावरण है।

गुरुवार की रात विवाहिता के पति राजू ने पुलिस को तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाये हैं। उनका कहना है कि रोशनी और गांव के ही युवक उमेश पुत्र किशनलाल के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। पति का आरोप है कि विवाहिता से अवैध संबंध बनाते हुए उमेश उस पर लगातार शादी का दबाव बनाता था। विरोध करने पर वह रोशनी को ब्लैकमेल करता था और विभिन्न तरीकों से धमकियां देता था। राजू ने दावा किया कि उमेश अपनी मंशा को पूरा करने के लिए उसकी पत्नी पर मानसिक दबाव बना रहा था। तहरीर के अनुसार 18 नवंबर की सुबह करीब 10 बजे रोशनी ने अत्यधिक तनाव में आकर जहरीले कीटनाशक का सेवन कर लिया। परिजनों को जब उसकी हालत बिगड़ती दिखाई दी तो उसे तत्काल गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल, सैद नगली ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया। दो दिनों तक चले उपचार के बावजूद उसकी हालत में सुधार नहीं आ सका और गुरुवार की शाम करीब 7:30 बजे विवाहिता की मौत हो गई।राजू का कहना है कि मृत्यु से पहले रोशनी ने स्वेच्छा से उसे बताया कि जहरीला पदार्थ उमेश ने ही लाकर दिया था और वह लंबे समय से शादी के लिए दबाव डाल रहा था। राजू ने यह भी दावा किया है कि उसके पास इस पूरे मामले से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य मौजूद हैं। जिन्हें वह पुलिस जांच के दौरान प्रस्तुत करेगा। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में इस हादसे को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है और परिजन आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी पहलुओं की बारिकी से जांच की जा रही है, जिसके बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी।

# 50 मीटर दौड़ में गौरव व दीपिका रहीं प्रथम

## ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सैन्ट एंथोनी पब्लिक स्कूल रहरई के मैदान पर किया गया। खेलों का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार,जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह कालेज के निदेशक राय मैथ्यू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया।

खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है।खेलों से ही छात्र छात्राओं का शारीरिक विकास होता है।हमें खेलों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिये। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में गौरव प्राथमिक विद्यालय छपना प्रथम 100 मीटर दौड़ में रवि प्राथमिक विद्यालय दूल्हेपुर अहीर प्रथम 200 मीटर दौड़ में प्रदीप प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम स्थान पर रहे। प्राथमिक स्तर कबड्डी में संविलियन विद्यालय दढियाल की टीम प्रथम रही। बालि. का वर्ग में 50 मीटर दौड़ में दीपिका प्राथमिक विद्यालय दढियाल प्रथम, 100 मीटर दौड़ में मंजू प्राथमिक विद्यालय रहरई प्रथम, 200 मीटर दौड़ में काजल प्राथमिक विद्यालय खैलिया की मढैय्या प्रथम, कबड्डी में संविलियन विद्यालय बुरावली की टीम प्रथम पर स्थान पर रहे।उच्च प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में शिवी उच्च प्राथमिक विद्यालय हिरनौटा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में शिवी उच्च प्राथमिक विद्यालय हिरनौटा प्रथम, 400 मीटर दौड़ में जासमीन उच्च विद्यालय कोकापुर प्रथम, 600 मीटर दौड़ में कनक उच्च प्राथमिक विद्यालय जेबड़ा प्रथम पर स्थान पर रहीघ। कबड्डी में संवि. लियन विद्यालय बुरावली की टीम प्रथम स्थान पर रही। खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय बुरावली की टीम प्रथम स्थान पर रही।बालका वर्ग 100 मीटर दौड़ में गोलू उच्च प्राथमिक विद्यालय चन्दनकोटा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में गोलू उच्च प्राथमिक विद्यालय चन्दनकोटा प्रथम, 600 मीटर दौड़ में गोलू प्रथम स्थान पर रहा। कबड्डी में उच्च प्राथमिक विद्यालय बुरावली की टीम प्रथम जबकि खो-खो में उच्च प्राथमिक विद्यालय बरतौरा की टीम प्रथम स्थान पर रही।लोकगीत एवं राष्ट्रीय एकांकी में प्राथमिक विद्यालय रहरई की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि समूह गान में उच्च प्राथमिक विद्यालय खरपड़ी की टीम प्रथम रही। सभी विजयी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता के इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, अनिल कुमार, जगवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह आदि मौजूद थे।

# बुखार की तपिश से जल रहा शेखुपुर झकड़ी



## स्वास्थ्य विभाग ने मूंदी आंखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दर्जनों ग्रामीणों के बुखार की चपेट में आने के कारण लोग बेहाल हो गये है। स्वास्थ्य विभाग इस ओर से आंखें मूंदकर चुप है।

कोतवाली क्षेत्र का गांव शेखुपुर झकडी इस समय बुखार की चपेट में आया हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह से अधिक समय से आधा गांव में शायद ही कोई घर ऐसा बचा हुआ होगा जहां पर बुखार से पीड़ित रोगी ना हो। गांव निवासी महेश सिंह का पूरा घर बुखार की चपेट में आया हुआ है। उनकी पत्नी नीरज, पुत्री प्रियांशी, शीवी, कृष्णा, अनूप पुत्र राम सिंह, नितिन, नैनसिका, रचना पत्नी गंगावती, मानवी पुत्री कपिल, सुमित पुत्र राजवीर, विजय सिंह पुत्र रामचंद्र, नीतू पत्नी बृजपाल, हर्षित पुत्री राजाराम, अर्चना पत्नी राजाराम समेत करीब 5 दर्जन लोग बुखार की चपेट में है। ग्रामीण बुखार की तपिश से बुरी तरह से झुलस रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना दी है। लेकिन वह लोग इस और को देखने के लिए तैयार नहीं है। जब के गांव में बुखार के रोगियों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है। बुखार पीड़ित चिकित्सकों की दुकानों पर न जाकर अपने घरों पर ही ड्रॉप लगवा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने बताया गांव में बुखार के रोगियों के होने की सूचना मिली है। शनिवार को कैंप लगाया जायेगा।

# सड़कों पर पसर रहा अतिक्रमण, चौपला पर लगा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। चौपला पर सड़क किनारे पसरे अतिक्रमण से भी वाहन चालकों व पैदल चलने वाले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को चौपला पर जाम के हालात बने रहे। वहीं इस समय चौपला पर बन रहे डिवाइडर के कारण भी सड़क पर आवागमन में काफी समस्या का सामना करना पड़ा। पुलिस ने वाहनों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया तो वहीं चौपला पर सड़कों पर पसरे

### ■ लोगों को पैदल निकलने में भी हो रही परेशानी

अतिक्रमण से भी वाहन चालकों को उचित स्थान नहीं मिल पाया। अतिक्रण के चलते पैदल चलने वाले लोगों को भी समस्या का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे वाहनों में सवार लोगों यात्रा में हो रही देरी से परेशान नजर आए। कुछ मीटर की दूरी तय करने में उन्हें काफी मिनट लगे। बता दें कि पुलिस और नगर पालिका परिषद बार बार अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी जाती है मगर वे एक दो दिन अतिक्रमण हटाकर पुन: सड़कों पर कब्जा कर लेते हैं और लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है। ईओ ने शीघ्र ही अभियान चलाने की बात कही।

# एसआईआर में चेयरमैन ने दिलाया सहयोग का भरोसा



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। नगर पालिका परिषद सभागार में शुक्रवार को माहौल कुछ अलग ही था। सभागार में बूथ अध्यक्ष, सभासद और पालिका कर्मचारी जुटे तो सही, लेकिन मुद्दा पूरी तरह चुनावी तैयारी का रहा। बैठक की कमान नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने संभाली और सीधे संदेश दिया एसआईआर अभियान में कोई सुस्ती नहीं, हर बीएलओ को मिलेगा पूरा सहयोग। चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर हुई इस बैठक में प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मूल नींव है। इसी क्रम में ईओ अवधेश वर्मा ने भी मीटिंग में अपनी बात रखते हुए स्पष्ट किया कि अभियान को सफलता दिलाने के लिए सभी का सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों और बीएलओ से समन्वय बनाकर प्रपत्र वितरण व संग्रहण को सरल बनाने की अपील की।

# बीएलओ की मदद करेंगे पालिका कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। निर्वाचन आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर के कार्य में बीएलओ के साथ नगर पालिका का कर्मचारी भी साथ रहेगा, ताकि बीएलओ को पत्रक वितरित और एकत्र करने में आसानी से लोगों को घर मिल सकें।

### ■ ईओ व नगर स्वच्छता प्रेरक ने ली बैठक



शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में ईओ ललित कुमार आर्य ने कहा कि चूंकि बीएलओ में ऐसे भी कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगी हुई है, जो स्थानीय नहीं हैं। ऐसे में उन्हें पत्रक वितरित करने में लोगों के घर नहीं मिल पा रहे हैं। उनके सहयोग के लिए नगर पालिका में कार्यरत कर्मियों को बीएलओ के साथ लगाया गया है। ईओ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे यथाशीघ्र अपने पत्रक भरकर जमा कराएं ताकि निर्वाचन आयोग को डाटा भेजकर अग्रिम प्रक्रिया पूर्ण कराई जा सके। बैठक में नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह, सभासद ब्रजेश अग्रवाल, अमित चौधरी, विपिन सागर, वंदना अग्रवाल, नूतन शर्मा, राजवीर सिंह, विरेन्द्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## सांय के समय हाइवे पर हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला। हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को लगभग 6:30 बजे मुरादाबाद दिशा में स्थित हल्दीराम रेस्टोरेंट के सामने बुलेट बाइक पर सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गई, वहीं सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। युवक के कपड़ों की तलाशी कराई तो उसकी जेब से मिले पहचान पत्र से उसकी पहचान मुरादाबाद जनपद के बिलारी थानाक्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी अनिल के रूप में हुई। पुलिस ने अनिल के परिजनों को घटना से सूचित करते हुए शव को मौके से ही अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आसपास के लोगों ने बताया है कि डिवाइडर से बाइक टकराई है। शव को मोर्चरी के लिए भेज दिया है।

# 100, 200 व छह सौ मीटर दौड़ में गोलू प्रथम

## ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल रहरई के मैदान पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी, खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार, जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह तथा निदेशक राय मैथ्यू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह ने खेलों को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए छात्र-छात्राओं को खेलभावना के साथ खेलने का संदेश दिया। कबड्डी बालक वर्ग दढियाल प्रथम, छपना द्वितीय, कबड्डी, बालिका वर्ग बुरावली प्रथम, दढियाल द्वितीय, दौड़ प्रतियोगिताएँ गौरव, रवि, प्रदीप, दीपिका, मंजू, काजल आदि छात्रों ने विभिन्न वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर बालि. का वर्ग 100, 200 मीटर में शिवी (हिरनौटा) ने बाजी मारी कबड्डी में बुरावली प्रथम खो-खो: बुरावली प्रथम, कोकापुर द्वितीय, बालक वर्ग में गोलू चन्दनकोटा ने 100, 200 और 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया कबड्डी में बुरावली प्रथम, बरतौरा द्वितीय, खो-खो में बरतौरा प्रथम स्थान पर रहे। लोकगीत और राष्ट्रीय एकांकी में प्राथमिक विद्यालय रहरई तथा समूह गान में उच्च प्राथमिक विद्यालय खरपड़ी की टीम प्रथम रही। सभी विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में अनेक शिक्षकों, जनप्रति. निधियों व गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त कर प्रतियोगिता का समापन किया।

# बीएलओ की शिथिलता से एसआईआर कार्य सुस्त

## सामाजिक कार्यकर्ता ने किया हेल्प डेस्क का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी**। बीएलओ की शिथिलता के चलते एसआईआर का काम तेजी नहीं पकड़ पा रहा है। लोग गणना प्रपत्र भरवाने के लिए परेशान नजर आ रहे हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता अलाउद्दीन सैफी ने हेल्प डेस्क का गठन कर एस आई आर फॉर्म भरने का बीड़ा उठाया है। जिससे लोगों ने राहत महसूस की है।

सर्व विदित है कि इस समय चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर का कार्य कराया जा रहा है। जिसके प्रथम चरण में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म भरने का कार्य किया जाना है। नगर पंचायत उझारी में बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र तो वित. रित कर दिए गए परंतु उन्हें भरने का काम मतदाताओं पर छोड़ दिया है। प्रत्येक मतदाता के पास तो 2003 की वोटर लिस्ट उपलब्ध नहीं है जिस कारण वह अपना गणना प्रपत्र नहीं भर पायेगा। किसी के पास 2003 की वोटर लिस्ट उपलब्ध भी है, तो वह फॉर्म भरने में पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं है। इसलिए नागरिक गणना प्रपत्र को भरे जाने के बारे में विचलित नजर आ रहे हैं। नागरिकों की परेशानी को देखते हुए सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता अलाउद्दीन सैफी ने एस आई आर हेल्प डेस्क का गठन कर गणना प्रपत्र भरने का कार्य शुरू किया है। जिससे लोगों को राहत मिली है। एसआईआर हेल्प डेस्क में शाकिर मसूदी एवं शहाबुद्दीन सैफी भी अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। बताया जाता है कि अभी तक एसआईआर के काम में बीएलओ निजामुद्दीन का कार्य संतोषजनक है। अन्य बी एल ओ के रवैया से मतदाता खफा नजर आ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र को सही प्रकार से भरें ताकि भोली भोली जनता में कोई भ्रम पैदा न हो और गणना प्रपत्र का कार्य समय से पूर्ण किया जा सके।

# एएसपी ने किया आरक्षियों की ड्रिल का निरीक्षण

## उपकरणों की नियमिति सफाई व देखरेख के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। एएसपी अखिलेश भदौरिया ने शुक्रवार को आरटीसी कैंपस फत्तेपुर में सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों की ड्रिल, अनुशासन परेड की एकरूपता एवं प्रशिक्षण स्तर का परीक्षण किया। एएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस बल में अनुशासन व प्रशिक्षण के महत्व पर बल देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद यूपी 112 पीआरवी वाहनों का गहनता से निरीक्षण किया और पीआरवी वाहनों में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट और अन्य उपकरणों की नियमित सफाई और देखरेख को लेकर निर्देशित किया। साथ ही पीआरवी वाहनों पर तैनात पुलिसकर्मियों से उनके उपकरणों और संचालन के बारे में भी पूछताछ की। पुलिसकर्मियों से शस्त्र हैंडलिंग का अभ्यास कराया। फील्ड यूनिट टीम का निरीक्षण कर घटनास्थल निरीक्षण की प्रक्रिया एवं अपराध की जांच में वैज्ञानिक तरीकों के उपयोग के संबंध में भी जानकारी साझा की।

### पुलिस कर्मियों को फिट रखने के लिए लगवाई दौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देशन में शुक्रवार को जिले के सभी थानों में पुलिसकर्मियों में अनुशासन, उच्च कोटि की शारीरिक दक्षता एवं टर्न-आउट एवं समाज को भय मुक्त बनाने के उद्देश्य से साप्ताहिक परेड का आयोजन कराया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के नजरिए से दौड़ लगवाई गई, उन्हें ड्रिल भी कराया गया। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को शस्त्र परीक्षण व शस्त्राभ्यास कराया गया। थाना प्रभारियों ने अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने एवं विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

# महात्मा फूले की पुण्यतिथि को किया जनसम्पर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। ऑल इंडिया सैनी सभा के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह सैनी ने 28 नम्वबर को जिला मुख्यालय पर महात्मा ज्योतिबाफुले की 135वीं पुण्यतिथि के कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगों से पहुंचने का आह्वान किया।

शुक्रवार को जिलाध्यक्ष ने नगलिया मेव में पूर्व प्रधान ध्यान सिंह सैनी के आवास पर बैठक करके और ढ़किया भूड़, सलेमपुर, सिहाली गौसाईं, भीकनपुर आदि गांवो का भ्रमण करके लोगों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामचंद्र सैनी, पीयूष सैनी, नन्हें सिंह, फूल सिंह सैनी, महेन्द्र सिंह जाटव, रामौतार सिंह, राम सिंह सैनी, जागन सिंह आदि मौजूद रहे।

# भाकियू ने जलाई गन्ने की होली



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ब्लॉक के राजपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन (चौधरी करतार सिंह गुट) के किसानों ने गन्ने की होली जलाई। यह प्रदर्शन सरकार द्वारा गन्ने के रेट और ढुलाई शुल्क में की गई बढ़ोतरी के विरोध में किया गया। यह आवाहन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महावीर सिंह ने किया था, जिसका नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी चेतन सिंह ने किया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी चेतन सिंह ने बताया कि सरकार ने गन्ने का रेट 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है। युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जगदीश सिंह ने कहा कि संगठन इस बढ़ोतरी के खिलाफ अपना आंदोलन जारी रखेगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी चेतन सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जगदीश सिंह, इंद्रपाल सिंह, नेपाल सिंह, वीर सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, नेत्रपाल सिंह, ओंकार सिंह, ओमवीर सिंह और पुष्पेंद्र सिंह सहित कई किसान मौजूद रहे।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित स्कूल मैजिक खाई में पलटी, छात्रो समेट आठ घायल

ijuijA शुक्रवार सुबह छात्र–छात्राओं से भरी एक स्कूल मैजिक अनियंत्रित होकर खाई में जा घुसी और पेड़ से बुरी तरह टकरा गई। भयावह दुर्घटना में सात छात्रों के साथ वाहन चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख–पुकार सुनकर मौके से गुजर रहे राहगीरों ने तत? काल सभी बच्चों को बाहर निकालकर माधोटांडा सीएचसी भेजा। तीन बच्चों की नाजुक हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर आईसीयू में भर्ती किया गया है। कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम जमुनिया निवासी बच्चों जय शिव व कनक शर्मा (पुत्र कुलदीप शर्मा), अंशुमन शर्मा (पुत्र देवेंद्र शर्मा), दिव्यांशी भास्कर (पुत्री रामसनेही भास्कर), अर्पणा शर्मा, अक्षय सभी लॉर्ड कृष्णा स्कूल, पीलीभीत में पढ़ते हैं। शुक्रवार सुबह लगभग 7–30 बजे गांव के ही चालक सचिन शर्मा टाटा मैजिक से बच्चों को स्कूल लेकर रवाना हुए। चेतन तिवारी , माधोटांडा पीलीभीत मार्ग पर सिद्ध बाबा से लगभग 1 किलोमीटर पहले वाहन अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिरी।

# चिकित्सक ने लगाया जेल अधीक्षक पर अभद्रता करने का आरोप

## जेल अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर चिकित्सकों ने कार्य बहिष्कार करने की दी चेतावनी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सीएमओ कार्यालय में शुक्रवार को चिकित्सकों की बैठक हुई। इसमें चिकित्सकों ने जिला कारागार में तैनात चिकित्सक के साथ अभद्रता और जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने जेल अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर शनिवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने और सोमवार से कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

सीएमओ कार्यालय में हुई बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डा. यशवीर सिंह ने बताया कि जिला कारागार में बंदियों के उपचार के लिए डा.जावेद नियुक्त है। बृहस्पतिवार को जेल अधीक्षक ने बीमार बंदियों को भर्ती करने को लेकर चिकित्सक के साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। जबकि जेल अधि. नियम के अंतर्गत कारागार में तैनात चिकित्सक का पद अधीक्षक के समकक्ष होता है। अधीक्षक ने चिकित्सक के कक्ष में घुसकर उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। जिले में 70 प्रतिशत चिकित्सकों के पद रिक्त होने के बावजूद 30 प्रतिशत चिकित्सक व्यवस्था को संभाल रहे है, इसके बावजूद भी चिकित्सकों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिकित्सकों ने प्रशासन से जेल अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने जेल अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई न होने पर शनिवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करने और सोमवार को जिले भर में कार्य का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। बैठक में एसीएमओ डा. एमएस भदौरिया, डिप्टी सीएमओ व सीएचसी अधीक्षक डा.विभाष राजपूत, डा.सत्येंद्र कुमार समेत सभी सीएचसी के अधीक्षक मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को मारी टक्कर, तीन लोग घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तिलवाड़ा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह घटना तिलवाड़ा गांव के समीप हुई। कुरड़ी निवासी गुलाब अपने दो अन्य साथियों के साथ स्कूटी पर सामान लेने जा रहे थे। तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डरक्टरों ने उन्हें उच्च केंद्र (जिला अस्पताल) रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छपरौली थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और घायलों का उपचार जारी है।

# बाइक सवार ने पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। बिनौली रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से न्यू रामनगर निवासी रोहतास पुत्र ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया जहां पर लोगो ने उन्हो अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, रोहतास किसी काम से बिनौली अड्डे पर गया था और वहां से पैदल ही अपने गांव लौट रहे था। वहां से मुख्य सड़क पर आगे बढ़ते ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रोहतास कई मीटर दूर जा गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल रोहतास को देख पुलिस को सूचना दी। बिनौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रोहतास को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया जहां से उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और टक्कर मारने वाली बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



# थाना प्रभारी ने किया छपरौली कस्बे के मुख्य बाजार में पैदल गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष पुंडीर ने अपनी पुलिस टीम के साथ छपरौली कस्बे के मुख्य बाजार में पैदल गश्त की। यह गश्त शाम लगभग 7 बजे एक विशेष अभियान के तहत की गई। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से मुलाक. ात कर सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने व्यापारियों को संबो. धित करते हुए कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा में सभी की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपील की कि यदि बाजार या आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो तुरंत थाने को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुंडीर ने व्यापारियों से अनावश्यक अतिक्रमण न करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से बाजार में आने-जाने वाले राहग. ीरों और महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने आश्वस्त किया कि उत्तर प्रदेश पुलिस जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर है। उन्होंने यह भी दोहराया कि क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।



## एक नजर

### आगामी चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ की सख्त कार्रवाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** आगामी चुनावों के मद्देनजर पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर पांच असामाजिक तत्वों को छह महीने के लिए जिला बदर किया गया है। यदि इस अवधि में इनमें से कोई भी व्यक्ति जिले की सीमा में पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शासन-प्रशासन द्वारा आगामी 2026 चुनावों को लेकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में लगातार नजर बनाए हुए है और ऐसे तत्वों को चिन्हित कर रही है, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। जिन पांच व्यक्तियों को जिला बदर किया गया है, उनके नाम इस प्रकार हैं मनन पुत्र सुभाषचंद निवासी सिसाना लोकेश पुत्र कृष्णपाल निवासी कस्बा बागपत मोनू उर्फ मोनी पुत्र शिवकुमार प्रभात पुत्र बिट्टू निवासी लोहहड़ा और अनुज उर्फ बिट्टू पुत्र राकेश निवासी मविकला, थाना बालैनी, जनपद बागपत। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ और चेकिंग अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। एसपी सूरज राय ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी ने भी माहौल खराब करने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### एसआईआर से संबंधित जागरूकता व समाधान कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन, एसआईआर अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के उद्देश्य एवं इसमें मतदाताओं की शंका और समस्या के समाधान हेतु नगर की सामाजिक संस्था खिदमत सोसायटी द्वारा खत्री गढ़ी स्थित ग्रोवेल पब्लिक स्कूल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अतुल कुमार रघुवंशी तहसीलदार बड़ौत एवं नयाब तहसील दार विजय सिंह, यामीन, पूर्व इंचार्ज स्वीप कॉर्डिनेटर शामली, सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय बडावद द्वारा इसके उद्देश्य,वोटर लिस्ट को डाउनलोड करना , गणना प्रपत्र यानी एन्युमेरेशन फॉर्म को ऑफलाइन व ऑनलाइन भरना सिखाया गया और प्रश्नों के उत्तर देकर मतदाताओं की शंकाओं को दूर किया गया। उप जिलाधिकारी बड़ौत ने बताया कि इसका उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाना है ताकि हर पात्र नागरिक का नाम सही ढंग से शामिल हो और कोई भी अपात्र या डुप्लीकेट नाम सूची में न रहे। एक शुद्ध मतदाता सूची एक मजबूत लोकतंत्र की नींव है। इस अभियान के तहत बूथ स्तर के अधिकारी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं और फॉर्म भरवा रहे हैं। कार्यशाला में यह बताया गया कि इस प्रक्रिया में कैसे भाग ले सकते हैं और इसके लिए कौन कौन से दस्तावेज़ या अभिलेख आवश्यक हैं। यह भी बताया गया कि अपने मतदाता विवरण को ऑनलाइन कैसे अपडेट या सत्यापित कर सकते हैं। कार्यक्रम मे नवनियुक्त बार एसोसिएशन बड़ोंत के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर सिंह को बुके व शाल भेट कर सम्मान किया गया। कार्यशाला में मिर्ज़ा मुल्तानी वेलफेयर सोसायटी, बडौत व्यापार संगठन बडौत, कैमिस्ट एंड

# कैबिनेट मंत्री ने किया विजेता और उप-विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** स्थित जाट कॉलेज मैदान में चल रहे सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहब सिंह वर्मा पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर विजेता और उप-विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

मंच से संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री साहब सिंह वर्मा ने कहा कि उन्हें देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की इस कर्मभूमि से विशेष लगाव है। उन्होंने दिल्ली से बागपत तक की यात्रा में आए बदलाव का जिक्र किया। वर्मा ने बताया कि पहले जहां दिल्ली से बागपत पहुंचने में लगभग ढाई घंटे लगते थे, वहीं अब लाल किले से बागपत तक की दूरी एक घंटे में तय हो जाती है। उन्होंने इस प्रगति का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया और कहा कि उन्होंने देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। मंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री जल्द ही दिल्ली-देहरादून हाईवे का उद्घाटन करेंगे। मंत्री प्रवेश साहब सिंह वर्मा ने राष्ट्रीय लोकदल के बागपत सांसद राजकुमार सांगवान द्वारा दिल्ली से बड़ौत के लिए चार डीटीसी बसों की मांग का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा बसें सुचारू रूप से चल रही हैं और चार और बसें चलाने की बात कही। मीडिया से बातचीत में दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहब सिंह वर्मा ने यमुना सफाई को लेकर विपक्ष के बयानों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 11 साल तक सत्ता में रहने के बाद विपक्ष अपनी ही 11 साल की नाकामियों को बता रहा है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि अगले तीन सालों में यमुना पूरी तरह स्वच्छ हो जाएगी, जिसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकारें लगातार काम कर रही हैं।

# पुलिस लाईन में साप्ताहिक परेड आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को पुलिस लाईन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने परेड की सलामी ली और जवानों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने परेड का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए जवानों की तैयारी, अनुशासन और ड्रेस की एकरूपता का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के उन्होने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

परेड के बाद एसपी ने पुलिसकर्मियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सभी जवानों को दौड़ लगवाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस बल को चुस्त-दुरुस्त और हर परिस्थिति में सक्षम बनाए रखने के लिए नियमित व्यायाम और फिटनेस अत्यंत आवश्यक है। दौड़ के उपरांत जवानों को ड्रिल अभ्यास भी कराया गया। एसपी राय ने जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन किसी भी बल की रीढ़ होता है और ड्रिल के माध्यम से एक साथ कार्य करने की क्षमता बेहतर होती है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को अपने कार्य के प्रति समर्पण बनाए रखने और जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साप्ताहिक परेड के दौरान एसपी ने विभिन्न पुलिस इकाइयों का भी निरीक्षण किया। इनमें परिवहन शाखा, डायल-112 यूनिट, फायर सर्विस और स्वान दल (डॉग स्क्वायड) शामिल थे। उन्होंने इन इकाइयों के वाहनों की स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और टीमों की तत्परता की जांच की। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि साप्ताहिक परेड का उद्देश्य केवल अनुशासन बनाए रखना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि हर इकाई आपात स्थिति में तेजी और प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए तैयार रहे। परेड कार्यक्रम का समापन जवानों को धन्यवाद ज्ञापन और आगामी कार्यों के लिए प्रेरणा संदेश के साथ हुआ।

# अधिवक्ताओं ने की एसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र पंवार निवासी ग्राम बली का बेटा वंश पंवार ने साइबर ठगी से आहत होकर रमाला रेलवे हाल्ट पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।




शुक्रवार को अधिवक्ता एसपी कार्यालय पहुंचे जहां उन्हांने अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। एएसपी कार्यालय पहुंचे अधिवक्ताओं का कहना था कि पुलिस ने अभी तक एक आरोपी सद्दाम को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि मुबारिक पुत्र सद्दीक, मेव व सामुन पुत्र असरा, आसिफ पुत्र फरीद निवासी साईका हातिम थाना व जिला पलवल को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। अधिवक्ता नरेंद्र पंवार ने कहा कि वह कई बार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कोतवाली में शिकायती पत्र दे चुके है, मगर उन्हें आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। उन्होंने शुक्रवार को एसपी सूरज कुमार राय से विवेचक और कोतवाली प्रभारी को अन्य आरो. पियों की जल्द गिरफ्तारी के आदेश करने की मांग की। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तोमर, महामंत्री अजित सिंह, कपिल कुमार डेढा, आजाद धामा, नरेंद्र पंवार बली, अजीत सिंह समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र राहुल व उसकी पत्नि रीता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सत्येन्द्र सिंह पुत्र स्व.जगदीश निवासी ग्राम सिरसली थाना बिनौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सादिक व उसकी पत्नि अन्जुम से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
अख्तर अली पुत्र हाकम अली ग्राम बोपुरा थाना दोघट जिला बागपत, हाल निवासी नजदीक इन्दिरा पब्लिक स्कूल अली प्रेम गार्डन पसौडा साहिबाबाद गाजियाबाद।

# यात्रियों की सुरक्षा के लिए परिवहन विभाग व ट्रैफिक पुलिस ने गन्ना लदे वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने गन्ना लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान शुरू किया है। सर्दियों के मौसम में रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है।

ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग नियमित रूप से यह कार्य कर रहे हैं। इसका मुख्य लक्ष्य रात में रिफ्लेक्टर की मदद से यात्रियों को सुरक्षित करना और सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। इसी क्रम में, आज ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में बागपत गन्ना मिल पर अभियान चलाया गया। गन्ना अधिकारियों के सहयोग से ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली और अन्य गन्ना ढोने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। बागपत आरटीओ राघवेंद्र सिंह ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सावधानी से वाहन चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन न करें। ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरते जा रहे हैं। उन्होंने वाहन चालकों और किसानों से भी अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने और नियमों का पालन करने का आग्रह किया। यह अभियान सभी प्रमुख चौराहों और मुख्य मार्गों पर निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर एआरटीओ राघवेंद्र सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।


# कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत सिंगोलीतगा वि.ख. खेकड़ा (बागपत)

**पत्रांक:**24 /**पं.रा.वित्त**/15**वॉं वित्त/एसबीएम/अन्य मद** / 2025-26 **दिनांक**-21.11.2025

## अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अन्तर्गत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें/कुटेशन दिनांक- 26.11.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें/कुटेशन दिनांक- 26.11.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा/कुटेशन प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा/कुटेशन मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है। धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा/कुटेशन के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | आर.आर.सी. सेन्टर पर अवशेष कार्य। | 300000 | 100 | 10% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | बारात घर व सामुदायिक शैचालय के पास मिट्टी कार्य। | 50000 | 100 | 10% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण और मरम्मत कार्य। | 115000 | 100 | 10% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा/कुटेशन स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा/कुटेशन निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा/कुटेशन स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें/कुटेशन दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा/कुटेशन देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा/कुटेशन को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 10रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत सिंगोलीतगा**
**विकास खण्ड-खेकड़ा (बागपत)**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत सिंगोलीतगा**
**विकास खण्ड-खेकड़ा (बागपत)**

# 9वीं की छात्रा से मारपीट व अभिभावक से प्रिंसिपल ने की अभद्रता

## छात्रा को जान से मारने की धमकी देने का वीडियो वायरल, डीआईओएस ने प्रिंसिपल को थमाया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र के वीआईपी इंटर कॉलेज में 9वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ कथित मारपीट और अभद्रता का मामला गंभीर विवाद का रूप ले चुका है। छात्रा के परिवार ने आरोप लगाया है कि प्रिंसिपल ने न केवल छात्रा को प्रताड़ित किया, बल्कि अभिभावक से भी अभद्र भाषा में बात की और धमकाया और छात्रा को जान से मारने की धमकी भी दे डाली।

परिजनों के अनुसार, जब वे शिकायत करने स्कूल पहुंचे तो प्रिंसिपल ने बात सुनने के बजाय उन पर ही गुस्सा निकालना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनका एक कथित धमकी भरा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसमें वह अभिभावक से ऊंची आवाज़ में विवाद करते हुए नजर आ रहे हैं और स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा को जान से मारने की धमकी भी देती हुई नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों और अभिभावकों में भारी आक्रोश फैल गया। परिवार का आरोप है कि शिकायत करने का परिणाम उन्हें और छात्रा को भुगतना पड़ा। स्कूल प्रबंधन ने छात्रा का नाम काट दिया, जिससे पूरा परिवार सदमे में है। परिजनों का कहना है कि यह कार्रवाई दुर्भावनावश की गई और इससे स्पष्ट होता है कि स्कूल प्रशासन मामले को दबाने की कोशिश



कर रहा है। मामला गंभीर होता देख जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रिंसिपल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। डीआईओएस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्य सामने आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद अभिभावकों में डर और गुस्सा दोनों है। उनका कहना है कि यदि शिक्षा संस्थानों में ही बच्चों को सुरक्षा और सम्मान नहीं मिलेगा, तो वे अपने बच्चों को कैसे भरोसे के साथ स्कूल भेजेंगे। स्थानीय लोगों ने भी स्कूल प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल मामला शिक्षा विभाग और पुलिस के संज्ञान में है। परिजन छात्रा का नाम पुन: बहाल करने और प्रिंसिपल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जांच जारी है और आगे की कार्रवाई रिपोर्ट आने के बाद तय की जाएगी।

# जमीन के पुराने विवाद में चले धारदार हथियार, छह घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव कांवी में गुरुवार देर रात जमीन के पुराने विवाद ने बेहद हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी कुछ ही मिनटों में खूनी संघर्ष में बदल गई, जिसमें तलवार, हंसिया और लाठी-डंडों का जमकर इस्तेमाल हुआ। घटना में तीन महिलाओं सहित कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी जन्म सिंह का पड़ोसियों के साथ लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार रात वह परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। तभी पड़ोसी पक्ष के कई लोग हथियार लेकर उनके घर के बाहर पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर जन्म सिंह, उनका बेटा विपिन, और परिवार की महिलाएं शीतल, वीरवती और प्रीति तथा रिश्तेदार हरेंद्र को धारदार हथियारों से बुरी तरह घायल कर दिया गया। घटना के बाद गांव में दहशत फैल गई। खून से लथपथ पीड़ितों की हालत देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और किसी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी श्योपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एम्बुलेंस से तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि घायलों में दो-तीन गंभीर हालत में हैं। पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को मौके से ही हिरासत में ले लिया और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास, मारपीट और दंगा करने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपी गांव के ही रहने वाले



हैं और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। गांव के लोगों का कहना है कि यह जमीन का विवाद काफी समय से तनाव का कारण बना हुआ था और पहले भी कई बार दोनों पक्षों में झगड़े हो चुके हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से कठोर कार्रवाई कर मामले को स्थायी रूप से निपटाने की मांग की है।

# एसपी ने ली परेड की सलामी, की सुरक्षा उपकरणों की गहन जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। एसपी ने निर्धारित परेड की सलामी लेते हुए जवानों की ड्रील, अनुशासन और तत्परता का बारीकी से अवलोकन किया।

परेड के दौरान एसपी ने विभिन्न प्लाटूनों के मार्च पास्ट, हथियार संचालन, परेड गठन और पुलिसकर्मियों की शारीरिक फिटनेस का भी मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने जवानों को सतर्कता, अनुशासन और टीमवर्क के महत्व पर विशेष बल दिया। परेड के पश्चात एसपी ने जिले में



तैनात पीआरवी गाड़ियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक वाहन के रिस्पांस टाइम, तैयारियों और त्वरित कार्रवाई की स्थिति को वास्तविक रूप से परखा। उन्होंने गाड़ियों में मौजूद सुरक्षा उपकरणों, जैसे बैटन, बॉडी प्रोटेक्टर, फर्स्ट एड किट, संचार उपकरण, फायर सेफ्टी टूल्स आदि को भी स्वयं चेक किया और सुनिश्चित किया कि सभी साधन पूर्ण रूप से दुरुस्त स्थिति में हों। निरीक्षण के दौरान एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अधिकारियों व कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीआरवी टीमों को किसी भी आपात स्थिति में सबसे कम समय में प्रतिक्रिया सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था की विश्वसनीयता तेज और प्रभावी रिस्पांस से ही बनती है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को जनता से व्यवहार, त्वरित सहायता और सक्रियता को प्राथमिकता देने के निर्देश भी दिए। एसपी ने कहा कि पुलिसिंग में सुधार और जनता को सुरक्षा की मजबूत भावना प्रदान करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परेड निरीक्षण और उपकरण जांच इसी प्रक्रिया का नियमित हिस्सा हैं।

# डीएम पब्लिक स्कूल में विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और खिलाड़ियों को बड़ा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम पब्लिक स्कूल गढ़मुक्तेश्वर के विशाल प्रांगण में विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान विधायक हरेन्द्र तेवतिया ने खेल ध्वज को सलामी देते हुए रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी, और पूरा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों, निजी व सरकारी स्कूलों के लगभग आठ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने इस दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। छोटे बच्चों से लेकर सीनियर खिलाड़ियों तक हर किसी में अद्भुत जोश और ऊर्जा नजर आई। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, जूडो, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मैदान पर खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा, रेफरी की सीटी, दर्शकों का उत्साह सब मिलकर पूरे आयोजन को यादगार बना रहे हैं। इस अवसर पर विधायक हरेन्द्र तेवतिया ने बच्चों और युवाओं को खेलों में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जीवन में



अनुशासन, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण आधार है। डीएम पब्लिक स्कूल के चेयरमैन धर्मेन्द्र कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को आगे सांसद खेल स्पर्धा, ज़ोनल स्तर, तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का सुनहरा अवसर मिलेगा। उद्घाटन समारोह में जिला युवा कल्याण अधिकारी ऋषि कुमार, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुश्री रानू धारीवाल, अंकित सर्वोत्तम सहित कई अधिक. ारी, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि और बड़े संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता दो दिनों तक चलेगी, जिसमें हर वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन से क्षेत्र में खेल संस्कृति को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# हापुड़ पुलिस के दो जवानों ने खेल मैदान में लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद हापुड़ के दो पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले तथा विभाग का मान बढ़ाया है। हापुड़ पुलिस के हेड कांस्टेबल ओमवीर सिंह और हेड कांस्टेबल मानवेन्द्र शर्मा ने अपनी लगन और प्रतिभा से खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

हेड कांस्टेबल ओमवीर सिंह ने चेन्नई के तमिलनाडु में आयोजित 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चौम्पियनशिप-2025 में हैमर थ्रो स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ओमवीर सिंह का प्रदर्शन पूरे उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए गर्व का विषय बना। वहीं



हापुड़ पुलिस के हेड कांस्टेबल मानवेन्द्र शर्मा ने वार्षिक उत्तरी प्रदेश पुलिस क्लस्टर भारोत्तोलन, योग एवं पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता-2025 में दमदार प्रदर्शन दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल जिले बल्कि पूरे विभाग का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। एसपी ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हापुड़ पुलिस केवल कानून-व्यवस्था में ही नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रतिभा रखती है और ये उपलब्धियां विभाग के लिए प्रेरणास्रोत हैं। एसपी ने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ये खिलाड़ी इसी तरह जनपद और उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करते रहेंगे।

# अवैध प्लाटिंग कर भू-माफिया भर रहे अपनी जेब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का फैलता नेटवर्क चिंताजनक स्तर तक पहुंच चुका है। कॉलोनाइज़र खुलेआम अवैध तरीके से प्लॉट काटकर बेच रहे हैं, जबकि इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने में पुलिस व प्रशासन की भूमिका नगण्य दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन कॉलोनाइज़रों के मन में प्रशासनिक कार्रवाई का कोई भय नहीं है।

जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में देहात क्षेत्र के कई गांवों के पास तेजी से अवैध कॉलोनियों का निर्माण शुरू हो गया है। बिना नक्शा पास कराए, बिना रजिस्ट्री और बिना किसी वैध स्वीकृति के खेतों को प्लॉटों में बांटकर बेचा जा रहा है। कॉलोनाइज़र लुभावने दामों पर



प्लॉट बेचने का दावा करते हुए भोले-भाले लोगों को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कॉलोनाइज़र खुलेआम सड़कें बना रहे हैं और प्लॉटों की नाप-तौल कर रहे हैं, मानो किसी भी नियामक एजेंसी की उन पर पकड़ ही न हो। कानून के अनुसार बिना प्रशासनिक अनुमति के कॉलोनी विकसित करना पूरी तरह अवैध है। इसके बावजूद जिस तरह से अवैध कॉलोनियों का विस्तार हो रहा है, वह प्रशासन की लापरवाही और कॉलोनाइज़रों के हौसले बुलंद होने का संकेत देता है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और नियंत्रण प्राधिकरण से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि अवैध कॉलोनियों के नाम पर लोगों के साथ होने वाले बड़े पैमाने के धोखाधड़ी और भूमि अतिक्रमण पर रोक लगाई जा सके।

## एक नजर

### ट्रेन के महिला कोच में अवैध रूप से यात्रा कर रहे तीन पुरुष यात्री गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आरपीएफ यानी रेलवे सुरक्षा बल ने शुक्रवार को महिला सुरक्षा के तहत विशेष अभियान चलाते हुए नौचंदी एक्सप्रेस के महिला कोच में अवैध रूप से सफर कर रहे तीन पुरुष यात्रियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई हापुड़ रेलवे स्टेशन पर उस समय की गई जब ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या एक पर पहुंची।

आरपीएफ टीम ने जब नौचंदी एक्सप्रेस के महिला डिब्बे की जांच की, तो कोच में तीन पुरुष यात्री बैठकर सफर कर रहे थे। पूछताछ में इनके पास महिला कोच में यात्रा की कोई अनुमति नहीं मिली। नियमों का उल्लंघन करने पर आरपीएफ ने तीनों को हिरासत में लेकर कड़ी चेतावनी दी और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। महिला कोच में यात्रा करने वालों की पहचान चंदन सिंह पुत्र उमराव सिंह, डॉलर सिंह पुत्र उमराज सिंह, निवासी मकान नंबर- 4 पीपल गांव थाना देघाट जिला अल्मोड़ा उत्तराखंड और रियाज पुत्र हनीफ निवासी मोहल्ला कुरेशियां जलालाबाद थाना नजीबाबाद जिला बिजनौर के रूप में हुई है। आरपीएफ प्रभारी राकेश यादव ने बताया कि महिला कोच में पुरुषों द्वारा अवैध यात्रा की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। ऐसे मामलों को रोकने के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को की गई कार्यवाही में टीम ने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे। रेलवे ने स्पष्ट कहा है कि महिला कोच केवल महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए आरक्षित है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आरपीएफ की इस सक्रियता से स्टेशन पर मौजूद महिला यात्रियों ने राहत महसूस की और इस कदम का स्वागत किया। यात्रियों ने कहा कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलते रहने चाहिए ताकि महिला कोच में सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित हो सके।

### बसपा से ज़िलें के दो कद्दावर नेता पार्टी से निष्कासित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहुजन समाज पार्टी ने संगठन में अनुशासन को सर्वोच्च रखते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने जिले के दो कद्दावर नेताओं पूर्व जिलाध्यक्ष तिलक चौधरी और वरिष्ठ नेता केपी सिंह को पार्टी विरोधी गति. विधियों और अनुशासनहीनता के गंभीर आरोपों में आजन्म पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस कार्रवाई के बाद हापुड़ की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और स्थानीय संगठन में चर्चाओं का दौर जारी है।

तिलक चौधरी बसपा हापुड़ के पूर्व जिलाध्यक्ष है जो पार्टी में लंबे समय से सक्रिय और कई बार जिला स्तर की जिम्मेदारियाँ संभाल चुके हैं। जबकि केपी सिंह बसपा के पुराने, सक्रिय कार्यकर्ता, जिन्हें संगठन में अनुशासन और सक्रियता के लिए जाना जाता था। बसपा जिलाध्यक्ष डा. एके कर्दम ने कहा कि पार्टी ने दोनों नेताओं को सुधारने के लिए कई बार चेतावनी दी। लेकिन पार्टी लाइन के खिलाफ काम करना, गुटबाजी फैलाना, कार्यकर्ताओं में भ्रम पैदा करना, अनुशासन का बार-बार उल्लंघन जैसे आरोप लगातार सामने आते रहे। डा. कर्दम के अनुसार, पार्टी के हित और बहुजन मूवमेंट की मजबूती को देखते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से निष्कासित किया गया है। निष्कासन के बाद दोनों नेताओं पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इन्हें अब पार्टी के किसी भी पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकेगा। कोई बैठक, कार्यक्रम या गतिविधि में शामिल नहीं हो सकेंगे। इससे साफ है कि बसपा ने अनुशासनहीनता पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए एक कड़ा संदेश दिया है। इस फैसले से हापुड़ जिले में बसपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच खलबली मच गई है। कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह कार्रवाई संगठन को मजबूत करने और गुटबाजी पर रोक लगाने के लिए बेहद जरूरी थी। वहीं कुछ लोग इसे बड़े नेता समूहों के बीच टकराव से जोड़कर देख रहे हैं। पार्टी की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि कोई भी नेता या कार्यकर्ता, चाहे कितना भी पुराना या प्रभावी क्यों न हो, अगर संगठन की मर्यादा तोड़ेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी। बसपा के अनुसार, यह फैसला पार्टी को मजबूत और एकजुट रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

# ब्राह्मण समाज के लोगों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष का किया ज़ोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी गाजियाबाद में पहुंचे। जहां त्यागी और ब्राह्मण समाज के लोगों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। त्यागी और ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी पार्टी में नई जान फूंकने और ऊर्जा भरने का काम कर रहे हैं।

जब से उन्होंने संगठन में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली है पार्टी को एक नई ऊर्जा और गति मिली है। उनके नेतृत्व में संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है और पार्टी का जनाधार भी निरंतर आगे बढ़ने की उम्मीद है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने त्यागी और ब्राह्मण समाज द्वारा किए गए स्वागत के लिए उनका दिल से आभार व्यक्त किया है और आश्वासन दिलाया है कि वह संगठन को मजबूत करने में अपनी कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। साथ ही समाज के प्रति आवाज को वह पूरी ताकत से सड़क पर उठाएंगे। इस दौरान सुरेश त्यागी पूर्व जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद, अजय त्यागी पूर्व महानगर अध्यक्ष अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद, संजय बहेड़ी पूर्व जिला महामंत्री अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद, नीरज त्यागी पूर्व जिला कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय त्यागी ब्राह्मण सभा गाजियाबाद, राकेश त्यागी घसौली, श्रीकांत त्यागी, दुष्यंत त्यागी, दीपक त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने एसआईआर अभियान की प्रगति का लिया जायज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को डीएम अभिषेक पांडेय ने चल रहे एसआईआर अभियान की प्रगति पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के लगभग 11 लाख+ मतदाताओं में से अब तक 1.25 लाख गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही, बीएलओ ऐप के माध्यम से 10 प्रतिशत से अधिक स्ट्रोक का डिजिटलाइजेशन भी किया गया है।

डीएम ने सभी मतदाताओं से अपील की कि जैसे ही उन्हें गणना प्रपत्र प्राप्त हो और वे विवरण भर दें, तो उसे बिना देरी किए अपने बूथ लेवल अधिकारी को जमा करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रपत्र जमा करने के बाद रसीद अवश्य लें। समय पर जमा किए गए हस्ताक्षरित प्रपत्रों के आधार पर ही मतदाताओं के नाम अंतरिम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। डीएम पांडेय ने बताया कि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चल रहे इस चरण में बीएलओ केवल प्रपत्रों के वितरण, संकलन और डिजिटलाइजेशन का कार्य करेंगे। इस दौरान किसी भी दस्तावेज की जांच या सत्यापन बीएलओ द्वारा नहीं किया जाएगा, इसलिए मतदाताओं को इस स्तर पर कोई दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने राजनी. तिक दलों से भी आग्रह किया कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट को सक्रिय करें। नियमों के अनुसार, प्रत्येक बीएलए को प्रतिदिन अधिकतम 50



प्रपत्र एकत्र कर बीएलओ को जमा करने की अनुमति है, जिससे सूची पुनरीक्षण कार्य और तेज़ी से आगे बढ़ सकेगा। अंत में डीएम ने ग्राम प्रधानों, कोटेदारों और गांव के गणमान्य नागरिकों से अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का समय पर और सटीक पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

# सीओ ने थाने का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को सदर सीओ वरुण मिश्रा ने थाना बाबूगढ़ का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की विभिन्न इकाइयों और अभिलेखों का विस्तार से अवलो. कन किया और पुलिसिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

सीओ ने सबसे पहले थाना कार्यालय में पहुंचकर अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई अभिलेख, अभियोग पंजी, बीट सूचना, केस फाइलों सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की गहन जांच की। अभिलेखों के रखरखाव एवं अपडेटिंग की स्थिति देखकर उन्होंने संबंधित कर्मियों को समयबद्ध तरीके से प्रविष्टियां पूरी करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से आवश्यक जानकारी ली और आने वाले पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर जोर दिया। महिला हेल्प डेस्क में आने वाली शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता देने और साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सीओ वरुण मिश्रा ने बैरक, मेस, शस्त्रागार, मालखाना और बंदीगृह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की और शस्त्रों के रखरखाव व मालखाना रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने के लिए स्पष्ट निर्देश दिए। बंदीगृह में सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी को भी चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिका. रियों और कर्मचारियों को अनुशासन, संवेदनशीलता और जनता के प्रति बेहतर व्यवहार अपनाने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर छोटी-छोटी कमियों को तुरंत दूर किया जाए, ताकि कानून-व्यवस्था और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



# बैंक ग्राहकों को ठगने वाले 4 शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने धोखाधड़ी और टप्पेबाजी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 4 शातिर टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 9,070 रुपये नकद, कागज की चार गड्डियां और चार अवैध चाकू बरामद किए हैं। यह



कार्रवाई पिलखुवा सीओ अनीता चौहान के नेतृत्व में की गई। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि जनपद में अपराध की रोकथाम और धोखाधड़ी व टप्पेबाजी में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पिलखुवा पुलिस ने मुकीमपुर रोड से चारों आरोपियों को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद राजू पुत्र शकील आज़ाद, निवासी हरिजन कैंप झुग्गी, थाना मंडावली, पुरानी दिल्ली, आफाक पुत्र आबाद, निवासी मोहल्ला गुडेरियान, थाना लोनी, जनपद गाजियाबाद, शहाबुद्दीन पुत्र समद अली, निवासी ग्राम असनगर थाना कथैया, जिला मुजफ्फरपुर बिहार, वर्तमान पता हरिजन कैंप झुग्गी, मंडावली, पुरानी दिल्ली और नितिन कश्यप पुत्र राजपाल कश्यप, निवासी ग्राम पूठ पुरसी, थाना मुरादनगर, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बैंक में पैसे जमा करने पहुंचे सरल-सहज लोगों को निशाना बनाते थे। वे उन्हें बातचीत में उलझाकर असली नोटों की गड्डी बदलकर कागज की गड्डी पकड़ा देते थे और मौके से फरार हो जाते थे। ऊपर-नीचे कुछ असली नोट लगाकर गड्डी को वास्तविक जैसा दिखाने की चालाकी भी अपनाई जाती थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीम की इस सफलता से क्षेत्र में धोखाधड़ी की घटनाओं पर रोक लगाने में बड़ी मदद मिलेगी।

# सामान के पैसे मांगने पर दुकानदार की हत्या

## महिला समेत तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। दुकान से सामान खरीदकर भी दुकानदार को पैसे नहीं दिये। पैसे मांगने पर महिला ने अपने परिजनों को बुला लिया तथा दुकानदार की बेरहमी से पिटाई की जिससे दुकानदार की मौत हो गयी। कोर्ट के आदेश पर महिला समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के हटव्वा गांव का है। यहां पर सलमान का परिवार रहता है, उनके द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक 24 अगस्त 2024 की शाम वह जोया गए हुए थे। इस दौरान उनके पिता मोहम्मद शाहिद परचून की दुकान पर थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाली फहमीदा दुकान पर आई और सामान लेकर जाने लगी। इस दौरान मोहम्मद शाहिद ने सामान के पैसे मांगे तो गालियां देने लगी। बाद में फहमीदा ने अपने परिजनों को फोन करके बुला लिया। इसके बाद फहमीदा, परिवार के ही जीशान और उसके पिता महबूब ने मोहम्मद शाहिद की बेरहमी से पिटाई की। सीने पर लात घुसे मारे, जिसके पांच घंटे बाद मोहम्मद शाहिद की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। लेकिन, अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। इस मामले में सलमान ने न्यायालय की शरण ली। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर फहमीदा, जीशान और उसके पिता महबूब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## अश्लील वीडियो बनाकर करता था ब्लैकमेल, रिपोर्ट दर्ज

# नौकरी लगवाने के बहाने युवती से किया दुष्कर्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। फेसबुक पर हुई दोस्ती के बाद युवक ने युवती को नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इसके बाद इंटरव्यू के बहाने उसे गांव फीना बुलाया तथा कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं युवक ने युवती की अश्लील वीडियो भी बना ली तथा उसे वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी कारोबारी की 20 वर्षीय बेटी ग्रेजुएट है। फेसबुक पर उसकी आईडी बनी हुई है। एफआईआर के मुताबिक करीब दो महीने पहले युवती के पास वैभव त्यागी नाम के फेसबुक अकाउंट से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। जिसे युवती ने एक्सेप्ट कर लिया। इसके बाद वैभव त्यागी उसे लगातार मैसेज करने लगा। बाद में व्हाट्सऐप नंबर ले लिया। इस बीच वैभव त्यागी ने युवती को उसकी नौकरी लगवाने का झांसा देकर जाल में फंसा लिया। इसके बाद दोनों फोन पर बात करने लगे। वैभव त्यागी ने पहले नौकरी लगवाने के बहाने गाजियाबाद और नोएडा आने का दबाव बनाया लेकिन युवती ने दूर होने की बात कहते हुए आस-पास शहर में ही नौकरी लगवाने की बात कही। आरोप है कि दो नवंबर को युवती के पास वैभव त्यागी ने व्हाट्सऐप कॉल की और बिजनौर के चांदपुर में नौकरी लगवाने की बात कही। साथ ही बस से चांदपुर आने के लिए कहा। पीड़िता वैभव त्यागी की इरादे समझ नहीं सकी और यकीन कर अमरोहा बस स्टैंड से चांदपुर के लिए बैठ गई। जैसे ही वह फीना गांव के पास पहुंची तभी वैभव त्यागी ने फोन करके युवती को बीच रास्ते में उतार लिया। इसके बाद वैभव त्यागी इंटरव्यू करने की बात कहकर युवती को कार में बिठाकर नौगावां सादात ले आया और यहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। बाद में अमरोहा रोड स्थित बादशाहपुर के पास इंटर कॉलेज के नजदीक जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं वैभव त्यागी ने युवती के अश्लील वीडियो व फोटो बना लिए और शिकायत करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। शाम को करीब चार बजे वैभव त्यागी युवती को जोया में उतार फरार हो गया। किसी तरह घर पर पहुंची पीड़िता ने यह बात अपने परिजनों को नहीं बताई लेकिन वैभव त्यागी वीडियो-फोटो को वायरल करने की धमकी देकर प्रताड़ित करने लगा। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने परि. जनों को आपबीती बताई। बाद में परिजनों के साथ पहुंची पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में वैभव त्यागी के खिलाफ दुष्कर्म व अन्य धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बुखार ने बुझा दिया घर का चिराग

## इकलौते बेटे की मौत से मचा मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के गांव नवाबपुरा में बुखार ने मासूम की जिंदगी छीन ली। इकलौते बेटे की मौत से यादव परिवार का चिराग बुझ गया। घर में कोहराम मचा हुआ है और माहौल इतना गमगीन कि हर किसी की आंख नम हो उठी।



गांव निवासी पवन यादव के सात वर्षीय बेटे अभि को दो दिन से तेज बुखार था। प्लेटलेट्स लगातार गिरने से बच्चे की हालत बिगड़ती चली गई। परिजन उसे पास के गांव के चिकित्सक को दिखा रहे थे, लेकिन तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ। गुरुवार को स्थिति नाजुक होते ही परिजन अभि को धनौरा नगर के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। यहां डॉक्टरों ने बच्चे को तुरंत मेरठ रेफर कर दिया। परिजन अभि को लेकर मेरठ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। इकलौते पुत्र की मौत से मां सीमा, बहन खुशी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# सरकारी भवनों पर लगाएं रूफटॉप रेन हार्वेस्टिंग

## केन्द्रीय सचिव अमित शुक्ला ने दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। कलेक्ट्रेट सभागार में कैच द रेन अभियान के तहत केंद्रीय नोडल अधिकारी जल शक्ति अभियान भारत सरकार और संयुक्त सचिव अमित शुक्ला की अध्यक्षता और जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की उपस्थिति में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

शनिवार को सयुंक्त सचिव द्वारा कैच द रेन अभियान के पोर्टल जल संचय जन भागीदारी पोर्टल की समीक्षा की गई। एवं सभी शासकीय भवनों को चिह्नित कर रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया जाये। जिला पंचायत राज विभाग को भी निर्देश दिये गये। प्रत्येक ग्राम पंचायत में अधिक से अधिक सोक पिट निर्माण कार्य किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि समस्त संबंधित विभाग मिलकर डिस्ट्रिक्ट रिचार्ज प्लान तैयार करे एवं स्वयं से संबंधित पूर्ण कार्यो को जल संचय जन भागीदारी पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपलोड करे। नोडल अधिकारी ने पिछले वर्ष की तुलना में जनपद में हुई उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की और जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि बगद नदी का सफल पुनरुद्धार, वृहत स्तर पर पौधरोपण, नंदन वन तथा अन्य वाटिकाओं की स्थापना, तालाबों का जीर्णोद्धार जनपद की सजगता को दर्शाती है। उन्होंने कहा, पानी की हर बूंद अनमोल है, ये हमारे लिए धरोहर है, हमें संकल्प लेना है कि जितनी जरूरत हो उतना ही पानी इस्तेमाल करेंगे। संयुक्त सचिव द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में स्थापित रैन वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट और नंदन वन में वृक्षारोपण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। श्रीमती पारुल सिसोदिया, सहायक अभियंता लघु सिंचाई सहित संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विवि में काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते विवि अधिकारी व अतिथिगण।

# दो लाख की नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात चोरी

## परिवार गया था शादी में शामिल होने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। चोरों ने घर के ताले तोड़कर दो लाख की नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिये। घटना के समय परिवार बिजनौर जनपद में अपनी रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने गया था। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इकरार नगर में मुबारक अली का परिवार रहता है। पहले वह सऊदी अरब में नौकरी करते थे लेकिन अब यहीं परिवार के साथ में रहते हैं। बीती छह नवंबर को मुबारक अली की साली की शादी थी। लिहाजा, वह पत्नी और परिवार के अन्य लोगों के साथ बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र गांव चांगीपुर पुरैनी में अपनी ससुराल गए हुए थे। शादी निपटने के बाद 10 नवंबर को जब वह घर वापस लौटे तो कमरे के ताले टूटे हुए थे। अलमारी का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और दो लाख रुपये गायब थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। करीब 15 दिन से छानबीन में जुटी पुलिस ने अब मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला का बैग काट पचास हजार उड़ाए

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। वृद्ध महिला को बाइक पर बैठाने की मद्द के बहाने महिला ने उसके बैग से पचास हजार रूपये गायब कर दिये।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पप्सरा में राजेंद्र सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा अनमोल गुरुवार को मां मुख्तयारी देवी के साथ शहर में आजाद रोड पर स्थित एसबीआई बैंक शाखा से रुपये निकालने आया था। खाते से 50 हजार रुपये निकाले थे। दोपहर में करीब एक बजे दोनों बैंक से बाहर निकले। रुपये थैले में रखे हुए थे जो मुख्तयारी देवी के हाथ में था। बैंक के बाहर अनमोल कुमार बाइक पर बैठ गया जबकि मां मुख्तयारी देवी को बाइक पर बिठाने में एक महिला ने मदद की। इसके बाद मां-बेटे गांव की ओर चल दिए। करीब सौ मीटर दूर चलने के बाद देखा तो उनका थैला फटा हुआ था और उसमें रखे रुपये गायब थे। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

## अदालत ने 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पत्नी की हत्या करने के मामले में अदालत ने पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ में 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मटैना से जुड़ा था। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव तरारा निवासी किसान जसवंत सिंह ने 20 मई 2013 को अपनी बेटी मानवती की शादी गांव मटैना के रहने वाले बलराम के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग मानवती को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। मायके से कार दिलाने का दबाव बनाते थे। प्रताड़ना के बीच मानवती ने दो बेटे और एक बेटी को भी जन्म दिया। विवाद के बीच दोनों पक्षों में कई बार पंचायतें भी हुईं लेकिन मसला हल नहीं हो सका। आखिर में 27 अप्रैल 2022 को जसवंत सिंह अपने भाइयों के साथ मानवती को लेकर ससुराल पहुंचे और दामाद बलराम को समझाने का प्रयास किया लेकिन बलराम ने उनके सामने ही मानवती की पिटाई की। इस दौरान गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई और दोनों पक्षों को समझाकर विवाद निपटा दिया गया। इसके बाद जसवंत सिंह बेटी को सुसराल छोड़ घर वापस लौट आए लेकिन उसी दिन शाम में करीब छह बजे बलराम ने मानवती को जबरन जहर खिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष के लोग जब मौके पर पहुंचे तो बलराम समेत अन्य ससुराल वाले घर से भाग चुके थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो रिपोर्ट में जहर के सेवन के बाद मुंह दबाकर हत्या की पुष्टि की गई। मामले में जसवंत सिंह ने बलराम समेत ससुराल पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने बलराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था तभी से वह जेल में है। पुलिस ने विवेचना में छह आरोपियों के नाम निकालकर सिर्फ बलराम के खिलाफ हत्या की धाराओं में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने पत्रावली व साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन करते हुए मानवती की हत्या में पति बलराम को दोषी करार दिया था। शुक्रवार को अदालत में सजा के प्रश्न पर सुनवाई हुई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी ने बताया कि दोषी बलराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

# खेलों से बच्चों में बढ़ती है नेतृत्व क्षमता व आत्मविश्वास: साकेत



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ भव्य तरीके से हुआ। छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट करके मुख्य अतिथि का स्वागत किया। गुरूवार को दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ तेवा एपीआई लिमिटेड के एचआर हेड साकेत शर्मा ने किया। उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं की सराहना करते हुए कहा कि एसआरएस स्कूल बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास कर रहा है। पहले दिन के खेलो में रिले रेस में रोहिणी हाउस प्रथम, लॉन्ग जंप बालक वर्ग जूनियर वर्ग में

**■ एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में खेल समारोह का शुभारंभ**

अयान सैफी प्रथम, शॉट पुट जूनियर वर्ग में आर्यन संधू व आरोही चौधरी प्रथम, सीनियर वर्ग में हेमंत सिरोही व शिवांगी यादव प्रथम, 800 मीटर दौड़ में अयान सैफी प्रथम रहे। नर्सरी-सिंपल रेस में अनंता खान प्रथम, जूनियर केजी में सिंपल रेस में गौरंक सिंह प्रथम, सीनियर केजी सिंपल रेस में सदान अली प्रथम रहे। कक्षा 1 बालक वर्ग से भूमिक और बालिका वर्ग से वैष्णवी प्रथम रहे। कक्षा 2 बालक वर्ग से योगेश प्रथम एवं बालिका वर्ग से किंजल प्रताप प्रथम रहे। नर्सरी-कलेक्ट द बॉल रेस में हरमीत और नर्सरी हुला हूप रेस में यशस्वी चौहान प्रथम रहे। इस मौके पर चेयरमैन जीबी सिंह, एमडी वीरेंद्र सिंह, डायरेक्टर पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, कोऑर्डिनेटर साक्षी सिंह मौजूद रहे।

## एक नजर

### नंदन वन में किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। केन्द्रीय संयुक्त सचिव ग्रामीण विभाग ने पालिका द्वारा विकसित नंदन वन में पौधारोण किया। नंदन वन के बारे में जानकारी देते ईओ डा. ब्रजेश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में पौधारोपण कर विश्व कीर्तिमान बनाया गया। पालिका की शासकीय भूमि से अतिक्रमण व अवैध कब्जे हटाते हुए उक्त भूमि पर नंदन वन विकसित किया गया तथा यहां तीन हजार पौधे रोपित गये थे। संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने नंदन वन की प्रशंसा की तथा पालिका को अन्य रिक्त व उचित स्थानों पर वन विकसित करने को कहा।

### लघुशंका को लेकर मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के ढेला नगला गांव निवासी काबेन्द्र सिंह से देर रात मारपीट और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।काबेन्द्र सिंह शेखूपुर चौराहा स्थित गन्ना सेंटर के पास सड़क किनारे खड़े होकर लघुशंका कर रहा था। इसी दौरान मीलक गांव निवासी पुनीत अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा और खड़े होकर लघुशंका करने को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपितों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### देवर पर छेड़छाड़ व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के सोनल धर्म कांटा सम्भल चौराहा जोया निवासी मोहम्मद नबी की पत्नी नसीम जहां ने अपने देवर असीब पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़िता के अनुसार घटना आज सुबह की हैद्य जब वह घर पर बच्चों के साथ अकेली थी।तहरीर में नसीम जहां ने बताया कि इसी दौरान देवर असीब घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने बुरी नीयत से उसके कपड़े भी फाड़ दिए। विरोध करने पर असीब ने उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने देवर असीब के विरुद्ध संबंधिघ्त धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बहन की शादी में वकील को पीटा, रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। शहर के मोहल्ला कालाकुआं निवासी फजल खान पेशे से अधिवक्ता हैं। दो दिन पूर्व मोहल्ला शेखचांद में उनकी बहन के शादी समारोह से जुड़ा कार्यक्रम था। उनका आरोप है कि मोहल्ला कुरैशी में रहने वाले रिश्तेदार भी कार्यक्रम में आए हुए थे। आरोप है कि नशे की हालत में हमजा व पाशा ने अपने बहनोई के साथ मिलकर फजल खान को मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी और अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

### अजब सिंह बने बसपा के जॉन प्रभारी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कुमारी मायावती के निर्देश पर दिनांक 20 नवंबर को देर रात्रि पदाधिकारी की एक सूची जारी कर अमरोहा जनपद की विधानसभा हसनपुर के गांव दीपपुर निवासी अजब सिंह एडवोकेट को जॉन प्रभारी मुरादाबाद मंडल के पद पर मनोनीत किया गया। अजब सिंह एडवोकेट बहुजन समाज पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके है। उनकी कार्यशैली को देखकर कुमारी मायावती ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। अजब सिंह एडवोकेट ने कहा बहन जी ने जो अहम जिम्मेदारी मुझ पर विश्वास करके सोपीं है वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

# चालक ने बांसो से लदा ट्रक गायब किया

## होटल पर बुलाकर कारोबारी से की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। असम से ट्रक में बांस लादकर चालक पंजाब नहीं पहुंचा। जिस पर कारोबारी ट्रक चालक के पास पहुंचा जहां उसे एक ढाबे पर बुलाकर तीन लोगों ने उसकी पिटाई की। कारोबारी की तहरीर पर ट्रक चालक समेत उसके दो साथियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

पंजाब के पटियाला जिले के कस्बा गाजी सालार के रहने वाले बलराज सिंह मशरूम का कारोबार करते हैं। फरवरी में बलराज सिंह ने असम से बांस खरीदा था। जिसे पंजाब तक पहुंचाने के लिए उन्होंने असम के जिला दारंग के एक ट्रांसपोर्टर का ट्रक बुक किया था। ट्रक का चालक अमरोहा जिले की डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव जिवाई का रहने वाला रिजवान है। किराए के 60 हजार रुपये बलराज सिंह ने ट्रांसपोर्टर को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए थे। लेकिन, असम से माल लादकर निकला रिजवान पंजाब नहीं पहुंचा। तय तारीख पर नहीं पहुंचने में बलराज सिंह ने ट्रांसपोर्टर से नंबर लेकर चालक रिजवान को फोन किया तो उसने अमरोहा आकर अपना माल सुपुर्दगी में लेने की बात कही। लिहाजा 20 नवंबर को बलराज सिंह अपने चचेरे भाई यादवेंद्र सिंह के साथ अमरोहा पहुंचे और रिजवान से मुलाकात की। रिजवान ने दोनों भाइयों को एक ढाबे पर बुला लिया और ट्रांसपोर्टर से हिसाब करने के बाद ही माल देने की बात कही। इस दौरान बलराज सिंह ने आपसी विवाद होने की बात कही तो रिजवान ने अपने साथी आजम और कौसर अली के साथ मिलकर दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में रिजवान, आजम और कौसर अली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# चक्का फेंक में जूही और उंची कूद में शबाना प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। खेल मंत्रालय भारत सरकार, भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ एवं जनपद एथलेटिक्स एसोसिएशन अमरोहा के तत्वाधान में अंडर 14 एवं 16 आयु वर्ग की बालिकाओं के टेलेंट सर्च हेतु अस्मिता ऐथलेटिक्स लीग का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम मालीखेड़ा में किया गया।

शुक्रवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय ऐथलीट एवं क्षेत्रधिकारी मुरादाबाद नगर सुनीता दहिया एवं जितेंद्र कुमार मुख्य सुरक्षा अधिकारी मुख्यमंत्रे (उत्तर प्रदेश) ने किया। टेलेंट सर्च प्रतियोगिता के बालिका अंडर 14 आयु वर्ग के तीन ट्राइथलन ग्रुप व बालिका अंडर 16 आयु वर्ग में 60 मीटर रेस, 600 मीटर रेस, लम्बी कूद, ऊंची कूद, गोलाफेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। भाला फेंक में पलक ने प्रथम व आयुषी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में प्रियांशी ने प्रथम व सोनिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक में जूही ने प्रथम व नीति ने द्वितीय




स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद में शबाना ने प्रथम व प्रियंका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जनपद एथलेटिक्स एसोसिएशन अमरोहा के महासचिव प्रभाश चंद त्यागी ने सभी बच्चों को कड़ी मेहनत के साथ खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का समापन अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया, जबकि मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संच. ालन ओलंपिक एसोसिएशन महासचिव डॉ.एमपी शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी देशकांत त्यागी, डॉ.वीरेंद्र सिंह, राजदीप सिंह, हरविंदर सिंह, रणदीप सिंह, दुष्यंत कुमार, ओमक. ारी गुर्जर, नितिन चौधरी, अमित कुमार, निहाल सक्सेना, आंचल, रिषिका, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# धामपुर में युवक का शव संदिग्ध हालात में मिला

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम भटियाना खुशहालपुर में बीती देर रात उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के ही 21 वर्षीय युवक शिवम का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए इसकी लिखित शिकायत दी है।

जानकारी के अनुसार शिवम चौहान, जो दो भाई-बहनों में इकलौता पुत्र था। कुछ महीने पहले नौकरी के सिलसिले में जम्मू- कश्मीर गया था और दो दिन पहले ही अपने गांव लौटा था। घर में जल्द ही उसके चचेरे भाई शुभम का रिश्ता होना था और परिवार में तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच गुरुवार रात शिवम अपने चचेरे भाई के घर से लौट रहा था, तभी गांव की एक गली में उसका शव खून से लथपथ हालत में मिला। उसके मुंह से खून बह रहा था, जिससे किसी हमले की संभावना मजबूत हो रही है। घटना की सूचना पर रात में ही एएसपी पूर्वी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया। परिजनों का कहना है कि शिवम शांत स्वभाव का था और किसी से उसका कोई विवाद नहीं था। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कहीं कोई व्यक्तिगत रंजिश, पुराना तनाव या फिर प्रेम प्रसंग से जुड़ा कोई विवाद तो इसकी वजह नहीं है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल से अभी तक कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिला है। लिहाजा पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# फर्जी बैनामा कांड में बड़ी कार्रवाई

## गिरफ्तार पांचों आरोपी जेल भेजे, रिटायर्ड दरोगा सहित अन्य की तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** थाना शेरकोट क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर रची गई हैरान कर देने वाली साजिश में धामपुर पुलिस ने अब बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया है। वहीं पूरे खेल के मास्टरमाइंड बताए जा रहे सेवानिवृत्त दरोगा राजेंद्र सिंह, उनका दामाद अमित कुमार सिंह और वीरेंद्र की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।



यह मामला तब सुर्खियों में आया जब शेरकोट के मौहल्ला चौधरियान निवासी अमित कुमार सिंह और उसके ससुर व पूर्व दरोगा राजेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत की थी कि पड़ोसी संदीप गहलौत और सरीन गहलौत ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे उनकी लगभग दो बीघा जमीन का बैनामा करा लिया है। मामला गंभीर था और शिकायतकर्ता लगातार दावा कर रहे थे कि उनके साथ धोखा हुआ है। पुलिस ने इसी आधार पर जांच शुरू की। लेकिन जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ी, पूरा मामला उलटता चला गया। एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव की गहन जांच में सामने आया कि जो आरोपी बनकर शिकायत कर रहे थे, वही असल में इस फर्जीवाड़े के मुख्य संचालक थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि 25 जून को जो बैनामा कराया गया था, वह अमित कुमार सिंह के ही नाम पर था, लेकिन उसमें भी उनके परिचित सुरेंद्र उर्फ पुनीत को 'अमित कुमार' बनाकर पेश किया गया था। दस्तावेजों पर हस्ताक्षर भी उसी ने किए। इसके बाद अमित और उसके ससुर ने पड़ोसियों पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की।

इस साजिश में हिमांशु, कोमल और जयदेव को गवाह बनाकर शामिल किया गया था, जिससे पड़ोसी परिवार को फंसाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी। लेकिन पुलिस जांच में जब परत दर परत सच सामने आया, तो पूरा खेल बेनकाब हो गया।

साजिश का खुलासा होने के बाद पुलिस ने परवेंद्र, सुरेंद्र उर्फ पुनीत, हिमांशु, कोमल और जयदेव को गिरफ्तार किया। मंगलवार को सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाने के अनुसार पांचों के खिलाफ सबूत मजबूत हैं और आगे की कार्रवाई तेज की जा रही है।

उधर, मुख्य आरोपी बताए जा रहे अमित कुमार सिंह, सेनानिवृत्त दरोगा राजेंद्र सिंह और वीरेंद्र फरार चल रहे हैं। पुलिस इनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारी के मुताबिक मामले की गंभीरता और साजिश की गहराई को देखते हुए इन फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

घटना ने पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना दिया है। लोगों का कहना है कि जमीन विवाद को लेकर इस हद तक योजना बनाकर किसी निर्दोष को फंसाने की कोशिश चौंकाने वाली है। पुलिस की त्वरित जांच और कार्रवाई के बाद अब पूरा मामला साफ हो चुका है और कानून अपना काम कर रहा है।

# शेरकोट में आवरा कुत्तों का आतंक

## अभियान चला कर पकड़ने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** आतंक का पर्याय बने आवारा कुत्तों के गली-गली व बाजारों मे घूम रहे झुंड से जनता को पूर्व में बच्चों को काटने की घटनाओं को ध्यान में रख कर डर सता रहा है। वही लोगों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी से आवारा कुत्तों को पकड़वाये जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद द्वारा समय-समय पर कुत्तों को पकड़वाने के लिए अभियान चलाया जा रहा हो, लेकिन नगर मे इस समय आवारा कुत्तों के गली मौहल्लों में घूम रहे झुण्ड ने लोगों मे अपने-अपने बच्चों को लेकर डर सता रहा है। आवारा कुत्तों के लगातार बढ़ रहे आतंक से जहां एक तरफ जनता परेशान है। वहीं आवारा कुत्ते बच्चों व लोगो को पूर्व में काटकर घायल कर चुके है। हर एक मौहल्ले में सैकड़ों कुत्ते घूमते रहते हैं। जो रात के समय आते जाते व्यक्तियों पर हमला कर घायल कर देते है। इतना ही नहीं यह आवारा कुत्तें आते जाते बच्चों पर भी हमला करते रहते हैं। नगर व थाना क्षेत्र में कई लाख की आबादी होने के बावजूद भी नगर के सरकारी अस्पताल में कुत्ते के काटे जाने के बाद लगने वाले इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। अगर कोई मरीज धामपुर के अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने जाता भी है तो कभी कभी धामपुर में भी इंजेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाने की वजह से बिजनौर जाना पड़ता है। जबकि मेडिकलों पर यह इंजेक्शन आसानी से पांच सौ रुपये से लेकर आठ सौ रुपये तक मिल जाता है। क्योंकि कभी कभी तो खाने को लेकर कुत्ते आपस में लड़ बैठते है और लड़ाई के दौरान बीच मं आये बच्चे या व्यक्तियों के काट लेते है। इन आवारा कुत्तों की वजह से स्कूल जाने वाले छोटे छोटे बच्चे भी घबराते है। नगर के गणमान्य लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है, जिससे जनता को राहत मिल सके।

अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी का कहना है कि कुछ दिन पूर्व पालिका द्वारा गाइडलाइन के मुताबिक कुत्ते पकड़ने का अभियान चलाकर कुत्तों की एक खेप पकड़ कर उनकी नसबंदी कराने हेतु अस्पताल भेजा गया था, जो अभी भी कुत्तों की खेप अस्पताल में मौजूद है। जल्द ही दो सप्ताह के अन्दर अन्दर कुत्ते पकड़वाने का अभियान चलाया जायेगा।

### दर्जनों को काटकर कर चुके घायल

**शेरकोट।** आवारा कुत्तों के झुंड ने एक ही दिन में लगभग 22 माह पूर्व नगर के मौहल्ला कायस्थान निवासीगण मौहम्मद अरहम (6 वर्ष) पुत्र फईम अहमद, जकरिया (7 वर्ष) पुत्र शब्बु, नमरा परवीन पुत्री सुल्तान, शफी (6 वर्ष) पुत्र शहबाज एवं मौहल्ला काजियान निवासी हमाद (5 वर्ष) पुत्र अफजाल अहमद, मौहम्मद आहिल (7 वर्ष) पुत्र फईम अहमद आदि को हाथ, पैर सहित सिर पर काटकर गम्भीर रुप से घायल दिया था। वही 12 मार्च को शेखान निवासी साबिर को कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया था। उधर सामान लेने जा रहे अलीशान पुत्र खुर्शीद को भी कुत्तों ने हमला कर बुरी तरह घायल किया था।

# 26 नवम्बर को मुजफ्फरनगर में होगी संविधान बचाओ रैली

## कार्यकर्ता कर रहे जनसम्पर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में संविधान बचाओ रैली होने जा रही है। जिसकी सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ता दिन-रात सर्वसमाज के लोगों से मिलकर रैली को सफल बनाने के लिए अपील कर रहे है।

आज अपने निवास पर एक मुलाकात के दौरान आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर 26 नवंबर को मुजफ्फरनगर में होने वाली संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिए अपनी रुपरेखा तैयार करते हुए मुजफ्फरनगर के लिए बड़ी संख्या में बसों, कारो व अन्य वाहनों का रेला सुबह सवेरे ही अपने निर्धारित स्थानों से रवाना होगा।

उन्होंने कहा कि हम सभी अपने सांसद सर्वजन लोकप्रिय नेता एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद की आवाज है और उनको और अधिक मजबूत बनाना है, तभी हम संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ सकेंगे। मौहम्मद ताहिर ने कहा है कि यह रैली ही नहीं बल्कि महारैला होगी, जिसे ऐतिहासिक बनाने के लिए हम और आप सभी को एक मंच पर आना है और मुजफ्फरनगर पहुंचना है।

# इनरव्हील क्लब रॉयल का नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** इनरव्हील क्लब धामपुर रॉयल ने सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के अंतर्गत नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर इनरव्हील क्लब जिला 310 की जिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के सपना परियोजना 'सच्चा उपहार' के तहत आयोजित किया गया।

शिविर में स्थानीय दंत चिकित्सक डा. मनुज सिंह, डा. अपूर्वा असवाल तथा उनकी चिकित्सा टीम ने बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के दाँतों की जांच की। डॉक्टरों ने आवश्यक उपचार संबंधी सलाह दी और दंत सुरक्षा व सफाई को लेकर जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों को स्वेटर और इनरव्हील कपड़े के बैग भी वितरित किए। ठंड के मौसम को देखते हुए स्वेटरों का वितरण लोगों के लिए बेहद लाभदायक रहा।

क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी समाजहित से जुड़े ऐसे सेवा कार्य नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

# स्योहारा में सचल न्यायालय का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** तहसील स्तर पर सचल न्यायालय का आयोजन कर मामले का निस्तारण किया जायेगा। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा निर्देश पर जनपद न्यायाधीश के नेतृत्व में ग्राम न्यायालय धामपुर द्वारा स्योहारा में सचल न्यायालय का आयोजन किया गया। दो साल तक की अवधि वाले अभियोग, हर्जे खर्चे व एक्सिडेंटल अभियोग पर सुनवाई कर निस्तारण किया गया।



## 46 वादों का मौके पर निस्तारण

नगर पालिका सभागार में साढ़े ग्यारह बजे से सचल न्यायालय का आयोजन किया। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश बिजनौर के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ग्राम न्यायालय धामपुर के द्वारा नगर पालिका सभागार में सचल न्यायालय का आयोजन किया। इस दौरान 46 वादों का मौके पर निस्तारण किया गया। 5260 रूपए की जुर्माना राशि वसूली गई। जिसमें 11 अपराधिक व 3 परिवारिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर मौके पर किया गया। ग्राम न्यायालय धामपुर के पीठासीन अधिकारी प्रधुम्न कुमार मिश्र ने बताया गया कि त्वरित सुलभ एवं सस्ता न्याय प्रदान करने के लिये समय-समय पर तहसील धामपुर के विभिन्न क्षेत्रों में सचल न्यायालय का संचालन होता रहेगा। स्योहारा क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्रामों के वादों का निस्तारण किया गया। इस दौरान पेशकार सचिन कुमार, आशुलिपिक मंजू चौहान, लिपिक वर्षा चौहान, एडीजीसी परवेन्द्र कुमार, दीपक कुमार अधिवक्ता अनस सईद, सुमित, आयुष कौशिक, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक



**रेहड़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं और छात्राओं को उनकी सुरक्षा एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक सोनू कुमार ने कहा कि महिलाएं घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं। उन्होंने बढ़ते महिला अपराधों के बारे में जानकारी देते हुए महिलाओं और बालिकाओं को इससे बचने के उपाय बताए। उन्होंने महिलाओ और छात्राओं से कहा कि घर से बाहर आते जाते समय डरने की जरूरत नहीं है, यदि इस दौरान उनके साथ कोई अप्रिय घटना हो तो उसका डटकर मुकाबला करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई उनके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भेजता है, सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करता है या फोन करके उनको परेशान करता है तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दें। पुलिस सहायता के लिए तुरंत मौके पर पहुंचेगी। महिला आरक्षी पूजा रानी द्वारा हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट भी वितरित किए गए। इस दौरान महिला आरक्षी पूजा रानी सहित मिशन शक्ति की पूरी टीम मौजूद रहीं।

# सीएचसी स्योहारा में 21 नवम्बर से चार दिसम्बर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा



## दो चरणों में चलेगा पखवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर जनपद सहित सीएचसी स्योहारा में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू हो गया है। शुरुआत एक पुरुष नसबंदी कराकर की गई जबकि अब तक कुल 3 नसबंदी कराई जा चुकी हैं।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने बताया कि पखवाड़े में परिवार नियोजन के तहत पुरुष सहभागिता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित हो रहा है। प्रथम चरण 21-27 नवंबर दंपत्तियों से संपर्क कर प्रेरित करना है तथा द्वितीय चरण 28 नवंबर 4 दिसंबर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर पुरुष नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे। डा. स्नेही ने बताया कि पुरुष नसबंदी सरल सुरक्षित और बिना चीरा-टांके की प्रक्रिया है, जो 10-20 मिनट में पूरी हो जाती है। पुरुष नसबंदी कराने पर 3000 रुपये तथा प्रेरक को 400 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाती है। आज एक पुरुष नसबंदी जिला अस्पताल बिजनौर में सर्जन डा. नरेश जौहरी द्वारा कराई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम और आशा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

# सरदार पटेल जयंती पर भारत एकता पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर विधानसभा क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों, छात्र-छात्राओं व भाजपा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने ग्राम फुलसंदा से भारत एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा करके पदयात्रा का स्वागत किया गया।



## कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम फुलसंदा से सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में क्षेत्र के स्कूलों के छात्र-छात्राओं नागरिकों पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भारत एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश कुमार, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, भटियाणा मंडल अध्यक्ष दानवीर चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन, दर्पण रावल, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री विनीत शर्मा, संजीव त्यागी, प्रशांत वर्मा, कुलवीर चौधरी, राहुल चौधरी, शिवम त्यागी आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता फुलसंदा आश्रम से हुई पदयात्रा में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं में पदयात्रा में भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद आदि नारे लगाते तिरंगा झंडा लिए पद यात्रा में चल रहे थे। पदयात्रा सीकरी बुजुर्ग, दरबारपुर फतेहपुर, महमूदपुर भिक्का, नहटौर डिग्री कॉलेज, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, ब्लॉक कार्यालय, झालू चौराहा से होते हुए श्याम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज में जाकर संपन्न हुई। पदयात्रा का विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया। पदयात्रा में नागरिकों द्वारा लिए हुए तिरंगा झंडा अपने आप में एक आकर्षण का केंद्र रहा। लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुवर बृजेश कुमार, विधायक ओमकुमार, अतुल मारवाड़ी, पालिका अध्यक्ष हल्दौर विमला देवी, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर अनुभव विश्वकर्मा, हिमांशु पाराशर, गौरव चौधरी, हर्षित चौधरी, मुकेश गुप्ता, तेजपाल सैनी बलजीत धनंजय चौधरी जोजो मोहम्मद शेख, आलम गुलमान चौधरी, जनता इंटर कॉलेज महुआ, नहटौर डिग्री कॉलेज, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, बलराम कुमार सरस्वती विद्या मंदिर, श्याम नारायण स्मारक इंटर कॉलेज, जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज सहित नगर के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में भाग लिया। सुरक्षा की दृष्टि से तहसीलदार धामपुर धनराज सिंह, नायब तहसीलदार राजकुमार, क्षेत्राधिकारी अभय पांडे थाना, अध्यक्ष धीरज नागर, अन्य और थानों की भी भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा



**कोतवाली देहात।** भाजपा महेश्वरी जट मण्डल द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान महिला सम्मेलन का आयोजन ब्लॉक कोतवाली के डबाकरा हाल में किया गया। सम्मेलन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि डा. नेहा त्यागी ने महिलाओं को अपने अधिकारों और जिम्मेदारियां के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्वदेशी चीजों को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला उपस्थित रही। इस मौके पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना त्यागी, रीना कश्यप, ममता, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, विनीत चौधरी, अनिल विश्नोई, ऋषि त्यागी, पारुल, पिंकी, कुसुम लता, रेखा, सोनम, ममता, रूपा आदि मौजूद रहे।

### गन्ना भुगतान कराने की मांग



**चांदपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी से पीबीएस फूड शुगर मिल द्वारा गन्ना भुगतान कराये जाने की मांग की है। वरिष्ठ कार्यकर्ता देवेंद्र उर्फ बिट्टू के नेतृत्व में इस बाबत एसडएम को मांग पत्र दिए जाने की तैयारी की जा रही है। मीडिया प्रभारी मुस्तकीम राजपूत ने बताया कि हमारा संगठन किसान हित में आवाज उठाते हुए पीबीएस फूड्स शुगर मिल द्वारा नवीन गन्ना सत्र 2025-26 मे खरीदे जा रहे गन्ना का भुगतान की मांग करता है, जबकि शासनादेशानुसार 14 दिन में किसान से खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर देने के सख्त आदेश हैं, लेकिन सरकारी शासनादेशों को भी मिल अधिकारी ताक में रखकर मनमानी कर रहे है। संगठन ने कहा कि यदि एक दो दिन मे भुगतान नहीं भेजा गया तो संगठन मिल परिसर में धरना प्रदर्शन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी मिल प्रबंधक तंत्र की होगी। इस अवसर पर मुस्तकीम राजपूत, सूरज कश्यप, हर गुलाल सिंह, दयाराम सिंह, गुड्डू खान, नफीस अहमद, इमरान खान आदि मौजूद थे।

### छात्र को बेरहमी से पीटा



**नहटौर।** नहटौर के एक स्कूल के छात्र भारत एकता पदयात्रा में शामिल होने के लिए आए थे। दोपहर करीब दो बजे पदयात्रा का कार्यक्रम संपन्न होने पर स्कूली छात्र धामपुर मार्ग पर हल्दौर चौराहे के पास खड़ी स्कूली बस में बैठने के लिए आ गए थे और बस में बैठने लगे थे। प्रत्यदर्शियों के मुताबिक तीन युवक बाईक से आए। एक युवक हाथ में गन्ना काटने वाला कसला लेकर आ गया, जिससे अफरा तफरी मच गई। काफी देर तक हंगामा मचा रहा। एक छात्र के साथ बेल्टो से मारपीट होने पर अन्य छात्र सहम गए। मारपीट होती रही और लोग तमाशबीन बने रहे। आस-पास के दुकानदार मौके पर पहुंचे उन्हें देखकर तीनों युवक मौके से निकल गए। उनकी बाइक मौके पर ही रह गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि जानकारी मिली है। जांच कराई जा रही है।

### टूर्नामेंट में आज खेले गए चार मैच



**चांदपुर।** नगर के हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में चल रहे द्वितीय विवेक कप नार्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट में आज अजान ग्रुप दिल्ली, आधारशिला स्कूल और बीकेजी ज्वैलर्स के सहयोग एवं चांदपुर स्पोर्ट्स सोसायटी के प्रयास से बाबू कैलाश चंद्र मित्तल और सरदार इकबाल सिंह लोहिया की स्मृति में 4 मैच खेले गए। पहला मैच रामपुर हॉस्टल और फरीदाबाद टीम के बीच में खेला गया, जिसमें रामपुर हॉस्टल ने फरीदाबाद को सेकंड शूटआउट में 1-0 से हराया। दूसरा मैच मिलक और सोनीपत के बीच खेला गया, जिसमें मिलक ने सोनीपत को 5-0 से हराया। तीसरा मैच बिजनौर और मुरादाबाद के बीच खेला गया, जिसमें बिजनौर 1-0 से विजयी रहा। आखिरी मैच चांदपुर और हरिद्वार के बीच खेला गया, जिसमें चांदपुर 1-0 से विजयी रहा। मैच के मुख्य अतिथि विजय शंकर एसडीएम चांदपुर, विवेक कर्णवाल डायरेक्टर आधारशिला स्कूल, समाजसेवक हाजी नसीम अहमद, हनी तोमर, सरदार अच्छन सिंह लोहिया, अफजल फारुकी, शोभित गोयल आदि भी मौके पर शामिल रहे।

### रोडवेज बस की बाइक से भिड़ंत



**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर ब्लॉक के गेट के सामने आज दोपहर एक रोडवेज बस की बाइक से भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार नूरपुर क्षेत्र के गांव भैंसा मिलक निवासी जोगेंद्र सिंह घायल हो गया। आस-पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए और रोडवेज बस को रोक लिया गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के पर बस अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गई। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने जानकारी से इंकार किया है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

# वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर जल्द दर्ज कराएं: अहसन मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन और तहरीक तहफ्फुज ए सुन्नियत (टीटीएस) के आलमी सदर मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर जल्द से जल्द दर्ज कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुतावल्ली और जिम्मेदार 05 दिसंबर 2025 से पहले अपनी संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन करा लें।

अहसन मियां ने बताया कि सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों, जिनमें मस्जिदें, दरगाहें, खानकाहें, कब्रिस्तान, मदरसे और मकतब शामिल हैं, को उम्मीद पोर्टल पर दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने सभी मुतावल्लियों और जिम्मेदार व्यक्तियों से इस प्रक्रिया को समय पर पूरा करने का आग्रह किया। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने जानकारी दी कि यदि किसी मुतावल्ली को पोर्टल पर संपत्ति दर्ज कराने में कोई समस्या आती है, तो वे



टीटीएस के जिम्मेदार सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। इन सदस्यों में फैज मंसूरी (9897070701), इशरत नूरी (7906478223) और आलेनबी (9927270800) शामिल हैं। सहायता के लिए दरगाह स्थित टीटीएस कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, उम्मीद पोर्टल से संबंधित सहायता के लिए 23 नवंबर, रविवार को दरगाह मुख्यालय पर एक विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक चलेगा, जहां टीटीएस के स्वयंसेवक वक्फ संपत्तियों के जिम्मेदार व्यक्तियों की मदद के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# बहेड़ी में नई चीनी मिल का हुआ शुभारंभ

■ **गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार ने त्रिवटीनाथ शुगर मिल का उद्घाटन किया**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश की 124वीं गन्ना चीनी मिल त्रिवटीनाथ शुगर एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, बहादुरगंज का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार और अन्य भाजपा नेताओं ने पटला पूजन कर मिल का उद्घाटन किया। उद्घाटन से पहले हवन पूजन भी किया गया।

मिल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार ने किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि त्रिवटीनाथ शुगर मिल से किसानों को काफी लाभ होगा और उन्हें अब चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि किसानों द्वारा दिए गए गन्ने का भुगतान सात दिन के भीतर उनके खाते में पहुंच जाएगा। उन्होंने गन्ना किसान और मिल को एक-दूसरे का पूरक बताया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने क्षेत्र में नई मिल स्थापित करने के लिए प्रबंधकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अब किसानों को अपना गन्ना लेकर दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे क्षेत्र के किसानों को फायदा होगा।

सांसद ने मिल मालिकों को समय पर भुगतान करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने बहेड़ी केसर चीनी मिल का उदाहरण देते हुए कहा कि जिन मिलों ने किसानों के गन्ने का समय पर भुगतान नहीं किया, उनकी जमीन और चीनी कुर्क की गई है।

कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी वहारन लाल मौर्य ने भी किसानों को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी दिलीप सैनी, अध्यक्ष राम सेवक भारद्वाज, डायरेक्टर रामदयाल मोहता, अश्वनी अग्रवाल, जनरल मैनेजर सुरेंद्र पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा गंगवार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, पुलिस अधीक्षक उत्तरी मुकेश कुमार मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, ब्लॉक प्रमुख शेरगढ़ भूपेंद्र कुर्मी, जिला पंचायत सदस्य आसाराम गंगवार, सूर्य कुर्मी, समाजसेवी डॉक्टर आरसी गंगवार सहित क्षेत्र के कई किसान और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## एक नजर

# साइबर ठगी से बचने को पुलिस ने किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** ऑन लाइन साईबर ठगी की बढ़ रही शिकायतों पर लोगों को साईबर ठगी से बचने को शुक्रवार शाम को थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ जागरूकता अभियान के तहत सड़क पर निकल पड़े।



इस दौरान उन्होंने जगह जगह मार्केट में लोगों को इकट्ठा कर उन्हें साईबर ठगी से बचने को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी तरह के लालच में न फंसे। आपको कोई व्यक्ति बैंक का नाम लेकर आपसे ओटीपी मांगे तो वह उसे न दे कर सम्बंधित बैंक से सम्पर्क करें।साथ ही कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनर्निरीक्षण अभियान के दौरान कोई भी आपसे फोन कर वोटर लिष्ट में नाम जोड़ने जैसी बात कर ओटीपी मांगता है तो भी न दें। आपकी थोड़ी सी लापरवाही आपका बैंक खाता खाली कर सकती है। अगर किसी कारण धोखे से किसी के साथ कोई ऐसी घटना घट जाती है तो वह तुरंत उनसे संपर्क करें ताकि उसकी समस्या हल हो सके।

**प्रभारी निरीक्षक द्वारा जागरूक करने का सिलसिला जारी**

# दस दिन से मंडी में पढ़ा है कई कुंतल धान दर्ज रिपोर्ट को सुलटाने में लगा है बिचौलिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** किसान नेताओं के धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम के आदेशों पर क्षेत्रीय विपरण अधिकारी ने क्षेत्र के एक बिचौलिया के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया जाता है कि इस बिचौलिया का कई कुंतल धान आज भी उप मंडी स्थल पर पड़ा धूल चाट रहा है।

क्षेत्र की उपमंडी स्थल पर खुले धान क्रय केंद्रों पर किसानों की बढ़ती भीड़ से केंद्र प्रभारियों के हाथ पैर फूले हुए हैं। केंद्रों पर लगने वाली इस भारी भीड़ के चलते केंद्र प्रभारी भी चांदी काट रहे हैं। जिसके चलते क्षेत्र के किसान अपना धान तुलवाने के लिए कई कई दिन मंडी में अपना धान लिए पड़े हैं। किसानों के साथ हो रही परेशानी और शोषण के खिलाफ गुजरी 10 नवंबर को किसान नेताओं ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन किया था, साथ ही केंद्रों पर बिचौलियों का धान तोले जाने को लेकर खासा हंगामा काटा था। किसानों के धरना प्रदर्शन पर पहुंचे एसडीएम उदित पवार ने किसान नेताओं की मांगों पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए क्षेत्रीय विपरण अधिकारी एसएमआई अरविन्द कुमार राठी को बिचौलिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए थे।

एसडीएम के आदेशों पर श्री राठी द्वारा क्षेत्र के एक बिचौलिया सुरेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बिचौलिए का मंडी परिसर में आज भी कई कुंतल धान अभी भी पड़ा है, जिसे कई बार केंद्र पर तोले जाने का दबाव बिचौलिया केंद्र प्रभारी पर बना चुका है। बताया जाता है कि यह बिचौलिया दर्ज कराई गई रिपोर्ट को भी सुलटाने की जुगत में लगा हुआ है।

# एसआईआर के कार्य में सभी लोग दें अपना सहयोग: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** चुनाव आयोग के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनर्निरीक्षण एसआईआर अभियान के कार्य मे तेजी लाने को शुक्रवार को एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार सिंह ने शीशगढ़ नगर पंचायत कार्यालय में कस्बे के जनसुविधा केंद्र संचालकों, उचित दर विक्रेताओं, सभासद व पूर्व सभासदों के साथ ही समस्त 18 बीएलओ के साथ बैठक कर सभी केंद्र संचालकों को आदेशित कर कहा कि वह इस अभियान को राष्ट्रीय महा पर्व के तौर पर कार्य करें। इसे कमाई का अवसर बिल्कुल न बनाए, बल्कि सेवा का अवसर बनाए और जनता के हितों को ध्यान में रखकर फार्म भरने व फार्म जमा कराने में सभी लोग बीएलओ का सहयोग करें।

बीएलओ द्वारा जनसुविधा केंद्र संचालकों द्वारा लोगों से अधिक रकम बसूले जाने की शिकायत पर एसडीएम ने कड़े शब्दों में कहा कि अगर उन्हेंअब इस तरह की कोई शिकायत मिली तो उनके खिलाफ शख्त कार्यवाही की जाएगी, क्योकि उन्हें जनता की सुविधा के लिए अधिकृत किया गया है। बैठक में मौजूद सभासद व पूर्व सभासदों तथा खाद्य उचित दर विक्रेताओं से अपील की कि वह सभी बीएलओ से सामंजस्य बनाकर उनका पूर्ण सहयोग करें। उधर चेयरमैन नीलोफर द्वारा सभी बीएलओ के सहयोग के लिए प्रत्येक के साथ सहायक के रूप में एक व्यक्ति लगाए जाने को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए एसडीएम ने उनके कार्य को काफी सराहना की और कस्बे में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की आशा की। उन्होंने सभी बीएलओ की प्रगति रिपोर्ट चेक कर सभी बीएलओ को निर्देश जारी किए। बैठक में तहसीलदार, लेखपाल पुष्पेंद्र सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू ,सभासद दिलशाद बॉस, अजय अग्रवाल, अजीज अहमद, कमर अली सहित वर्तमान व पूर्व सभासद मौजूद रहे सभी ने पूर्ण सहयोग का वादा किया।



**शत प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित**

एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार ने बैठक में साफ कहा कि शत प्रतिशत कार्य करने वाले बीएलओ को उनके द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने विशेष गहन पुनर्निरीक्षण के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी। चेयरमैन नीलोफर द्वारा एसआईआर के कार्य में पूर्ण सहयोग दिए जाने की प्रशंसा भी की।

# शादी से तीन दिन पहले युवती संदिग्ध हालात में लापता

■ **पड़ोसी युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी सचिन कुमार ने थाने में दी लिखित तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीय छोटी बहन बीती रात परिवार के साथ घर में सोई हुई थी, लेकिन सुबह वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। करीब सुबह 5 बजे पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने सचिन को फोन कर बताया कि उसने उनकी बहन को जाते हुए देखा है।

फोन आने के बाद सचिन उसी युवक के साथ अपनी बहन की तलाश में निकला, लेकिन काफी खोजबीन के बावजूद युवती का कहीं कोई पता नहीं चल सका। युवक के अनुसार उसकी बहन का पहले उसी पड़ोसी युवक से प्रेम प्रसंग रहा था, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो चुका था। समझौते में यह स्पष्ट रूप से तय हुआ था कि आगे दोनों एक-दूसरे से कोई बातचीत या संपर्क नहीं करेंगे।

युवक ने बताया कि उसकी बहन की शादी आगामी 24 नवंबर को तय थी और घर में इसकी तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच उसका अचानक गायब हो जाना परिवार के लिए बड़ा सदमा बन गया है। सचिन ने संदेह जताते हुए बताया कि जिस युवक पर बहन को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है, उसी का सबसे पहले फोन आना और यह कहना कि उसने युवती को जाते हुए देखा है, पूरे मामले को और अधिक संदिग्ध बनाता है। युवक की इस सक्रियता से उसकी भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके साथ ही युवक ने यह भी बताया कि आरोपी युवक के घर रखे फोन में उनकी बहन से संबंधित चौटिंग भी सुरक्षित है, जिससे प्रेम प्रसंग की पुष्टि होती है। आरोप है कि युवक पहले से योजना बनाकर युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही युवती को बरामद कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने की डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। यह समीक्षा बीएलओ ऐप पर इम्युरेशन फॉर्म (ई.एफ.) के डिजिटाइजेशन से संबंधित थी, जिसमें 118-बहेड़ी, 121-नवाबगंज, 126-आंवला और 122-फरीदपुर विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ), सुपरवाइजर और बीएलओ शामिल हुए।

बैठक में, जिलाधिकारी ने उन एईआरओ को निर्देश दिए जिनका डिजिटाइजेशन प्रतिशत बहुत कम है। उन्होंने कार्य में शिथिलता बरतने वाले सुपरवाइजरों और बीएलओ के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया कि वे एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) के कार्य को प्राथमिकता पर लें और निर्धारित समयावधि में पूरा करें। इसके लिए प्रतिदिन कम से कम सौ फॉर्म फीड कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।

■ **सहायक निर्वाचक अधिकारियों, सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बूथवार गहन समीक्षा**

उच्च अधिकारियों को सुपरवाइजरों और बीएलओ के कार्यों का अवलोकन करने के निर्देश दिए गए, ताकि वे भी उत्साह के साथ कार्य कर सकें। कुछ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और सुपरवाइजरों ने बताया कि शिक्षा मित्र बीएलओ द्वारा कार्य में लापरवाही की जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संतोष सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह सहित संबंधित एईआरओ, सुपरवाइजर और बीएलओ उपस्थित रहे।

# नाली निर्माण में लगाई जा रही पुरानी ईटें, मुख्यमंत्री से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** ग्राम पंचायत हाफिजगंज में लाखों रुपये की लागत से बनवाई जा रही नाली भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। नई ईटों के बजाय कई वर्ष पुरानी, टूटी-फूटी ईटें दोबारा लगाकर निर्माण कराया जा रहा है, जो सीधे तौर पर सरकारी मानकों की धज्जियां उड़ा रहा है।

इस गंभीर मामले को लेकर हाफिजगंज के रहने वाले युवा अधिवक्ता यूनिश अल्वी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि अख्तर हाजी के घर से लेकर डॉक्टर तय्यब की दुकान तक बनाए जा रहे नाले में पुराने खड़ंजे की ईटों को उखाड़कर दोबारा प्रयोग किया जा रहा है, ताकि धन का गबन किया जा सके। यूनिश अल्वी का कहना है कि यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार है। अगर जांच हो जाए तो लाखों रुपये के गोलमाल का खुलासा हो सकता है। ग्रामीणों में भी इसको लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि घटिया निर्माण के कारण बरसात में नाली टूट जाएगी और गंदा पानी सड़कों पर भर जाएगा। इस पूरे मामले में जब ग्राम प्रधान और ठेकेदार से पक्ष जानने की कोशिश की गई, तो दोनों ने ही फोन नहीं उठाया, जिससे उन पर लगे आरोप और पुख्ता होते नजर आ रहे हैं। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं। देखना होगा कि क्या इस मामले में निष्पक्ष जांच होकर दोषियों पर कार्रवाई होती है या यह मामला भी कागजों में दम तोड़ देगा।युवा अधिवक्ता यूनुस अल्वी ने चेतावनी दी है कि इस मामले की जांच कर कार्यवाही नहीं की गई तो वह इसके खिलाफ आंदोलन को मजबूर होंगे।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया एसआईआर का महत्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के महत्व पर प्रकाश डाला है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना और सूची को त्रुटि रहित बनाना है।

सिंह ने अभियान की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि जिस तरह आज हम अपने पूर्वजों के 2003 के वोट ढूंढते हैं, उसी तरह भविष्य में हमारी पीढ़ियां 2025 की मतदाता सूची में हमारे नाम तलाशेंगी।

यदि किसी कारणवश उनका नाम सूची में नहीं मिला, तो उन्हें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने नागरिकों से इसे केवल एक वोट न समझकर जागरूक बनने और जागरूकता फैलाने की अपील की।

अधिकारी ने बताया कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि गांव, शहर, गली-मोहल्ले या रिश्तेदारी में कोई भी पात्र व्यक्ति ऐसा न बचे जिसका एसआईआर फॉर्म जमा न हुआ हो। यदि किसी को फॉर्म नहीं मिला है, तो वे अपने बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को फोन करके फॉर्म मांग सकते हैं और उसे तत्काल भरकर जमा कर सकते हैं।

नागरिक स्वयं ऑनलाइन एसआईआर फॉर्म भी भर सकते हैं। इसके लिए https://voters.eci.gov.in/ enumeration-form-new पर पहले साइन-अप और फिर लॉगिन करना होगा।

इसके बाद अपना प्रदेश और ईपिक नंबर (वोटर आईडी नंबर) डालकर फॉर्म भरा जा सकता है। 2003 की वोटर लिस्ट https://ceouttarpradesh. nic.in/ rollpdf/ rollpdf.aspx पर जिला और असेंबली चुनकर डाउनलोड की जा सकती है।

# एसबीआई ने किया ग्राहक संपर्क एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बहेड़ी शाखा ने ग्राम पंचायत हरहरपुर डूंडा शुमाली में एक ग्राहक संपर्क और किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बैंक की विभिन्न ऋण एवं जमा योजनाओं की जानकारी देना और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने किसानों की उन्नति के लिए चलाई जा रही कई योजनाओं के बारे में बताया।

■ **किसानों को ऋण योजनाओं और साइबर धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी**

इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, किसान समृद्धि ऋण, स्वर्ण आभूषण ऋण और एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड आधारित ऋण शामिल थे। इसके अतिरिक्त, बचत खाता, सावधि जमा खाता, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी जमा सुविधाओं की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को बढ़ते साइबर अपराधों और धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया। शाखा प्रबंधक विनीत कुमार ने भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और बेहतर बैंकिंग सेवाओं के लिए स्थानीय ग्राहकों से सहयोग की अपेक्षा की।

इस समारोह में फील्ड ऑफिसर शिवम वैश्य, सोनू शर्मा, मोहम्मद शाह, हाजी परवेज, इकबाल सिंह, जसवीर सिंह, देवेंद्र सिंह सहित कई सम्मानित किसान और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# घर में हुई चोरी बनी मौत का कारण, सदमे से मां ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव सुंदरी हाल निवासी नगर की गुलशननगर नवाबगंज के छत्रपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम करीब 7 बजे वह अपने परिवार के साथ भात मांगने के लिए पड़ोस के गांव यासीननगर गया था, जाते समय उसने घर में ताला लगा दिया था।

सुबह जब वह वापस लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा है और घर में रखा कीमती सामान व जेवरात लगभग कीमत एक लाख रुपये गायब थे। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण किया और थाने में तहरीर देने को कहा।

इसी दौरान पुराने गांव से उसकी मां भी मौके पर पहुंची। जैसे ही उन्होंने घर की हालत देखी, वह सदमे से बेहोश होकर गिर पड़ीं, आनन-फानन में उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

छत्रपाल ने बताया कि मां के अंतिम संस्कार में व्यस्त होने के कारण वह उसी दिन तहरीर नहीं दे सका। इसके बाद उसने शुक्रवार को थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया, और चोरों की तलाश की जा रही है।

बढ़ती चोरियों से जहां क्षेत्र में खलवली मची है तो दूसरी ओर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

मालूम हो बीते दिनों गांव हरदुआ किफायतुल्ला और रिछोला किफायतुल्ला के साथ ही गांव ग्रेम में भी चोरी की घटनाएं सामने आई थीं, लेकिन वहां आज तक न तो चोर पकड़े गए और न ही मुकदमा दर्ज किया गया।

वहीं, कुछ माह पहले गांव बिशनपुर में दिनदहाड़े चोरी की गई थी, परंतु पुलिस आज तक आरोपी तक नहीं पहुंच सकी है। लगातार हो रही चोरियों और ढीली पुलिस कार्रवाई से क्षेत्रीय लोगों में भारी आक्रोश और भय का माहौल बना हुआ है।

# बाइक-स्कूटी की टक्कर, दोनों बाइक सवार हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव परौरे निवासी युवक दोपहर बाद अपने रिश्तेदार के साथ बाइक से किसी काम से बरेली जा रहे थे। उधर थाना क्षेत्र निवासी युवक दबा लेने कस्बे में जा रहे थे जैसे ही वे दोनों राधाकृष्ण मंदिर के सामने कट से कस्बे की ओर मुड़ रहे थे तभी दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर और पसली की हड्डी में गंभीर चोट आई है। और दूसरी बाइक सवार युवक को भी चोटें आई हैं।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी जिसके बाद घायलों को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पार्श्वनाथ भगवान की आराधना में डूबे रहे तमाम श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर।** प्रेमपुरी स्थित जैन औषधालय में श्री पार्श्वनाथ भगवान एवं सर्वसिद्धी दायक पदमावती माता की भक्ति आराधना कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राजेश जैन, संदीप जैन एवं पुनीत जैन ने वजारोहण के साथ किया। अभिषेक एवं शान्तिधारा विकास जैन और अनुज जैन द्वारा की गई। सवेरे 9 बजे माता का चोला परिवर्तन अरूण जैन, संजीव जैन, राजेश जैन और राजीव जैन गर्ग डुप्लेक्स द्वारा किया गया। सवेरे की माता की महाआरती रविन्द्र जैन, विकास जैन, आकाश जैन नावला वालों द्वारा की गई। शाम को माता का

जागरण शुरू हुआ तथा मंच उदघाटन नीरज जैन, अमन जैन और सिद्धान्त जैन दिल्ली वालों द्वारा किया गया। दीप प्रज्जवलन डा. हरेन्द्र जैन व प्रवीण जैन ने संयुक्त रूप से किया। रात्रि कलश की स्थापना प्रवेश जैन, अनुभव रात्रि में अखण्ड ज्योति प्रभाष चन्द जैन, अमित जैन, अनुज जैन नावला वालो द्वारा की गई। । रात्रि में चोला परिवर्तन नरेन्द्र जैन, विपिन जैन, संजय जैन, राजीव जैन, अभिषेक जैन द्वारा किया गया। रात्रि महाआरती सतीश जैन, आशीष जैन सीए नावला वालों द्वारा की गई। प्रसिद्ध भजन गायक अक्षय जैन लाडला तिखाल वाले, हिमांशु जैन, पर्व जैन मेरठ द्वारा की गई।अग्रवाल अल्कार व आर्यन जैन द्वारा माता के सुन्दर भजन प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में लक्की ड्रा द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। प्रसाद वितरण रिषभ जैन, अभिनव जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नितिन जैन जुगनू अमित जैन एड., सिद्धान्त जैन, दीपक जैन, संजय जैन, विभोर जैन, पारस जैन, ब्रजपाल जैन, अनुज जैन, सूरज जैन और अनुज जैन प्रेमपुरी के अलावा सुधीर जैन, योगेश जैन, दिनेश जैन, सुनील जैन, अमित जैन, सौरभजैन, अपूर्व जैन नावला वाले, मनोज जैन एलजी, शुभम जैन, वैभव जैन एलजी वालों आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

# कोर्ट के आदेश पर दो माह बाद खुला मस्जिद का द्वार

**भोपा।** निर्माण की शासकीय अनुमति न लेने पर प्रशासन ने भोपा मे निर्माणधीन दो मस्जिदों पर सील लगाकर धार्मिक कार्यो को बंद करा दिया था। न्यायलय के आदेश पर एक मस्जिद से सील हटाए जाने पर मुस्लिम समाज के व्यक्तियों ने प्रसन्नता जाहिर की है। भोपा गांव में नई बस्ती मोहल्ले मे जौली के राह नामक स्थान पर दो मस्जिदों मे वर्षो से निर्माण कार्य चल रहा था। बीते 13 सितंबर को तहसील जानसठ के अधिकारियो व पुलिस द्वारा दोनों मस्जिदों पर सील लगाकर वहां धार्मिक कार्यो को बंद करा दिया था।पूर्व प्रधान इजहार अहमद ने बताया की मस्जिद के मुतवल्ली उस्मान द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। उच्च न्यायलय मे वाद प्रस्तुत किया गया था। अथक प्रयासों के उपरांत न्यायालय के आदेश पर मस्जिद से सील हटाई गयी है। जिसके बाद विधिवत नमाज अदा की गयी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# द. अफ्रीका के खिलाफ बराबरी करने उतरेगा भारत

**● कोलकाता में चौकाने वाली हार के बाद इंडिया इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** गुवाहाटी, एक ऐसा शहर जिसने पहले कभी कोई टेस्ट होस्ट नहीं किया है, कल उस तरह के ड्रामा के साथ लाइमलाइट में आएगा जैसा सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही हो सकता है। कोलकाता में चौंकाने वाली हार के बाद इंडिया, इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है। दूसरी तरफ, दक्षिण अफ्रीका एक ऐसी टीम के कॉन्फिडेंट स्वैगर के साथ उतरेगी जो जानती है कि वह इतिहास रच सकती है। भारतीय जमीन पर 2-0 की जीत उनके हाथ में है, और यकीन मानिए, वे इसका स्वाद चख सकते हैं। टॉस, हमेशा की तरह, सब कुछ हो सकता है। इस नई विकेट पर पहले बैटिंग करना ज्यादा सेफ ऑप्शन लगता है( पिच से शुरू से ही इनकंसिस्टेंट बाउंस और काफी टर्न मिलने की उम्मीद है। भारत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को भेजेगा, उम्मीद है कि वे नई बॉल के तूफान का सामना कर पाएंगे और पहले कुछ मुश्किल ओवर निकाल लेंगे। )षभ पंत पर नजर रखें, अगर वह जल्दी आ गए, तो इनिंग्स का पूरा पासा ही बदल जाएगा। वह अपने हिम्मत वाले स्ट्रोक्स से मोमेंटम बदल सकता है या जरूरत के हिसाब से हिम्मत से उसे बनाए रख सकता है। बरसापारा स्पिनरों के लिए स्वर्ग है। कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल बहुत जरूरी होंगे। पिछली बार, प्रोटियाज के बैट्समैन ने भारत से बेहतर टर्न लिया था, इसलिए उम्मीद है कि स्पिनर शुरू से ही अटैक करेंगे। दक्षिण अफ्रीका का जवाब पारी को संभालने के लिए टेम्बा बावुमा, एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगा, जबकि मिडिल ऑर्डर-वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरेन-जब भी भारत को लगेगा कि वे आगे निकल गए हैं, तो निराश करेंगे। टेस्ट क्रिकेट जितना फिजिकल है, उतना ही मेंटल गेम भी है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के पास नई बॉल से शुरुआत में ही बढ़त बनाने की ताकत है, और अगर वे स्ट्राइक करते हैं, तो भारत वापस कंट्रोल हासिल कर सकता है। लेकिन प्रोटियाज के बॉलर्स को देखिए: साइमन हार्मर और मार्को यानसन कोलकाता में मैजिक थे, और छोटी-मोटी दिक्कतों के बावजूद, उनके रिप्लेसमेंट आसान नहीं हैं। हर सेशन में ऐसे पल आएंगे जब मोमेंटम पेंडुलम की तरह बदलेगा। एक अच्छा स्पेल, एक स्मार्ट पार्टनरशिप, और अचानक स्कोरबोर्ड एक बहुत अलग कहानी बताता है। यह विकेट तेजी से खराब होगा। आखिर में बैटिंग करना एक बुरा सपना होगा। पहली इनिंग्स में 250 रन बनाने वाली कोई भी टीम कमांडिग पोजशिन में होगी। टॉस और इनिंग्स की टाइमिग का बहुत बड़ा रोल होगा। इंडिया कोलकाता जैसी एक और हार नहीं झेल सकता( नहीं तो, दक्षिण अफ्रीका का स्वीप एक असली पॉसिबिलिटी बन जाएगा। इसके उलट, एक सधी हुई, सब्र वाली शुरुआत और स्मार्ट पार्टनरशिप इंडिया के लिए एक क्लासिक कमबैक स्टोरी बना सकती हैं। तो, हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? ड्रामा, टेंशन, शानदार पर्सनल परफॉर्मेंस, और मोमेंटम जो हर सेशन में बदलता है। इंडिया को कंट्रोल्ड अग्रेसन और कंपोजर के साथ जवाब देना होगा, जबकि साउथ अफ्रीका कोलकाता में शुरू किया गया लगातार प्रेशर बनाए रखने की कोशिश करेगा। भारत को शुरू में ही कंट्रोल करना होगा, सब्र से बैटिंग करनी होगी और स्पिनरों को बोलने देना होगा। दक्षिण अफ्रीका, अपने बैलेंस और कॉन्फिडेंस के साथ, किसी भी कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। गुवाहाटी में पांच दिन का टेंशन भरा, दिलचस्प और अनप्रेडिक्टेबल टेस्ट क्रिकेट होने वाला है, ऐसा टेस्ट क्रिकेट जो बैट और बॉल दोनों के लिए बहुत मुश्किल होता है।

## गिल आधिकारिक तौर पर गुवाहाटी टेस्ट से बाहर, पंत कप्तान



**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता टेस्ट के दौरान गिल को गर्दन में चोट लगी थी और वह पूरे मैच से बाहर हो गए थे। भारत के उपकप्तान )षभ पंत इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान होंगे। कोलकाता में गिल के मैदान छोड़ने के बाद भी पंत ने कप्तानी की थी, लेकिन औपचारिक तौर पर कप्तान के रूप में यह उनका पहला टेस्ट मैच होगा। कोलकाता के एक अस्पताल की निगरानी में कुछ समय बिताने के बाद गिल 19 नवम्बर को गुवाहाटी पहुंचे थे, लेकिन अब यह तय हो गया है कि वह मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। शुक्रवार सुबह बीसीसीआई द्वारा जारी बयान के अनुसार गिल अपनी चोट की आगे की जांच के लिए मुंबई जाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने गुरुवार को ही यह बताया था कि गिल अगर इतनी जल्दी खेलते हैं तो उन्हें दोबारा गर्दन में खिचाव का खतरा है। इसलिए उन्हें और आराम की सलाह दी गई है। यह स्थिति दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवम्बर से शुरू होने वाले तीन वनडे मैचों में उनकी चयन संभावना पर भी असर डाल सकती है। उस सीरीज की टीम 23 नवम्बर को चुनी जाने की उम्मीद है। गिल का कोई रिप्लेसमेंट नामित नहीं किया गया है, जिसका मतलब है कि साई सुदर्शन, देवदत्त पड्डिक्कल और नीतीश कुमार रेड्डी में से से कोई एक गिल की जगह लेगा।

### खेल विशेष

## जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर चौंकाने वाली जीत

**रावलपिंडी, वार्ता।** जिम्बाब्वे ने यादगार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए रावलपिडी में श्रीलंका को 67 रन से हराया, ट्राई-सीरीज के दूसरे मैच में 162 रन के मामूली स्कोर का बचाव किया और फिर मेजबान टीम को सिर्फ 95 रन पर आउट कर दिया। मैच की शुरुआत ब्रायन बेनेट (49) और सिकंदर रजा (47) के टॉप-ऑर्डर के अच्छे योगदान से हुई, जिसके बाद रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने पांच विकेट लिए। यह जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर तीसरी टी-20 जीत थी और इस फॉर्मेट में किसी फुल-मेंबर टीम के खलिाफ उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत भी थी। श्रीलंका के पहले बॉलिंग करने के फैसले के बाद, वानिदु हसरंगा (3/32) और ईशान मलिगा (2/27) ने जम्बिाब्वे की पारी में सबसे ज्यादा नुकसान किया, जरूरी पार्टनरशिप तोड़ी और यह पक्का किया कि टोटल कभी भी पार स्कोर से आगे न बढ़े। शुरुआत में कुछ विकेट गिरने के बाद, बेनेट और रजा ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की, जिससे टीम 40/2 से ऊपर उठ गई और टोटल को 180 की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन हसरंगा ने 13वें ओवर में बेनेट को आउट किया और फिर अपने अगले ओवर में दो विकेट लेकर रन पर कंट्रोल रखा। जम्बिाब्वे 162/8 पर ही रुका, जो उस समय खास तौर पर ओस के कारण कम टोटल लग रहा था। लेकिन 163 का टारगेट श्रीलंका के लिए बहुत ज्यादा साबित हुआ। जिम्बाब्वे के बॉलर्स शुरू से ही हावी रहे, रिचर्ड नगारवा ने पिच पर जोरदार हिटिग की और पहले ही ओवर में पथुम निसंका का विकेट लेकर सबको चौंका दिया। कुसल परेरा दूसरे ओवर में टिनोटेंडा मापोसा की गेंद पर आउट हो गए, जबकि कुसल मेंडिस सातवें ओवर में रन आउट हो गए, जिससे श्रीलंका का स्कोर 25/3 हो गया।



## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में हारे

**● पुरुषों की डबल बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक-चिराग 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ से 50 मिनट में हार गए**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिटंन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस जोड़ी के बाहर होने के बाद, लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिटंन इवेंट में अकेले बचे हुए भारतीय हैं। सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में हमवतन आयुष शेट्टी की चुनौती से बचकर वे सेमीफाइनल में पहुंच गए। पुरुषों की डबल्स बैडमिटंन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक-चिराग, 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 50 मिनट में 21-19, 21-15 से हार गए। काफी नई जोड़ी होने के बावजूद, अल्फियन, जो मुहम्मद रियान अर्दिआंतो के साथ दो बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं, और फिकरी इस साल जुलाई में जापान ओपन के लिए टीम बनाने के बाद से तेजी से आगे बढ़े हैं। इंडोनेशियाई जोड़ी ने एक साथ चाइना ओपन सुपर 1000 जीता और बहुत कम समय में डेनमार्क, कोरिया और फ्रेंच ओपन में रनर-अप रहे। फॉर्म में चल रही टीम के खिलाफ, जो बहुत कम समय में दुनिया में 13वें नंबर पर पहुंच गई है, सात्विक-चिराग ने तेज शुरुआत करने की कोशिश की और पहले गेम में 7-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने गेम में पकड़ बनाई और भारतीय जोड़ी की बढ़त को कम करना शुरू कर दिया, आखिर में 16-16 से बराबरी कर ली। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ी अभी भी 19-17 के स्कोर के साथ बढ़त लेने के फेवरेट लग रहे थे, लेकिन अल्फियन और फिकरी ने एक अहम मौके पर लगातार चार पॉइंट लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग ने इंटरवल तक एक पॉइंट की बढ़त बना रखी थी, लेकिन पांचवीं सीड इंडोनेशियाई जोड़ी ने रीस्टार्ट के बाद अपना गेम बेहतर किया और आसानी से गेम जीत लिया, और इसके साथ ही मैच भी जीत लिया कि यह दोनों जोड़ियों के बीच पहला मैच था। यह लगातार दूसरा 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट है जहां सात्विक-चिराग को इंडोनेशियाई जोड़ी ने नॉक आउट किया है। अल्फियन के लंबे समय के पार्टनर, एरिडेंटो और रहमत हिदायत अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में उनके पहले राउंड से बाहर होने के लिए जम्मिेदार थे। पुरुष एकल में, पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, जो मेन्स सिगल्स में 14वें और सातवें सीड हैं।

## पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व स्प्रिंट क्वीन और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान और एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उषा, जिन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में दिया गया। अवार्ड लेते हुए उषा ने कहा कि भारतीय खेल तभी आगे बढ़ता है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ते हैं। टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है, लेकिन मौका हर बच्चे तक पहुं. चना चाहिए।

## दीप्ति, वुलफार्ट, एकलस्टन और हीली डब्ल्यूएफ की मेगा नीलामी की मार्की खिलाड़ियों में शामिल

**● विदेशी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर दो भारतीय खिलाड़ी हैं जो आठ खिलाड़ियों वाले मार्की सेट में शामिल होंगी जिनसे डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी की शुरुआत होगी।

अन्य खिलाड़ियों में सोफी डिवाइन, सोफी एकलस्टन, लॉरा वुलफार्ट, एलिसा हीली, मेग लैनिग और एमेलिया कर शामिल हैं। मार्की सेट में शामिल खिलाड़ियों में केवल रेणुका (40 लाख) और वुलफार्ट (50 लाख) दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने 50 लाख की अधिकतम बेस प्राइस से अपनी बेस प्राइस कम रखी है। 73 रिक्त स्थानों के लिए कुल 277 खिलाड़ियों ने खुद को डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी के लिए पंजीकृत कराया है। विद. `शी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी। बड़ी नीलामी 27 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित होगी। यूपी वॉरियर्ज के लिए खेल चुकीं तीन खिलाड़ी - एकलस्टन, दीप्ति और हीली मार्की खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू के पास चार राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी उपलब्ध होंगे, उन्होंने केवल एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी के रूप में श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। हरलीन देओल ने 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को कैप्ड ऑलराउंडरों की सूची में पंजीकृत कराया है। वहीं गुजरात जायंट्स की उनकी टीम मेट फीबि लिचफील्ड ने भी 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को पंजीकृत कराया है। लेकिन जीजी लिचफील्ड के लिए आरटीएम का उपयोग नहीं कर सकती क्योंकि वह एश्ले गार्डनर और बेथ मूनी के रूप में पहले ही दो विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन कर चुकी है। कैप्ड ऑलराउंडर में राधा यादव, स्नेह राणा, ग्रेस हैरिस, शिनेल हेनरी और एन श्री चरणी ने खुद को कैप्ड ऑलराउंडर्स की सूची में पंजीकृत कराया है। इनमें देओल को छोड़कर सभी ने खुद की बेस प्राइस 30 लाख निर्धारित की है। यूपीडब्ल्यू के लिए खेल चुकीं तालिया मैक्ग्रा और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुकीं सोफी मोलिन्यू नीलामी पूल में शामिल ऑस्ट्रेलिया की 23 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं। इंग्लैंड की 22, न्यूजीलैंड की 13 और दक्षिण अफ्रीका की 11 खिलाड़ी नीलामी पूल में शामिल हैं। चामरी अतापत्तू, हर्षिता समराविक्रमा और इनोका रनाव. ीरा श्रीलंका की ओर से नीलामी पूल में तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू और जीजी क्रमश: 14.50 करोड़ और 9 करोड़ के सबसे ज्यादा पर्स के साथ नीलामी में प्रवेश करेंगी।

## युवराज ने जीता इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब

**● डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले गए मशहूर इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स में 7 स्ट्रोक्स की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की**



**असम, वार्ता।** युवराज संधू ने लगातार दो प्लेऑफ हार के बाद शानदार वापसी की और शुक्रवार को डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले गए मशहूर इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो 1 करोड़ रुपये का इवेंट है, में सात-स्ट्रोक की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की। युवराज (65-69-66-69), जिन्होंने तीसरे राउंड के बाद छह-स्ट्रोक की शानदार बढ़त हासिल की थी, ने इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स के ऐतिहासिक 25वें एडिशन में चौथे राउंड में तीन-अंडर 69 का शानदार स्कोर बनाया और इस हफ्ते का कुल स्कोर 19-अंडर 269 कर लिया। नतीजतन, चंडीगढ़ के 28 साल के इस खिलाड़ी ने इस सीजन की अपनी पांचवीं जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। लगातार चैंपियन रहे युवराज ने 15 लाख रुपये का विनिग चेक हासिल किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,21,67,100 रुपये हो गई। संधू अब पीजीटीआई रैंकिंग में 29 लाख रुपये से ज्यादा की बढ़त बनाए हुए हैं। पिछले साल के विनर, बांग्लादेश के जमाल हुसैन (68-73-70-65) ने आखिरी दिन का सबसे कम स्कोर 65 बनाया और रात भर की संयुक्त आठवीं जगह से छह पायदान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 276 के कुल स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर आ गए। कट बनाने वाले अकेले लोकल प्रोफेशनल, डिगबोई के देवेन भूमिज ने 10-ओवर 298 के स्कोर के साथ हफ्ते का अंत 54वें स्थान पर किया। पहले दिन से आखिर तक लीडर रहे युवराज संधू ने पीजीटीआई सीजन में अपनी पिछली बेस्ट ऑफ फाइव जीत की बराबरी की, यह कामयाबी उन्होंने 2022 में हासिल की थी। संधू शुक्रवार को शुरुआत में ही लड़खड़ा गए जब उन्होंने दूसरी होल में बोगी की। हालांकि, उन्होंने तीसरी और पांचवीं होल में बर्डी और सातवीं होल में आठ फीट से ईगल कन्वर्जन के साथ जबरदस्त वापसी की।




## शौर्य सैनी ने डेफलंपिक्स में 50 मी. राइफल 3 पीजीशन में सिल्वर जीता

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के शौर्य सैनी ने टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में पुरुषों के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह शूटिग में देश का 13वां मेडल बन गया। शौर्य, जो अभी वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने अपना ही वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा और फाइनल में पहुंचने से पहले एक नया डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

शौर्य ने फाइनल में 450-6 का स्कोर किया, लेकिन जर्मनी के एरिक मैथियास हेस के गोल्ड मेडल जीतने से 9-2 कम रहे, उन्होंने डेफ वर्ल्ड फाइनल्स रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा। यूक्रेन के दिमित्रे पेट्रेंको ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में, शौर्य ने 15 शॉट्स की नीलिग सीरीज में 151-0 और प्रोन सीरीज में 151-1 का स्कोर किया। फिर उन्होंने स्टैंडिग सीरीज के पहले 10 शॉट्स में 99-3 का स्कोर किया, इसके बाद एलिमिनेशन स्टेज में 9-6, 9-9, 9-5, 10-3 और 9-9 का स्कोर करके सिल्वर मेडल पक्का किया। फाइनल में दूसरे भारतीय शूटर, कुशाग्र सिंह राजावत 408-8 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, शौर्य ने 584-32ग के कुल स्कोर के साथ मौजूदा डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और डेफलिपिक्स रिकॉर्ड दोनों को तोड़ा। उन्होंने नीलिग में 196, प्रोन में 194 और स्टैंडिग में 194 का स्कोर किया, जबकि कुशाग्र ने नीलिग में 190, प्रोन में 196 और स्टैंडिग में 189 का स्कोर करके 575-22ग के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक यादगार दिन : अजय सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि हाल ही में खत्म हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में देश का शानदार परफॉर्मेंस इस बात का सबूत है कि भारतीय मुक्केबाजी अब सिर्फ एक उभरती हुई ताकत नहीं है, बल्कि इस खेल की सुपरपावर में से एक है। भारत ने न सिर्फ नौ गोल्ड मेडल जीते, बल्कि इस मशहूर टूर्नामेंट में सभी 20 कैटेगरी में मेडल जीते, जिसके लिए दो वर्ल्ड बॉक्सिंग कप लेग्स के टॉप आठ परफॉर्मर क्वालीफाई करते हैं। भारत ने कैंपेन का अंत नौ गोल्ड, छह सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज मेडल के साथ किया और सिंह परफॉर्मेंस से काफी खुश थे। सिंह ने कहा कि मैं इसे इंडियन बॉक्सिंग के लिए एक यादगार दिन कहूंगा। मुझे नहीं लगता कि हमारे इतिहास में कभी भी किसी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत ने 20 मेडल जीते हों।

## अर्जेंटीना को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

**● अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इंवेट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है**

**इटली, वार्ता।** जर्मनी ने इटली के बोलोग्ना में अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर टेनिस के 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इवेंट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है और अब उसका आखिरी चार में स्पेन से मुकाबला होगा, जिसने पहले चेकिया पर वापसी करते हुए 2-1 से जीत हासिल की थी। अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-6(3), 7-6(7) से हराया। यह एक करीबी मुकाबला था जिसमें दो कड़े टाई-ब्रेक सेट खेले गए।

स्ट्रफ पहले गेम में 2-0 से आगे थे और आठवें गेम में एचेवेरी के ब्रेक करने तक आगे रहे, जिससे स्कोर चार गेम तक बराबर रहा। इसके बाद, दोनों ने सर्विस गेम बदले, जब तक कि अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में 7-3 से जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में भी ऐसा ही हुआ, जिसमें एचेवेरी एक बार फिर टाई ब्रेकर में 9-7 से जीत गए। टोक्यो 2020 में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-4, 7-6(3) से जीत हासिल की, पहले सेट के छठे गेम में ब्रेक किया और फिर दूसरे सेट को एक और टाई ब्रेक में अपने नाम किया। आखिरी डबल्स मैच में अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्टेनी और होरासियो जेबालोस ने तेज शुरुआत की, पहला सेट सिर्फ 31 मिनट में 6-4 से जीत लिया। जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज ने दूसरा सेट 6-4 से जीतकर जवाब दिया, जिससे एक डिसाइडर सेट करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक टेंशन भरे तीसरे सेट में सर्विस होल्ड बदले, जो एक ड्रामाटिक टाई-ब्रेक में खत्म हुआ, जिसमें जर्मन जोड़ी ने 12-10 से बढ़त बनाकर टाई जीत लिया। इस बीच स्पेन ने एक और खास वापसी करते हुए चौथी सीड वाली चेकिया को 2-1 से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इवेंट से एक दिन पहले वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज के आखिरी मिनट में हटने के बावजूद टीम का हौसला दिखा। जैम मुनार की सिगल्स जीत और डबल्स के आखिरी मैच में मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज के शानदार प्रदर्शन ने स्पेन को फाइनल चार में पहुंचा दिया। चेकिया के 20 साल के वर्ल्ड नंबर 19 जैकब मेन्सिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाब्लो कारेनो बुस्ता को 7-5, 6-4 से हराया। तीन बार के डेविस कप चैंपियन के लिए शानदार शुरुआत करते हुए मेंसिक ने 20 एस और 42 विनर लगाए।

# सम्पादकीय

शनिवार, 22 नवम्बर 2025

## लेबर सिस्टम में बदलाव

देश में आज से नए श्रम कानून लागू हो गए हैं। इसे लेबर सिस्टम में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मोदी सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं को आधिकारिक रूप से लागू किया है। सरकार का दावा है कि ये सिर्फ कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि 40 करोड़ से ज्यादा कामगारों के जीवन में एक ऐतिहासिक क्रांति साबित होंगे। इन सुधारों का मकसद सिर्फ कानून बदलना नहीं, बल्कि हर श्रमिक को गरिमा, सुरक्षा और आर्थिक मजबूती देना है। आजादी के पहले और बाद के शुरुआती दौर (1930-1950) में बने 29 पुराने श्रम कानूनों को अब चार नए कोड में समाहित कर दिया गया है। ये हैं- वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता। सरकार का तर्क है कि आज की अर्थव्यवस्था और काम करने के तरीके पुराने जमाने से बिल्कुल अलग हैं, इसलिए नियम भी आधुनिक होने चाहिए। सबसे बड़ा बदलाव नियुक्ति पत्र को लेकर है। अब हर कर्मचारी को ज्वानिंग के वक्त अप्वाइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पारदर्शिता आएगी और कंपनियों की मनमानी पर रोक लगेगी। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के करीब 40 करोड़ कामगारों को अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। इसका सीधा मतलब है कि उन्हें भी पीएफ , ईएसआईसी और पेंशन जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। प्राइवेट नौकरी करने वालों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी फिक्स्ड टर्म एम्प्लाइज  यानी निश्चित अवधि के कर्मचारियों को लेकर है। पहले ग्रैच्युटी पाने के लिए एक ही कंपनी में लगातार 5 साल काम करना जरूरी होता था, जिससे अक्सर कर्मचारी वंचित रह जाते थे। नए नियमों के तहत, फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को अब महज एक साल की सेवा के बाद ही ग्रैच्युटी पाने का हक मिल गया है। इसके साथ ही, ओवरटाइम को लेकर भी स्थिति पूरी तरह साफ कर दी गई है, अगर कोई कर्मचारी तय घंटों से ज्यादा काम करता है, तो उसे सामान्य वेतन से दोगुना भुगतान करना होगा। वहीं, वेतन का भुगतान समय पर हो, इसके लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं, ताकि महीने के अंत में किसी को आर्थिक तनाव न झेलना पड़े। नए लेबर कोड में लैंगिक समानता पर विशेष जोर दिया गया है। अब महिलाएं रात की शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी, बशर्ते उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों और उनकी सहमति ली गई हो। यह कदम महिलाओं को हाई-पेइंग जाब्स और सभी प्रकार के उद्योगों (जैसे माइनिंग आदि) में बराबर का मौका देगा। महिलाओं को समान काम के लिए समान वेतन की गारंटी भी दी गई है। वहीं, जोमैटो, स्विगी, ओला और उबर जैसे प्लेटफार्म्स पर काम करने वाले गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को पहली बार कानूनी ढांचे में परिभाषित किया गया है। अब कंपनियों  को अपने सालाना टर्नओवर का 1.2 प्रतिशत हिस्सा इन वर्कर्स के कल्याण के लिए देना होगा। आधार से लिंक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर  के जरिये वे देश के किसी भी कोने में अपनी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। काम के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता दी गई है। नए नियमों के अनुसार, नियोक्ताओं को अपने उन सभी कर्मचारियों का साल में एक बार मुफ्त हेल्थ चेकअप कराना होगा, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है। यह कदम गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा, खतरनाक क्षेत्रों   में काम करने वाले श्रमिकों के लिए 100 प्रतिशत स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है।


## लोकतंत्र को बचाने का अभियान



स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम इस देश में से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, ये हमारा प्रण है, एसआईआर की प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए है,  कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को निकालने के इस अभियान को कमजोर करना चाहते हैं, बिहार में जनता ने इस मुद्दे पर एनडीए को बहुमत दिया है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल चुनाव आयोग की मतदाता सूची को सही करने के लिए लाई गई एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, मैं आज देशवासियों से अपील करता हूं कि वे खुलकर और पूरी तरह से चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया का समर्थन करें, घुसपैठियों का बचाव कर रहे राजनीतिक दलों को चेतावनी देना चाहता हूं कि बिहार चुनाव पूरे देश के जनादेश की तरह हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

## बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम



सभी बड़े बांधों की उम्र सीमित होती है। क्या आपने कभी सोचा है कि एक बार बांध का उपयोगी जीवन समाप्त होने पर उसका क्या होता है? इसे हटाना होता है जिसे डीकमीशनिंग कहते हैं। डीकमीशनिंग का मतलब बांध और उससे जुड़ी संरचनाओं को पूरी तरह हटाने से है।

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े बांध निर्माता के रूप में भारत के लिए यह एक बहुत ही प्रासंगिक सवाल है। यह मुद्दा इसलिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि अब बड़े बांध न तो आवश्यक है और न ही व्यावहारिक। इसके अलावा अब बहती नदियों के महत्व को तेजी से सराहा जा रहा है। यह ध्यान में रखना जरूरी है कि किसी बांध को बिना उचित रखरखाव के नदी पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इससे बांध के नीचे की ओर रहने वाले समुदाय और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना रहता है।

**नदियों को बहाल करने के लाभ**

यहां यह समझना आवश्यक है कि बांधों से सिंचाई, पनबिजली, घरेलू और औद्योगिक जल आपूर्ति, जल भंडारण और बाढ़ प्रबंधन जैसे लाभ प्रदान करने का दावा तो किया जाता है लेकिन विश्व बांध आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांशतरू ए लाभ वादों से कम होते हैं। और बांध की उम्र बढ़ने के साथ, इसके जलाशय में गाद भर जाने के कारण यह लाभ और भी कम हो जाते हैं। इसके अलावा, यह लाभ भारी लागत और व्यापक प्रतिकूल प्रभावों के साथ आते हैं। इसलिए जब भी किसी बांध को हटाकर नदी का प्रवाह बहाल किया जाता है, तो यह बांध निर्माण से उत्पन्न कुछ प्रतिकूल प्रभावों उलट देता है। पुनरू प्रवाहमान नदी के कुछ लाभों में मछलियों के आवागमन तथा नदी पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के साथ बांध के ऊपर व नीचे नदियों में पानी, गाद, रेत और पोषक तत्वों के प्रवाह की बहाली भी शामिल है। ऐसी नदियों के किनारे के समुदायों के लिए जल आपूर्ति और मछुआरों की आजीविका की भी बहाली होती है। इसका असर सांस्कृतिक कार्यों के लिए उपलब्ध पानी पर भी होता है। इस तरह से डीकमीशनिंग बांध के ऊपर व नीचे के इलाकों में और अधिक सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। बांध हटाने का मतलब नदी के निचले हिस्से में आपदाओं और बाढ़ के जोखिम में कमी और जलमग्न भूमि का पुनरू उपलब्ध होना भी है। मुक्त प्रवाह वाली नदियां जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक लचीली होती हैं और जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन में मदद करती हैं। बहाल की गई नदियों से पानी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। लिहाजा, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए, बांध के जीवन में एक ऐसा समय अवश्य आता है जब इसकी लागत, इससे प्राप्त होने वाले लाभ से कहीं अधिक हो जाती हैय तब बांध को हटाना बेहतर होता है। इस बात का पता तभी चल सकता है जब समय-समय पर किसी बांध की लागत और लाभ के स्वतंत्र मूल्यांकन की प्रक्रिया की जाए। एक असुरक्षित बांध को बंद करना समाज और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होता है। फिलहाल भारत के पास बांधों को हटाने से सम्बंधित मुद्दों को लेकर कोई नीति या कार्यक्रम नहीं है।

**योजना की जरूरत**

बांध को हटाने की योजना बनाते समय यह ध्यान रखना आवश्यक होता है कि इसकी कुछ लागत तो आएगी ही। साथ ही नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के प्रभावित होने की संभावना भी रहेगी। उदाहरण के लिए, बांध के पीछे जमी गाद के अचानक बहने से जलीय प्रजातियों के भोजन और अंडे देने के क्षेत्र नष्ट हो सकते हैं। इसके अलावा, नदी में डूबी जड़ें और तने तलछट के नीचे दबकर घर्षण से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यदि जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र में प्रदूषण स्रोत उपस्थित हैं तो नदी के प्रवाह के साथ दूषित तलछट स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकती है। ऐसे में बांध को हटाने के विकल्पों और रणनीतियों की योजना नदी की प्रकृति, उसके भूविज्ञान, पारिस्थितिकी, जलवायु और अन्य सम्बंधित पहलुओं के अध्ययन के आधार पर बनाई जानी चाहिए।

**बांध क्यों हटाए जाएं?**

किसी बांध को हटाने का निर्णय कई कारणों से लिया जा सकता है। जैसे-जैसे अधिक से अधिक बांधों को हटाया जा रहा है और इसके लाभ स्पष्ट हो रहे हैं, उम्मीद है कि विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की गति में तेजी आएगी। कुछ कारणों की बात यहां की जा रही है। व असुरक्षित बांध जब बांध आवश्यक स्पिलवे (अतिरिक्त पानी के निकलने का रास्ता) क्षमता से कम होने, गाद जमा होने, पुराने होने, क्षतिग्रस्त होने या नदी के बहाव को वहन न कर पाने के कारण असुरक्षित हो जाते हैं, तब बाढ़ या कोई अन्य आपदा आने से पहले इन्हें हटा देना समझदारी होगी। जलवायु परिवर्तन की स्थिति में वर्षा की तीव्रता, हिमनद-जनित झील के फटने, भूस्खलन या हिमस्खलन जैसी घटनाओं में वृद्धि बांधों को भी असुरक्षित बनाते हैं व आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बांध घटे हुए लाभ, बढ़ी हुई लागत या इन दोनों के कारण बांध का रख-रखाव करना बहुत महंगा हो सकता है। लागत में वृद्धि मुख्य रूप से पर्यावरणीय प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नियामक शर्तों में वृद्धि, बांध से ऊपर व नीचे मछलियों के प्रवास, स्पिलवे क्षमता बढ़ाने के लिए नए निर्माण की आवश्यकता वगैरह के कारण हो सकती है। ऐसे मामलों में बांध को हटाने की लागत के बावजूद उसे हटा देना ही सस्ता होगा। उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बांधों के जलाशय मीथेन और कार्बन डाईऑक्साइड के जाने-माने स्रोत हैं। (कार्बन डाईऑक्साइड की तुलना में मीथेन लगभग 24 गुना अधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है) ये दोनों प्रमुख ग्रीनहाउस गैसें हैं। बांध को हटाकर हम ऐसे उत्सर्जन को भी रोक सकते हैं। इसके अलावा, बांधों को हटाने के बाद जलमग्न क्षेत्र के कुछ हिस्सों के पुनः नवीनीकरण और नदी को बाढ़ क्षेत्र और आर्द्रभूमि से जोड़कर नए कार्बन सोख्ता भी बनाए जा सकते हैं। इस प्रकार बांध हटाना जलवायु परिवर्तन को थामने और अनुकूलन रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। बांध निर्माण के 100 वर्षों से भी अधिक अनुभव से पता चला है कि बांधों का जीवनकाल सीमित होता है। खराब डिजाइन जीवनकाल को कम कर सकती है, उनमें गाद जमा हो सकती है और उनका प्रदर्शन अपेक्षा से कम हो सकता है। इसके अलावा यह आसपास की आबादी के लिए जोखिम तो पैदा करता ही है, इससे नदियां और मछली पालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की मुहिम**

यूएसए बांध हटाने की परियोजनाओं में सबसे आगे है। वहां इस प्रक्रिया की शुरुआत कई संघीय कानूनों के साथ हुई। उदाहरण के लिए, 1968 के वाइल्ड एंड सीनिक रिवर एक्ट और 1969 के नेशनल एनवायरनमेंटल पॉलिसी एक्ट ने बांध निर्माताओं को नदियों के पारिस्थितिक लाभों को ध्यान में रखने के लिए मजबूर किया। 1990 के दशक की शुरुआत से लेकर 3 दशकों तक बांधों को हटाने की प्रक्रिया में काफी तेजी आई है। कोविड-19 महामारी के दौरान कमी आने से पहले तक प्रति वर्ष 100 से अधिक बांध हटाए गए। अमे. रिकन रिवर्स के अनुसार, अमेरिका में अब तक 2025 बांध हटाए जा चुके हैं। यूएसए में अधिकांश बांधों को फेडरल एनर्जी रेगुलेटरी कमीशन (एफईआरसी) या उसके राज्य समकक्ष द्वारा लायसेंस दिया जाता है। आम तौर पर इसकी अवधि 30 से 50 वर्षों की होती है। इस अवधि के अंत में बांध का पुनर्मूल्यांकन करने के बाद उन्हें सेवानिवृत्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा चिंताओं (भूकंपीय क्षति आदि) की स्थिति में बांधों का लायसेंस रद्द करने की आपातकालीन प्रक्रियाएं भी हैं। पुनः लायसेंसिंग प्रक्रिया में पर्यावरणीय आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से नई परिचालन शर्तों को अनिवार्य किया जाता है। इनमें न्यूनतम प्रवाह में वृद्धि, अतिरिक्त या बेहतर मछली सीढ़ी, आवधिक उच्च प्रवाह और तटवर्ती भूमि के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

अमेरिकन रिवर्स के एक दस्तावेज के अनुसार ह्वर्ष 1999 में अमेरिका स्थित एडवर्ड्स बांध को हटाना एक निर्णायक मोड़ रहा जब पहली बार एफईआरसी ने किसी बांध को हटाने का आदेश दिया। इस बांध की लागत इसके लाभों से कहीं अधिक पाई गई थी। एडवर्ड्स बांध के हटने से एक समय की कल्पनातीत अवधारणा जीर्ण-शीर्ण ढांचे और नदियों को बहाल करने की समस्या से निपटने का एक कारगर उपाय साबित हुआ। इसके नतीजे में अब बांध सुरक्षा कार्यालय, मत्स्य पालन प्रबंधक, बांध मालिक और विभिन्न समुदाय बांधों के लाभों और प्रभावों पर दोबारा विचार कर रहे हैं। कई स्थानों पर बांधों को हटाने को सबसे अच्छा विकल्प माना जा रहा है।

## लजीज व्यंजनों की थाली



मध्यप्रदेश या राजस्थान की खास डिश है दाल बाफला। वहीं दक्षिण भारत के व्यंजनों में डोसे का जिक्र न हो तो खानपान अधूरा सा लगता है। सेहत से भरी हरी मूंग दाल का डोसा, जिसे पेसारेटू भी कहते हैं, स्वाद में कुरकुरा होता है। इसे नाश्ते में, शाम को स्नैक के तौर पर भी खाया जा सकता है। वहीं अरबी तो पूरे उत्तर से लेकर दक्षिण तक सबकी फेवरेट है।

**दाल बाफला**

2 कप आटा, 1/4 कप मकई का आटा, 1 टी स्पून जीरा, 1/4 टी स्पून अजवाइन, 1 टी स्पून नमक, 1/2 कप घी, 1/2 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, दाल के लिए, 1-1/2 कप अरहर की दाल, 1 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, 1 टी स्पून नमक,

**तड़के के लिए**

1 टेबल स्पून घी, 1/4 टी स्पून हींग, 1/2 टी स्पून सरसों के दाने, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टी स्पून चीनी, 3 टेबल स्पून हरा धनिया,

**बाफला बनाने के लिए**

1.एक बाउल में गेंहू का आटा और मकई का आटा लें, जीरा, अजवाइन और नमक डालें।, इसे अच्छे से मिलाएं और इसमें घी डालें, इसे अच्छे से मिलाएं, अब इसमें पानी डालकर डो तैयार कर लें, छोटी-छोटी बॉल्स बना लें, अब एक पैन में पानी गर्म करें इसमें नमक और हल्दी डालें। इन बॉल्स को पैन में डाले और उबलने दें, इन्हें तब तक पकने दें जब तक यह ऊपर न तैरने लगे, इसके बाद पानी छान लें और इन्हें ड्राई होने दें, अब इन्हें 200 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 20 से 30 मिनट के लिए बेक करें।

**दाल बनाने के लिए**

1.भीगी हुई अरहर की दाल को प्रेशर कुकर डाले और पानी भी डालें , हल्दी और नमक डालें। प्रेशर कुकर में पकाएं,

**तड़का बनाने के लिए**

1.एक पैन में घी डालें, इसमें हींग और सरसों के दाने डालकर अच्छे से भूनें , इसके बाद लाल मिर्च पाउडर डालें  अब इसे दाल में डालें और पकाएं, इसमें चीनी और हरा धनिया डालें और अच्छे से मिलाएं, गर्म-गर्म दाल को बाफला पर डालकर सर्व करें, पेसारेटू या हरा डोसा

**आवश्यक सामग्री**

1 कप मूंग की दाल, कप पानी भिगोने के लिए, कप बारीक कटी हुई धनिया पत्ती, 1 प्याज, 6 हरी मिर्च, 4 टेबल स्पून चावल का आटा, 1 टेबलस्पून नमक, 1 कप

**पेसारेटू बनाने की विधि**

सबसे पहले एक कटोरा लेकर उसमे हरी मूंग की दाल डाल ले और 2 कप पानी डालकर रातभर भीगने के लिए छोड़ दें। कम से कम 6-8 घंटे तक भीगने दे और दाल को ढक कर रख लें । एक बड़ा प्याज लें। आधा प्याज काटकर उसके छोटे टुकड़े काट लें और इसके बाद कटी हुई प्याज को एक मिक्सर जार में डाल लें। प्याज के साथ इस जार में हरी मिर्च और बारीक कटी हुई धनिया पत्ती भी डालें।

भीगी हुई हरी मूंग की दाल को=कप पानी के साथ मिलकर एक गाढ़ा पेस्ष्ट बना लें और इस पेस्ट को एक कटोरे में भरकर रख लें।

इसमें चावल का आटा और नमक भी अच्छी तरह से मिला ले । इसमें आधा कप पानी और डालें, ताकी ये थोड़ा मुलायम हो जाये। अब इसे अलग रख दें। डोसा बनाने के लिये एक समतल तवा लें और उसे गर्म करें। आधी प्याज की मदद से तवे पर 2 टेबलस्पून तेल लगा लें। इसके बाद तवे को गैस से हटा लें और उस पर घोल डालकर गोल आकार दें। थोड़े तेल के साथ डोसे को ग्रीस करें तथा ग्रिडल से अतिरिक्त घोल हटा दें। इसे करीब एक से डेढ़ मिनट तक पकाएं और पलट कर आधे मिनट तक रख दें। इस तरह से आपका डोसा तैयार है। इसे गर्मागरम परोसें ताकी इसका कुरकुरापन कम न होने पाएं।

**मुगलई दम अरबी**

अरबी को काटकर सब्जी के तौर पर या सूखी सब्जी की तरह आपने खूब खाया होगा। इस बार अरबी का मुगलई दम स्वाद भी चखें। इसे आसानी से कुछ ही देर में बना सकते हैं।

**मुंगलई दम अरबी बनाने की सामग्री**

अरबी- 500 ग्राम, इलायची- 1  लौंग- 4, धनिया पाउडर- 2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच  हल्दी पाउडर- 1 चम्मच  क्रीम- 1/4 कप, दही- 1/2 कप, नमक- स्वादानुसार, घी- आवश्यकतानुसार, सूखे मेवे- गार्निशिंग के लिए, पेस्ट बनाने के लिए, बारीक कटा प्याज- 2, खसखस- 2 चम्मच, काजू- 5 ' बारीक कटा अदरक- 1 चम्मच, बारीक कटा लहसुन, 4 कलियां।

**बनाने की विधि**

मुंगलई दम अरबी बनाने के लिए सबसे पहले अरबी को अच्छी तरह से धोकर छील लें। इसके बाद इन्हें बीच से काट दें। दूसरी ओर खसखस को गर्म पानी में भिगोएं और काजू को भी गुनगुने पानी में भिगो दें। कड़ाही में थोड़ा-सा घी गर्म करें और उसमें अरबी के टुकड़े डालें। सुनहरा व मुलायम होने तक पकाएं। टिश्यू पेपर पर निक. ालकर रख दें। उसी कड़ाही में एक चम्मच घी और गर्म करें। बारीक कटे प्याज को सुनहरा होने तक भून लें।

## अद्भुत निशाचर प्रवृत्ति ने कई मछली प्रजातियों को विलुप्ति से बचाया

लगभग 14.5 करोड़ साल पहले पूरी पृथ्वी पर ज्वालामुखी विस्फोट हुए थे, जिससे आसमान में छाए धुएं के बादलों ने पृथ्वी पर अंधकार कर दिया था। इसके चलते हजारों प्रजातियां खत्म हो गई थीं। लेकिन एसिपेंसरिफॉर्मेस जैसी कुछ मछलियां इस विपदा को झेलकर जीवित बची रहीं। आगे चलकर इन्हीं से आजकल की स्टर्जन्स विकसित हुईं। वैकासिक जीवविज्ञानी इस बात पर बहस करते रहे हैं कि क्यों कुछ प्रजातियां जीवित बचीं जबकि कई अन्य प्रजातियां विलुप्त हो गईं। हाल ही में एक अध्ययन ने एक नया विचार प्रस्तुत किया है, संभवतः ये प्रजातियां अपनी निशाचर प्रवृति के कारण जीवित बच पाईं। कुछ पूर्व अध्ययनों से यह तो मालूम था कि करीब 6. 6 करोड़ साल पहले किसी बाहरी पिंड के पृथ्वी से टकराने के कारण डायनासौर समेत कई जीव विलुप्त हो गए थे, लेकिन इसमें कई निशाचर स्तनधारी विलुप्ति से बच गए थे, तो क्या अन्य आपदाओं के मामले में भी जीवों की निशाचर प्रवृत्ति ने उन्हें बचने में मदद की होगी? जानने के लिए टोरंटो विश्वविद्यालय के वैकासिक जीवविज्ञानी मैक्सवेल शेफर और उनके साथियों ने वर्तमान मछलियों पर ध्यान दिया। वर्तमान मछलियों पर ध्यान केंद्रित करने का एक और कारण यह था कि सिर्फ जीवाश्म देखकर यह पता करना मुश्किल होता है कि वह जीव निशाचर था या दिनचर। अध्ययन में उन्होंने लगभग 4000 हड्डी वाली मछली प्रजातियों और शार्क जैसी 135 उपास्थिवाली प्रजातियों के दिन-रात के व्यवहार का अध्ययन किया और एक वंशवृक्ष पर इन व्यवहारों को चित्रित किया। फिर उन्होंने सिमुलेशन (अनुकृति) की मदद से आधुनिक मछलियों के पूर्वजों के दिन-रात के संभावित व्यवहार के पैटर्न बनाए। इसमें से उन्होंने उस पैटर्न को चुना जो वर्तमान प्रजातियों के दिन-रात की गति. विधि की सबसे अच्छी व्याख्या कर सकता था। स्टर्जन जैसी कुछ मछलियां तो हमेशा से निशाचर रही हैं। बायोआर्काइव में प्रकाशित नतीजों के अनुसार सभी मछलियों के पूर्वज भी रात्रिचर थे और विलुप्ति से बची कई मछली प्रजातियां भी निशाचर थी। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंततः इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिकांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए। इस आधार पर शोधदल का कहना है कि निशाचर होना आपदाओं से बच

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंततः इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिक. ांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए।



निकलने की एक रणनीति है। अन्य विशेषज्ञ थोड़ी सतर्कता बरतने को कहते हैं, जैसे अध्ययन का यह मुख्य निष्कर्ष तो सही लगता है कि निशाचर होने से वैकासिक लाभ हुआ लेकिन ऐसा कई कारणों से हो सकता है। जैसे जब 6.6 करोड़ वर्ष पहले पृथ्वी पर अंधेरा छा गया था तो संभव है दिनचर जीव अपने शिकार या भोजन को देख न पाते हों जबकि निशाचरों के लिए अंधेरे में भोजन तलाशना कोई बाधा ही नहीं थी। या हो सकता है वनस्पतियां मर गई हो और साथ ही उन पर निर्भर शाक. ाहारी जीव भी। कई निशाचर जीव अपशिष्ट भोजन पर निर्भर होते हैं, जो इतनी जल्दी खत्म नहीं होता। तो संभव है कि जीवित रहने का लाभ भोजन पारिस्थितिकी से मिला हो, न कि मात्र निशाचर होने से। इन अध्ययनों में व्यापक विलुप्ति की उन आपदाओं को ही देखा गया है जिनमें पृथ्वी पर गर्मी बढ़ी थी और अंधकार छाया था। कई वैज्ञानिकों का मत है कि अन्य तरह की आपदाओं को शामिल करके देखना मददगार होगा। बहरहाल, यह निष्कर्ष एक संभावना तो जताता है कि तेजी से बदलती जलवायु में संभवतः निशाचर जीवों के बचने की संभावना अन्य से अधिक होगी।

**...साभार एसएफ**

# बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, 6 की मौत, 200 घायल

## आयरलैंड-बांग्लादेश क्रिकेट मैच रुका, 10 मंजिला इमारत झुकी, कोलकाता तक महसूस हुए झटके

**ढाका/कोलकाता।** बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह करीब 10:08 (भारतीय समयानुसार) बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। भूकंप का केंद्र नरसिंगडी के माधबडी में था, जो ढाका से सिर्फ 25 किलोमीटर दूर है। झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई। वहीं, बांग्लादेश-आयरलैंड इंटरनेशनल क्रिकेट मैच भी कुछ देर के लिए रोक दी गई। गाजीपुर के श्रीपुर में भूकंप के दौरान भारी हादसा हो गया।

घबराहट की वजह से एक बहुमंजिला इमारत से निकलने की कोशिश में भगदड़ मच गई, जिसमें 150 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घटना डेनिमेक नाम की एक कपड़ा फैक्ट्री में हुई। घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मजदूरों ने शिकायत की कि भूकंप आने के बाद अधिकारियों ने



■ झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई
■ घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है

कारखाने का मेनगेट खोलने से इनकार कर दिया था। इससे दहशत फैल गई जिसकी वजह से ज्यादा लोग घायल हुए। आज सुबह आए भूकंप के दौरान नारायणगंज के रूपगंज उपजिला में एक दीवार गिरने से 10 महीने की बच्ची की मौत हो गई। बच्चे की मां और एक पड़ोसी घायल हो गए और फिलहाल उनका उपजिला के एक निजी मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्ची की मां ने द डेली स्टार को बताया कि भूकंप महसूस होते ही, बच्चे की मां अपनी बेटी के साथ घर से बाहर निकल आई। जब वे पास में ही अपनी मां के घर जा रही थीं, तो सड़क किनारे एक दीवार अचानक उनके ऊपर गिर गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बांग्लादेश में अब तक का सबसे बड़ा भूकंप 1762 में आया था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.5 थी। इसे 'ग्रेट अराक.न अर्थक्वेक' के नाम से जाना जाता है। इसके चलते बांग्लादेश में भी भारी नुकसान हुआ था। भूकंप के आधे घंटे के अंदर 6 से 15 मीटर तक ऊंची सुनामी ने चटगांव शहर को पूरी तरह तबाह कर दिया। सदरघाट और आसपास के बड़े इलाके हमेशा के लिए समुद्र में डूब गए। इस भूकंप में हजारों लोगों की मौत हुई थी। उस समय बंगाल में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन था। कंपनी के दस्तावेजों में लिखा है कि चटगांव शहर रातों-रात गायब हो गया। पुर्तगाली और डच व्यापारियों के रिकॉर्ड में भी इसका जिक्र है। स्थानीय बंगाली और अराकानी लोककथाओं में इसे श्समुद्र के बदलेश के रूप में याद किया जाता है। कोलकाता में शुक्रवार सुबह 10:10 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, झटके करीब 20 सेकेंड तक महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 थी। अब तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। कूचबिहार, दक्षिण दिना.जपुर, मालदा और नादिया के कई इलाकों में इसका असर देखा गया। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश बताया जा रहा है।



बैंकॉक। नोनथाबुरी में 2025 मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता जीतने के बाद अन्य प्रतियोगियों के साथ जश्न मनाती मिस मैक्सिको फातिमा बॉश (बीच में)।

## ईयू से रूस के 'छद्म बेड़े' पर नया प्रतिबंध लगाने का आग्रह

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने रूस के 'छद्म बेड़े' और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। वील ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा कि हमने यूक्रेन के लिए यूरा.पीय संघ का समर्थन बढ़ाने और रूस पर उसके आक्रामक युद्ध को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। मैंने तत्काल वित्तीय, सैन्य एवं ऊर्जा सहायता के साथ-साथ रूसी छद्म बेड़े के जहाजों और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ डॉलर की वृद्धि

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने यह जानकारी दी है। बैंक ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह के दौरान एसबीपी का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 14.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वाणिज्यिक बैंकों के पास शुद्ध विदेशी मुद्रा भंडार 5.19 अरब डॉलर दर्ज किया गया। एसबीपी के अनुसार, देश का कुल तरल विदेशी भंडार बढ़कर 19.74 अरब डॉलर हो गया है।

### ब्रिटेन ने स्विडन में नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया

**लंदन।** ब्रिटेन ने दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के स्विडन में एक नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया है। ब्रिटिश सरकार ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 40,000 वर्ग फुट में निर्मित इस संयंत्र का उद्घाटन रक्षा मंत्री अल कार्न्स ने किया है। यह जर्मनी के बाहर स्टार्क का पहला उत्पादन केन्द्र है। आने वाले महीनों में यहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लैस मानवरहित ड्रोनों का निर्माण शुरू हो जाएगा। बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ड्रोन यूक्रेन को दिए जाएंगे या नहीं, लेकिन कहा गया है कि यह सुविधा हजारों वर्टस लोइटरिंग गोला-बारूद का उत्पादन करेगी, जिसे यूक्रेन में पहले ही सफलतापूर्वक तैनात किया जा चुका है।

### लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री के साथ सुरक्षा पर चर्चा की

**मास्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ फोन पर क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। मंत्रालय ने कहा कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने 20 नवम्बर को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। बातचीत का मुख्य विषय क्षेत्रीय सुरक्षा था।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण 41 लोगों की मौत हो गई है जबकि नौ अन्य लोग लापता हैं। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस ने गुरुवार रात वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से यह जानकारी दी। प्राधिकरण के मुताबिक बाढ़ से 167 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 52000 से अधिक जलमग्न हो गए हैं, जबकि 13000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें नष्ट हो गई है, लगभग 2100 हेक्टेयर पेड़, 88 हेक्टेयर जलीय कृषि तथा 30,700 से अधिक पशुधन नष्ट हो गए हैं।

# चीन-जापान तनाव से इंडियन सी-फूड की डिमांड बढ़ी

## अमेरिकी टैरिफ झेल रहे एक्सपोर्टर्स के शेयर 10 प्रतिशत तक चढ़े, भारत के लिए नया बाजार राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली।** चीन और जापान के बीच ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव का सीधा फायदा भारत को मिल रहा है। चीन ने बुधवार को जापान से आने वाले सभी सीफूड (जैसे- मछली, झींगा) पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भारतीय सीफूड निर्यातकों के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिला। चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया है।

इसे पूरा करने के लिए वह भारत जैसे देशों की तरफ तेजी से रुख कर रहा है। इसके चलते भारतीय सीफूड कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है। तेलंगाना की अवंती फीड्स के शेयर करीब 10 प्रतिशत तक चढ़ गए। यह कंपनी के शेयर में पिछले दो महीनों में सबसे बड़ी बढ़त है। वहीं एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े। कंपनी ने अप्रैल में कहा था कि वह चीन को निर्यात बढ़ाएगी। चीन और जापान के बीच विवाद की वजह जापानी पीएम साने ताकाइची का एक बयान है। दरअसल ताकाइची ने 7 नवम्बर को कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला बताया। इसके अगले ही दिन



■ चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया
■ एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े

विवाद और बढ़ गया जब जापान में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे।

इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। पीएम साने ताक.इची ने जापानी संसद में 7 नवम्बर को दिए अपने पहले ही संबोधन में ताइवान का समर्थन किया था। भारत के लिए चीन के बाजार का मौका ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारतीय सीफूड पर 50 प्रतिशत तक का टैक्स लगा रखा है। इससे अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सीफूड निर्यात में अक्टूबर में 9 प्रतिशत की गिरावट हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन, वियतनाम और थाईलैंड को भारत का निर्यात बढ़ा है। भारत ने पिछले वित्त वर्ष में 7.4 बिलियन डालर यानी लगभग 61 हजार करोड़ रुपये का सीफूड निर्यात किया था। ज्यादातर निर्यात फ्रोजन श्रिम्प (झींगा) और फ्रोजन फिश का था। अमेरिका अभी भी भारत का सबसे बड़ा सीफूड बाजार है। वालमार्ट और क्रोगर जैसे बड़े अमेरिकी रिटेलर भारतीय उत्पाद खरीदते हैं। 2023-24 में भारत ने 17.81 लाख टन सीफूड दुनिया के बड़े बाजारों अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन और चीन को भेजा था। जापान के लिए चीन के बाजार का बंद होना बड़े झटके जैसा है। जापान अपने कुल सीफूड निर्यात का 20-25 प्रतिशत सीफूड चीन को करता है। चीन जापानी निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि उसके कुल निर्यात में सीफूड का हिस्सा 1 प्रतिशत है। हाल ही में दो साल के अंतराल के बाद जापान ने चीन को सीफूड निर्यात दोबारा शुरू किया था। चीन ने 2023 में जापान से आने वाले सीफूड पर बैन लगा दिया था। एनएचके की रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रतिबंध फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट से समुद्र में छोड़े गए पानी की वजह से लगाया था। नए प्रतिबंध से जापानी कंपनियों को भारी नुकसान की आशंका है। चीन के सरकारी मीडिया का कहना है कि जापान ताइवान मुद्दे में बेवजह दखल दे रहा है और ऐसा करके खुद अपने देश को खतरे में डाल रहा है। एक न्यूज एडिटोरियल में यह भी लिखा गया कि अगर जापान की सेना ने इस मामले में दखल दिया तो पूरे क्षेत्र को नुकसान झेलना पड़ेगा। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि जापान और अमेरिका ताइवान को स्वतंत्र देश की तरह मान्यता तो नहीं देते, लेकिन अमेरिका उसकी सुरक्षा में मदद करता है और उस पर किसी भी जबरन कब्जे का विरोध करता है। ताइवान जापान से सिर्फ 110 किलोमीटर दूर है। ताइवान के आसपास का समुद्री क्षेत्र जापान के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह उसका एक महत्त्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग है।

## ऊर्जा सुरक्षा के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

**इलरू।** छोटे द्वीपीय विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सौर ऊर्जा को परिवर्तन और सामाजिक क्रांति का एक उपकरण बताया। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) एसआईडीएस के उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में बोलते हुए यादव ने आईएसए के जरिये द्वीपीय देशों को भारत के समर्थन की पुष्टि की और स्वच्छ ऊर्जा में देश के तेज विस्तार के संकेत दिए। संयुक्त राष्ट्र कॉप-30 के दौरान उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में छोटे द्वीपीय विकासशील राज्य (एसआईडीएस) और आईएसए के सदस्य देशों के मंत्री तथा वरिष्ठ प्रतिनिधि एक साथ दिखे। यादव ने कहा, एसआईडीएस आयातित जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता, जलवायु संबंधी बाधाओं और नाजुक बुनियादी ढांचे के कारण अद्वितीय कमजोरियों का सामना करते हैं। उन्होंने सस्ती, स्वच्छ और लचीली ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। भारत के मुताबिक, साझा क्रेडिटिंग तंत्र (जेसीएम) वैश्विक स्तर पर न्यायसंगत एवं व्यापक जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने का अहम साधन बनकर उभरा है।

## जॉनसन की लापरवाही से कोविड में 23 हजार मौतें ज्यादा हुई

**लंदन।** ब्रिटेन की कोविड जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की देर से लिए गए फैसलों की वजह से देश में 23000 अतिरिक्त मौतें हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक जानसन शुरू में वायरस की गंभीरता को समझ ही नहीं पाए और लाकडाउन लगाने में देरी करते रहे। रिपोर्ट की चेयरपर्सन, पूर्व जज हीथर हैलेट ने कहा कि महामारी के दौरान सरकार में टाक्सिक और अराजक माहौल था। जानसन लगातार फैसले बदलते थे और कई अहम सुझाव नजरअंदाज किए गए। जांच में यह भी पाया गया कि अगर ब्रिटेन ने एक हफ्ता पहले यानी 16 मार्च 2020 को लाकडाउन लगाया होता, तो पहली लहर में मौतों की संख्या 48 प्रतिशत कम हो सकती थी। कोविड काल में जानसन सरकार पर कई आरोप लगे, जिनमें डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टियां करने और लाकडाउन नियम तोड़ने के मामले भी शामिल थे। इसी दौरान स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकाक और मुख्य सलाहकार डामिनिक कमींग्स के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे। रिपोर्ट में भविष्य की महामारी से निपटने के लिए 19 सिफारिशें भी दी गई हैं।

# मोदी जी-20 में शामिल होने साउथ अफ्रीका पहुंचे

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं होंगे, राजदूत भेजेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शुक्रवार को 3 दिन के दौरे पर साउथ अफ्रीका पहुंचे। वे जोहान्सबर्ग में होने वाले जी-20 देशों के 20वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बार की जी-20 मीटिंग साउथ अफ्रीका की मेजबानी में हो रही है। पीएम मोदी 21 से 23 नवम्बर तक साउथ अफ्रीका में रहेंगे।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री तीन मुख्य सेशंस में बोलेंगे। समिट के दौरान पीएम मोदी कई देशों के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात भी करेंगे। इसके अलावा वे इंडिया-ब्राजील-साउथ अफ्रीका (आईबीएसए) देशों की बैठक में भी शामिल होंगे। यह मोदी की दक्षिण अफ्रीका की चौथी आधिकारिक यात्रा है। इससे



■ पहले बायकाट का ऐलान किया था

पहले 2016 में द्विपक्षीय यात्रा और उसके बाद 2018 और 2023 में दो ब्रिक्स शिखर सम्मेलनों के लिए मोदी गए थे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जी-20 समिट में भाग नहीं ले रहे हैं। एक दिन पहले ट्रम्प ने अपने रुख में बदलाव करते हुए साउथ अफ्रीका में अपने कार्यवाहक राजदूत मार्क डी. डिलार्ड को भेजने का ऐलान किया है। रवाना होने से पहले मोदी ने स्टेटमेंट जारी कर कहा-मैं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में हो रहे 20वें जी-20 समिट में भाग लेने के लिए 21-23 नवम्बर तक की यात्रा पर जा रहा हूं। यह यात्रा दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर हो रही है। मोदी ने आगे बताया कि, यह समिट खास होगा क्योंकि यह अफ्रीका में आयोजित होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन होगा। 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, अफ्रीकी यूनियन जी-20 का सदस्य बन चुका था। मोदी ने कहा-यह शिखर सम्मेलन प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का एक अवसर होगा।

# 27वें संशोधन के खिलाफ हाईकोर्ट के चार जज

## पाकः आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां देने वाले कानून को चुनौती देने की इजाजत नहीं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां प्रदान करने वाले संविधान के 27वें संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट के बाद देश की हाईकोर्ट के जजों ने भी आपत्ति जताई है। बताया गया है कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चार जज शहबाज शरीफ सरकार की तरफ से लाए गए 27वें संविधान संशोधन को चुनौती देना चाहते थे, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ही इन जजों को इजाजत नहीं दी और इन सभी को हाल ही में बनाए गए संघीय संविधान अदालत (एफसीसी) जाने के निर्देश दिए।

पाकिस्तान में एक हफ्ते पहले ही संविधान के 27वें संशोधन को अंजाम दिया गया। संसद के दोनों सदनों में इसे मंजूरी मिलने के बाद अब देश में 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' के नए पद के सृजन हुआ है। इसके अलावा फील्ड मार्शल को आजीवन पद पर बने रहने देने की शक्तियां मिल गई हैं। दूसरी तरफ सांविधानिक अदालत की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। इस



कानून के अस्तित्व में आने के बाद से फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की शक्तियों में इजाफा हो गया है व अब आजीवन फील्ड मार्शल बने रहेंगे। यहां तक कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रक्षा मामलों में सरकार के सलाहकार के तौर पर भूमिका निभाते रहेंगे और उन्हें किसी भी मामले में संरक्षण (इम्युनिटी) दी गई है। पाकिस्तान के अखबार द डॉन की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार एजाज इशाक खान और जस्टिस समन रिफत इम्तियाज ने संविधान के अनुच्छेद 184(3) के तहत अपनी आपत्तियां सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को भेजी थीं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि जिस अनुच्छेद 184(3) के तहत सर्वोच्च न्यायालय पहले मौलिक अधिकारों को लागू कराने की जिम्मेदारी लेता था, उससे अब वह शक्तियां ही छीन ली गई हैं। द डॉन के सूत्रों के मुताबिक, यह सभी जज सुप्रीम कोर्ट के सामने निजी तौर पर याचिका के साथ पेश नहीं हुए थे। न ही इनमें से किसी ने भी अपना बायोमेट्रिक सत्यापन कराया था। हालांकि, वे संविधान के 27वें संशोधन को लेकर लंबे समय से चिंता जताते आ रहे थे और इसे पहले से तय न्यायिक स्वतंत्रता की प्रणाली को तोड़ने की बढ़ी हुई कोशिशें करार दे रहे थे। इन जजों का आरोप था कि संविधान के 26वें संशोधन से ही न्यायपालिका की स्वतंत्रता को छीनने की कोशिश की जा रही थी।

# यूक्रेन जंग रोकने ट्रम्प का 28 पॉइंट का प्रपोजल आया

## जेलेंस्की को अपनी जमीन छोड़नी होगी, सेना भी घटानी होगी, बदले में मिलेगी सुरक्षा गारंटी

**कीव/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए 28-सूत्रीय शांति फ्रेमवर्क तैयार किया है। यह फ्रेमवर्क अमेरिकी सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के यूक्रेन यात्रा के दौरान सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार , इसमें यूक्रेनी सुरक्षा गारंटियों का जिक्र है, लेकिन साथ ही यूक्रेन से जमीन छोड़ने, सेना की संख्या कम करने और नाटो को यूक्रेन में सैनिक भेजने से रोकने की भी मांग की गई है।

अमेरिका ने अभी तक इसकी आधिका.रिक घोषणा नहीं की है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानक.ारी होने से इनकार किया है। वहीं, जेलेंस्की ने इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती सहमति जताई है। हालांकि, कई अमेरिकी समाचार आउटलेट्स ने सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी डिजिटल समाचार आउटलेट एक्सियोस और ब्रिटेन के फाइनेंशियल टाइम्स



■ रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानकारी होने से इन्कार किया

ने बुधवार को सबसे पहले इस योजना के बारे में बताया। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 17 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में बंद कमरे में मुलाकात की थी। ट्रम्प प्रशासन ने साफ किया है कि, दोनों पक्षों को समझौते करने होंगे। 'पीबीएस न्यूज आवर' मीडिया को मिले 28-सूत्रीय योजना के मुता.बिक इस फ्रेमवर्क में न केवल यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी शामिल है, बल्कि रूस की लंबे समय से चली आ रही मांगे भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि, यूक्रेन को अपनी सेना का आकार सीमित करना होगा। नाटो को यूक्रेन में कोई भी सैनिक भेजने की अनुमति नहीं होगी। यूक्रेन को डोनेट्स्क क्षेत्र का वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसका अभी भी नियंत्रण है और जिस पर रूस 11 साल के ब के बावजूद कब्जा नहीं कर पाया है। उस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी जाएगी। इससे रूस को पूरे डोनबास इलाके पर नियंत्रण मिल जाएगा। इसके बाद अमेरिका डोनबास, क्रीमिया और जापोरिज्जिया और खेरसॉन के कब्जे वाले हिस्सों को वास्तविक रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता देगा। इसके अलावा, नाटो भविष्य में यूक्रेन को शामिल नहीं करेगा। अमेरिका रूस पर लगे प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से और हर मामले के आधार पर हटाएगा। प्लान के मुताबिक दोनों पक्षों को उनका हरकतों के लिए माफी दी जाएगी।

## ईरान के खिलाफ नए अमेरिकी प्रतिबंधों का ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ईरान के अवैध पेट्रोलियम, शिपिंग और विमानन नेटवर्क को ध्वस्त करना है, जो देश की सेना और क्षेत्रीय छद्म ताकतों को धन मुहैया कराते हैं। विदेश एवं वित्त विभागों ने एक समन्वित कार्रवाई में, भारत, पनामा, संयुक्त अरब अमीरात, सेशेल्स और जर्मनी सहित कई देशों की दर्जनों कंपनियों, व्यक्तियों, जहाजों और विमानों पर प्रतिबंध लगाया, जिन पर कथित रूप से तेहरान को प्रतिबंधित तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को ले जाने और बेचने में मदद करने का आरोप है। विदेश विभाग ने कहा कि उसने 17 संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है जबकि वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने 41 अतिरिक्त लक्ष्यों पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे ईरानी राजस्व स्रोतों को रोकने वाले अमेरिका के अभियान में तेजी आई है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य ईरानी शासन के परमाणु हथियारों के विकास और आतंकवादी संगठनों को समर्थन के लिए वित्त पोषण को रोकना है।

